* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

30 जुलाई, 2023
सावन, शुक्ल पक्ष, द्वादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 280

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


वाराणसी में ताजिया जुलूस को लेकर शिया-सुन्नी समुदाय में भिड़ंत, 40 से अधिक घायल








## सीएम हेमंत ने दी मंजूरी, जमशेदपुर में स्थापित होगा हाइड्रोजन ईंधन उद्योग

■ देश में अपनी तरह का पहला उद्योग होगा ■ 354.28 करोड़ रुपये का होगा निवेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जमशेदपुर में हाइड्रोजन ईंधन से जुड़े देश के पहले उद्योग की स्थापना की स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री की इस पहल के बाद अब देश में पेट्रोल, डीजल और बैटरी साथ जल्द हाइड्रोजन ईंधन से भी वाहन चलेंगे। इसको लेकर मुख्यमंत्री ने टाटा मोटर्स और अमेरिका की क्यूमिंस आइएनसी के संयुक्त उपक्रम टीपीसीएल ग्रीन एनर्जी सोल्यूशन द्वारा जमशेदपुर में हाइड्रोजन इंटरनल कंबशन इंजन, फ्यूल-एगनोस्टिक इंजन, एडवांस केमेस्ट्री बैट्री, एच2 फ्यूल सेल और एच2 फ्यूल डिलेवरी सिस्टम के निर्माण और उत्पादन के लिए इकाई की स्थापना की मंजूरी दी। यह मंजूरी सिंगल विंडो क्लीयरेंस कमेटी और हाइ पावर कमेटी की स्वीकृति की प्रत्याशा में दी गयी है। निवेश के प्रस्ताव पर टीपीसीएल के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर की सहमति के बाद जमशेदपुर में



हाइड्रोजन ईंधन से जुड़े देश के पहले उद्योग के स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा। इस कार्य में हाइड्रोजन ईंधन बनने की नवीनतम तकनीक का उपयोग किया जायेगा, जिसका लाभ आने वाले समय में पूरे देश को होगा।

### इकाई का वर्गीकरण मेगा श्रेणी में किया गया

झारखंड औद्योगिक एवं निवेश प्रोत्साहन नीति 2021 के वर्गीकृत सेक्टरवाइज मेगा प्रोजेक्ट के अनुसार उपर्युक्त परियोजना निर्माण से संबंध रखती है। इकाई से प्राप्त निवेश तथा प्रत्यक्ष नियोजन के आधार पर इकाई का वर्गीकरण मेगा श्रेणी के अंतर्गत किया गया है। इस इकाई की प्रस्तावित क्षमता चार हजार से अधिक हाइड्रोजन आइसी इंजन/ फ्यूल एग्नोस्टिक इंजन और 10 हजार से अधिक बैट्री सिस्टम है। इसके लिए प्रस्तावित निवेश 354.28 करोड़ रुपये है। एक अनुमान के अनुसार इकाई 310 से अधिक प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष लोगों का नियोजन सुनिश्चित हो सकेगा।

### हाइड्रोजन ईंधन के फायदे

हाइड्रोजन ऐसा ईंधन है, जिसकी क्षमता अन्य ईंधनों के अपेक्षा अधिक होती है। इसका ऊर्जा स्तर अधिक होता है। यह सस्ता और हल्का होता है। ऐसे में पेट्रोल और डीजल के बीच इसे एक बेहतर विकल्प माना जा सकता है। हाइड्रोजन ईंधन से प्रदूषण को काफी हद तक नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। भारतीय बाजार और विश्व स्तर पर हाइड्रोजन ईंधन की जरूरतों को पूरा करने के लिए चार हजार से अधिक हाइड्रोजन आईसी इंजन/ईंधन एग्नोस्टिक इंजन और 10 हजार से अधिक बैटरी सिस्टम की उत्पादन क्षमता के निर्माण आवश्यक जरूरतों की आपूर्ति और नयी सहायक इकाइयों की स्थापना के लिए स्थानीय औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देगा।

11 हजार वोल्ट की चपेट में आया ताजिया

## मुहर्रम पर पेटरवार में हादसा चार लोगों की मौत, 13 घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**पेटरवार।** मुहर्रम के दौरान शनिवार को झारखंड के बोकारो में बड़ा हादसा हुआ। बोकारो जिला के पेटरवार थाना क्षेत्र के खेतको में मोहर्रम का ताजिया 11 हजार वोल्ट वाले हाइ टेंशन तार की चपेट में आ गया। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गयी। वहीं, 13 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। ये सभी लोग ताजिया को इमाम बाड़ा ले कर जा रहे थे। घायलों को बोकारो डीवीसी अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद बीजीएच अस्पताल रेफर कर दिया गया। सात लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने घटना पर दुख व्यक्त किया है।

जानकारी के अनुसार घटना सुबह साढ़े पांच बजे की है। क्षेत्र के लोग ताजिया को इमाम बाड़ा लेकर जा रहे थे। ग्रामीणों और घायलों के परिजनों ने आरोप लगाया है कि पर्व को देखते हुए भी विद्युत आपूर्ति बंद नहीं की गयी थी। ताजिया ले जाने के क्रम में 11 हजार वोल्ट वाले हाइटेंशन तार से करेंट की चपेट में लोग आ गये। उन्होंने यह भी कहा कि घायलों के ले जाने के लिए अस्पताल के पास पर्याप्त एंबुलेंस नहीं था। परिजन और थाना के वाहन से घायलों को अस्पताल भेजा गया। मृतकों में आसिफ रजा (21 वर्ष), एनामुल रब (35 वर्ष), गुलाम हुसैन (18 वर्ष) और साजिद अंसारी (18 वर्ष) शामिल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



### मुख्यमंत्री ने हादसे पर जताया शोक



हादसे को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ट्वीट किया है। उन्होंने लिखा कि , बोकारो जिले के खेतको में मुहर्रम जुलूस के दौरान दुर्घटना से चार लोगों की मृत्यु और 13 लोगों के घायल होने का दु:खद समाचार मिला। परमात्मा दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुख सहन करने की शक्ति दे। जिला प्रशासन की देखरेख में घायलों का इलाज चल रहा है। सभी घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

## खलारी में ब्लैकमेल से परेशान होकर आदिवासी महिला ने कर ली खुदकुशी

- पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार
- दुष्कर्म का वीडियो कर वायरल करने की दे रहा था धमकी

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** खलारी में एक आदिवासी महिला ने शनिवार सुबह अपने घर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। महिला का नाम उर्मिला तिर्की (22) था। उसके देवर आरोप है कि एक निजी ड्राइवर इरशाद ने दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बना लिया था। इसके बाद उसे ब्लैकमेल कर रहा था। वह फोटो वायरल करने की भी धमकी दे रहा था। इसी दबाव में आकर उसकी भाभी ने आत्महत्या की है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक आत्महत्या करने वाली महिला का पति बेंगलुरु काम करता है। उसका नाम मनीष तिर्की है। महिला के तीन बच्चे हैं। महिला आसपास दिहाड़ी मजदूरी करती थी। वहीं उसका देवर अमित तिर्की निजी ड्राइवर का काम करता है। देवर ने बताया कि ढाई महीने पहले भाभी को कुत्ता ने काट लिया था। आरोपी युवक भाभी को लेकर बुड़मू अस्पताल वैक्सीन लगवाने ले गया था। इसी दौरान दुष्कर्म कर उसका अश्लील वीडियो बनाया। इसके बाद से आरोपी के द्वारा लगातार वीडियो वायरल करने की धमकी देकर प्रताड़ित किया जा रहा था।

भाभी ने शुक्रवार रात को फोन कर इसकी जानकारी दी। शनिवार सुबह आरोपी को बुलाकर पूछताछ की जा रही थी। इसी दौरान भाभी ने घर के अंदर फांसी लगा ली। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

उधर, घटना के बाद क्षेत्र के लोग आक्रोशित हैं। इस बीच आदिवासी समाज के लोगों और हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने डकरा-खलारी घूमकर दुकान बंद कराया। इसी दौरान शहीद चौक खलारी के निकट सोनू मोटर नामक दुकान में झड़प भी हो गयी, जिसमें दोनों पक्षों के दो लोग घायल हो गये। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया। क्षेत्र में तनाव जैसी स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है।

## विपक्ष के 21 सांसदों ने मणिपुर में हिंसा पीड़ितों से मुलाकात की

- वायरल वीडियो मामले में सीबीआइ ने एफआइआर दर्ज की

आजाद सिपाही संवाददाता

**इंफाल।** विपक्षी गठबंधन के 21 सांसदों का प्रतिनिधिमंडल शनिवार को मणिपुर पहुंचा। इसके बाद सांसदों का दल चूराचांदपुर पहुंचा। यहां उन्होंने रिलीफ कैंप में हिंसा पीड़ितों से मुलाकात की। ये सांसद रविवार को भी यहां रहेंगे और जमीनी स्थिति का आकलन करेंगे। राज्य में तीन महीनों से जारी हिंसा और यहां के लोगों की समस्याओं के समाधान को लेकर सरकार और संसद को अपनी राय भी देंगे। इस बीच, मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने के मामले में सीबीआइ ने शनिवार को एफआइआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी। उधर, मणिपुर की राजधानी इंफाल में मैतेई समुदाय की महिलाओं ने प्रदर्शन किया। उन्होंने शांति की अपील की और कहा कि कुकी समुदाय के लिए प्रशासन अलग से कोई नियम ना बनाये।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नयी टीम बनायी

## रघुवर दास उपाध्यक्ष और आशा लकड़ा सचिव

- 38 नामों में बीएल संतोष, वसुंधरा और रमन भी शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/रांची।** पांच राज्यों में इसी साल होने वाले विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को अपनी नयी टीम का ऐलान किया। केंद्रीय पदाधिकारियों की नयी टीम की लिस्ट में कुल 38 नाम हैं। इसमें नये और पुराने चेहरों का समन्वय बैठाया गया है। झारखंड से दो नेताओं को इस बार भी केंद्रीय टीम में जगह दी गयी है। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और मेयर आशा लकड़ा को दोबारा राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी दी गयी है।

### नयी टीम में 13 राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

नयी टीम में 13 राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, 13 राष्ट्रीय सचिव और आठ राष्ट्रीय महामंत्री भी बनाये गये हैं।



नयी टीम में बीएल संतोष राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बने रहेंगे। शिवप्रकाश को राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री की जिम्मेदारी दी गयी है। राजेश अग्रवाल को कोषाध्यक्ष और नरेश बंसल को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया है। रघुवार दास के अलावा डॉ. रमन सिंह और वसुंधरा राजे सिंधिया को भी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। मध्य प्रदेश से सौदान सिंह को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और कैलाश विजयवर्गीय को राष्ट्रीय महामंत्री का पद दिया गया है। कांग्रेस से आये अनिल एंटनी को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। अनिल कांग्रेस नेता एके एंटनी के बेटे हैं।



### रघुवर दास को तीसरी बार मिली जिम्मेदारी

बतौर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को तीसरी बार जिम्मेदारी दी गयी है। 26 सितंबर 2020 को उन्हें दूसरी बार यह जिम्मेदारी सौंपी गयी थी। इससे पहले 16 अगस्त 2014 से 25 दिसंबर 2014 तक वह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष थे। मुख्यमंत्री बनने के बाद वह इस पद से हट गये थे। रघुवर दास छात्र जीवन से ही सक्रिय राजनीति में आ गये थे, लेकिन भाजपा में उनका सफर सीतारामडेरा मंडल अध्यक्ष से शुरू हुआ था। इसके बाद जमशेदपुर महानगर भाजपा में जिला महामंत्री और उपाध्यक्ष बने, तो दो बार प्रदेश अध्यक्ष रहे। पहली बार जुलाई 2004 से मई 2005 और दूसरी बार 19 जनवरी, 2009 से 25 सितंबर, 2010 तक प्रदेश अध्यक्ष रहे।

### विद्यार्थी परिषद से आशा लकड़ा का राजनीतिक जीवन हुआ शुरू

रांची नगर निगम की मेयर आशा लकड़ा को दूसरी बार राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। दो साल पहले भी उन्हें जिम्मेदारी दी गयी। लकड़ा ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से की। पूर्णकालिक कार्यकर्ता के रूप में काम करते हुए वह परिषद की राष्ट्रीय सचिव भी रहीं। बाद में भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री बनीं। उसके बाद झारखंड में प्रदेश भाजपा की मंत्री भी बनीं। वह दो बार से रांची की मेयर रहीं।

### न्यूज रील्स

#### हरियाणवी महिलाएं बोलीं, राहुल गांधी की शादी करा दो

नयी दिल्ली। हरियाणा के सोनीपत गये राहुल गांधी के बुलावे पर वहां की महिलाएं सोनिया गांधी के घर खाने पर पहुंचीं। लंच पर सोनिया के साथ राहुल-प्रियंका भी मौजूद रहे। महिलाओं ने सोनिया गांधी से राहुल गांधी की शादी को लेकर सवाल किये। इस पर सोनिया गांधी ने कहा कि आप लड़की ढूंढो न। राहुल गांधी ने भी अपनी शादी को लेकर कहा कि हो जायेगी। इसके बाद महिलाओं ने प्रियंका गांधी के साथ बचपन की बातें भी पूछीं।

#### तमिलनाडु की पटाखा यूनिट में धमाका, आठ मरे

कृष्णागिरी। तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले में शनिवार को पटाखा बनाने की यूनिट में धमाका हो गया। इसमें तीन महिलाओं सहित आठ लोगों की मौत हो गयी। जिले के पझायापेट्टई में सुबह 10 बजे यह हादसा हुआ। दो महिला मजदूर पटाखा बनाने में इस्तेमाल होने वाले बारूद को उठाकर ले जा रही थीं। तभी उसमें धमाका हो गया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मारे गये लोगों के परिजन के लिए तीन-तीन लाख रुपये, गंभीर घायलों के लिए एक-एक लाख रुपये और मामूली घायलों के लिए 50-50 हजार रुपये मदद का ऐलान किया है।

#### मुंबई के चाबड़ हाउस पर आतंकी हमले का खतरा

मुंबई। मुंबई के चाबड़ हाउस पर एक बार फिर आतंकी हमले का खतरा मंडरा रहा है। पुणे से गिरफ्तार किये गये दो आतंकवादियों के पास से इसकी गूगल फोटो मिले हैं। दोनों राजस्थान में आतंकी हमले की प्लानिंग कर रहे थे। इसके बाद कोलाबा स्थित इस यहूदी सामुदायिक केंद्र की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है।

#### मॉब लिंचिंग की सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट सहमत

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गौहत्या के नाम पर मुस्लिमों की मॉब लिंचिंग (भीड़ द्वारा पिटाई) के मामले में सुनवाई के लिए सहमति जतायी है। यह याचिका नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन विमेन ने दायर की थी। इस मामले में कोर्ट ने केंद्र सरकार सहित छह राज्यों के डीजीपी को नोटिस जारी किया है। इसमें बिहार, उड़ीसा, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश शामिल हैं।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 30 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in


# पेसा नियम को सार्वजनिक कर हेमंत सरकार ने उठाया बड़ा कदम

## ▪ जल-जंगल-जमीन के बने इस नियम से बदलेगी ग्राम सभाओं की तस्वीर

## ▪ झारखंड में इस नियम को लागू करने का मिल सकता है सियासी फायदा

**आजाद सिपाही विशेष**

झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने आखिरकार पेसा नियमों का प्रारूप सार्वजनिक कर दिया है, जिससे अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभाओं की तस्वीर बदल जायेगी। राज्य सरकार के पंचायती राज विभाग ने पंचायत एक्सटेंशन टू शेड्यूल्ड एरिया (पेसा) नियम का प्रारूप जारी कर लोगों से इस पर राय मांगी है। दरअसल यह मुद्दा हेमंत सरकार के लिए एक चुनौती बना हुआ था। विपक्ष के चौतरफा दबाव, हाइकोर्ट के सवालों और केंद्र सरकार द्वारा पेसा नियम नहीं होने के कारण केंद्रीय अनुदान रोकने की चेतावनी के बीच हेमंत सरकार ने जिस तरह से इस नियम को सार्वजनिक किया है, वह वास्तव में एक बड़ा कदम कहा जा सकता है। पेसा नियम का जो प्रारूप सार्वजनिक किया गया है, उसमें अनुसूचित क्षेत्रों की ग्राम सभाओं का स्वरूप तो बदलेगा ही, आदिवासियों के स्वशासन के अधिकार की पुरानी मांग भी एक हद तक पूरी हो जायेगी। इसके साथ ही इसका सबसे बड़ा लाभ सियासी मोर्चे पर होगा, क्योंकि स्थानीय नीति, नियोजन नीति और 1932 के मुद्दे पर जिस तरह अदालती विवाद पैदा हुआ, उससे हेमंत सोरेन पर हमले तेज हो गये थे। लेकिन पेसा नियमों को सार्वजनिक कर हेमंत सोरेन ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि झारखंड के आदिवासी हितों के सबसे बड़े हितैषी वही हैं। सरना धर्म कोड और 1932 के बाद यह तीसरा मुद्दा था, जो आदिवासियों की भावनाओं से जुड़ा हुआ था, लेकिन चुनाव से डेढ़ साल पहले इस पर कदम बढ़ा कर हेमंत सरकार ने बड़ी बढ़त कायम कर ली है। क्या है पेसा नियम और क्या होगा इसका लाभ, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

झारखंड के जनजातीय समाज का दो दशकों का इंतजार आखिर 26 जुलाई को खत्म हो गया, जब झारखंड के पंचायती राज विभाग ने राज्य के लिए पेसा नियम को गजट अधिसूचना निकाल कर सार्वजनिक किया और आम लोगों से इस पर राय मांगी। झारखंड हमेशा से ही अपनी खनिज संपदा के लिए जाना जाता रहा है। छोटानागपुर की पहाड़ियां आकाश से जितनी शांत नजर आती हैं, अंदर से ये उतनी ही उथल-पुथल भरी हैं। राज्य को अस्तित्व में आये करीब 23 साल हो चुके हैं और तब से सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक तौर पर झारखंड अशांत ही रहा है। अनुसूचित क्षेत्रों के लिए पेसा कानून को बने 25 साल से ज्यादा हो चुके हैं। इस कानून के तहत 10 राज्यों को पेसा नियम बनाना था, लेकिन झारखंड समेत तीन राज्य इसमें पिछड़े हुए थे। अब छत्तीसगढ़ और ओड़िशा ही ऐसे राज्य बचे हैं, जहां पेसा नियम नहीं बना है। मध्यप्रदेश में पिछले साल 15 नवंबर को नियमावली का विमोचन किया गया था। लेकिन सवाल यह है कि पेसा नियमों की बात अभी क्यों हो रही है।

### क्या है पेसा नियम

ग्रामीण इलाकों में स्वशासन को बढ़ावा देने के लिए 1992 में 73वां संविधान संशोधन लाया गया था। इस संशोधन के जरिये त्रि-स्तरीय पंचायती राज संस्था को कानूनी रूप मिला, लेकिन अनुसूचित और जनजातीय इलाकों के लिए इसमें कोई प्रावधान नहीं था। इसके लिए 1995 में भूरिया कमेटी ने सिफारिशें दीं और 1996 में पंचायत एक्सटेंशन टू शेड्यूल्ड एरिया (पेसा) कानून आया, जो अनुसूचित क्षेत्र को स्वशासन की शक्तियां देता है। देश भर में झारखंड समेत 10 राज्यों को इनसे संबंधित नियम बनाने को कहा गया था। पांचवीं और छठी अनुसूची में शामिल राज्यों को 1997 से पहले पेसा कानून के नियम बनाने थे, लेकिन झारखंड और छत्तीसगढ़ का गठन साल 2000 में हुआ। हालांकि आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात में पेसा नियम बने हुए हैं और तेलंगाना आंध्र प्रदेश के ही नियमों का पालन कर रहा है।

### क्या है पेसा नियम के प्रारूप में

झारखंड सरकार द्वारा जारी मौजूदा प्रारूप में पंचायतों के संचालन के बारे में विस्तार से नियम बताये गये हैं और इस नियमावली का नाम 'झारखंड पंचायत उपबंध अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार नियमावली 2022' रखा गया है। झारखंड के 24 में से 13 जिले पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत आते हैं और पेसा कानून अनुसूचित क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासियों को खुद के तौर-तरीकों से शासन व्यवस्था का अधिकार देता है, जिसे संविधान भी मान्यता देता है।

प्रारूप में ग्राम सभा को पारिवारिक मामलों, भारतीय दंड विधान यानी आइपीसी के तहत आने वाले कुछ मसलों और कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों की सुनवाई का अधिकार दिया गया है। साथ ही प्रारूप में मुख्य तौर पर सामुदायिक संसाधनों के प्रबंधन, परंपराओं का संरक्षण और विवादों के निपटारे, विकास योजनाओं, भू-अर्जन और पुनर्स्थापन, लघु जल निकायों का प्रबंधन, लघु खनिज, मादक द्रव्यों का नियंत्रण, लघु वन उपज और बाजारों के प्रबंधन से जुड़े अधिकारों को विस्तार से बताया गया है।



### सियासी मुद्दा बना रहा पेसा नियम

पेसा नियम लंबे समय से झारखंड में राजनीति का भी मुद्दा बना रहा है और आदिवासी भी कई बार नियमों की मांग को लेकर सड़क पर उतर चुके हैं। मार्च 2023 में हेमंत सोरेन सरकार ने झारखंड विधानसभा में कहा था कि पेसा कानून को लेकर नियमावली जल्द ही जारी की जायेगी। भाजपा लगातार सोरेन सरकार को इस मुद्दे पर घेरती रही है। झारखंड को बिहार से अलग हुए 23 साल बीत चुके हैं और अब तक यहां पेसा को लागू करने के नियम तय नहीं हो पाये थे। इसे लेकर कई बार केंद्र सरकार की तरफ से भी फटकार लगायी गयी। इस साल जून में केंद्र सरकार के पंचायती राज विभाग ने झारखंड सरकार को स्मार पत्र भेजकर नाराजगी जाहिर की थी और कहा था कि अगर नियम नहीं बनाये गये, तो केंद्र आर्थिक सहयोग रोक सकता है। केंद्र ने ऐसा इसलिए कहा था, क्योंकि पेसा कानून के तहत लागू प्रावधानों को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार आर्थिक सहयोग करती है और इसके लिए राज्यों के लिए नियम बनाने जरूरी हैं। साल 2011 की जनगणना के अनुसार देश में कुल 8.6 प्रतिशत आदिवासी आबादी है और सात सौ से ज्यादा जनजातीय समूह हैं। झारखंड में कुल 32 जनजातियां हैं, जिनमें हो, खड़िया, मुंडा, उरांव और संथाल प्रमुख हैं।

### नियमावली में क्या-क्या है

देश का आदिवासी समाज पारंपरिक कानूनों से चलता है, जो सदियों से उनकी परंपरा और संस्कृति के केंद्र में रहा है। प्रारूप में कहा गया है कि ग्राम सभा विवादों का समाधान पारंपरिक रीति-रिवाजों और प्रथागत कानून के अनुसार करेगा। आदिवासी समाज में न्याय की भी हमेशा से अलग व्यवस्था रही है। झारखंड में इन न्यायिक व्यवस्था को मुंडा-मानकी, पड़हा, मांझी-परगनैत, डोकलो-सोहोर के नाम से जाना जाता है।

प्रारूप में कहा गया है कि शांति व्यवस्था के लिए ग्राम रक्षा समिति होगी, जिसमें प्रभावशाली व्यक्ति होंगे, जिसने कोई अपराध न किया हो। जान-माल की सुरक्षा करना, अंधविश्वास, जादू-टोना, डायन बिसाही, ओझा की संभावित घटनाओं को रोकने के लिए अभियान चलाने की जिम्मेदारी ग्राम रक्षा समिति की होगी। साथ ही ग्राम सभा शिक्षा, न्याय, कृषि, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना समेत आठ विषयों पर स्थायी समिति का गठन कर सकती है। ग्राम सभा की बैठक में आम सहमति से ही समिति का गठन किया जा सकता है। इन समितियों में 50 प्रतिशत महिलाएं और 40 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति के सदस्य का होना अनिवार्य होगा।

### विवादों की सुनवाई से जुड़े कौन से अधिकार होंगे ग्राम सभा के पास

आदिवासी समाज के भीतर मामलों की सुनवाई ग्राम सभा के जरिये होती है। प्रारूप में सुनवाई से जुड़े नियम कहते हैं कि ग्राम सभा में लिखित, मौखिक और फोन के जरिये शिकायत की जा सकती है और आठ दिन के अंदर सुनवाई की तारीख निर्धारित करनी होगी। साथ ही विवाद पर सुनवाई सार्वजनिक स्थान पर प्रथागत कानूनों के अंतर्गत करनी होगी। अपराध के गंभीर मामलों में ग्राम सभा को पास के थाना प्रभारी को तुरंत सूचनी देनी होगी। हालांकि आइपीसी के कुछ मामलों, जैसे कि धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना, अश्लील कार्य, चोरी, छल, मानहानि समेत 36 मामलों में ग्राम सभा को सुनवाई करने का जुर्माना लगाने का अधिकार दिया गया है। प्रारूप में कहा गया है कि ग्राम सभा को जेल भेजने का अधिकार नहीं होगा, बल्कि वह पांच हजार रुपये तक का अधिकतम दंड दे सकती है।

### विकास योजनाओं के मामले में क्या होंगे ग्राम सभा के अधिकार

आदिवासियों को हमेशा से चिंता रही है कि उनकी जमीन पर गैर-कानूनी ढंग से कब्जा किया जाता रहा है। छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम और संथाल परगना काश्तकारी अधिनियम के तहत आदिवासियों से गलत ढंग से ली गयी जमीन वापसी का भी प्रावधान मिला है। प्रारूप में कहा गया है कि यदि कोई ग्राम सभा अपने अधिकार क्षेत्र में यह पाती है कि अनुसूचित जनजाति के किसी सदस्य से किसी अन्य व्यक्ति ने जमीन गैर-कानूनी ढंग से या उसकी नासमझी का फायदा उठाकर अपने कब्जे में कर ली है, तो उसे वापस कराने का जिम्मा ग्राम सभा का होगा। प्रारूप के अनुसार गांव की योजनाओं और परियोजनाओं को लागू करने के लिए ग्राम सभा से मंजूरी लेनी होगी। जल-जंगल-जमीन का मुद्दा हमेशा से आदिवासियों के केंद्र में रहा है। प्रारूप में छोटे जल निकायों को लेकर भी ग्राम सभा को अधिकार दिये गये हैं। इसमें कहा गया है कि जल स्त्रोतों का प्रबंधन और उपयोग इस तरह हो कि सभी ग्रामीणों का इस पर बराबर अधिकार हो। साथ ही स्थानीय परंपराओं को ध्यान में रखते हुए तालाब, पोखर में मछली पकड़ने का समान अधिकार होगा और प्राकृतिक जल संसाधनों पर बंदोबस्ती नहीं होगी। लोगों की राय जानने के लिए जारी किये गये नियमों में कहा गया है कि ग्राम सभा मिट्टी, पत्थर, बालू जैसे लघु खनिजों के उपयोग के लिए खुद निर्णय ले सकती है और खनिजों के उपयोग के लिए ग्राम सभा की मंजूरी जरूरी होगी। इसके अलावा नियमों के अनुसार अनुसूचित जनजाति के लोग महुआ, डियंग का सामाजिक और आर्थिक समारोहों में इस्तेमाल कर सकते हैं और इसके भंडारण की अधिकतम सीमा ग्राम सभा द्वारा तय की जायेगी। इन नियमों को लागू करने में अगर कोई दिक्कत आती है, तो नियमावली में कहा गया है कि राज्य सरकार के पास अधिकार होगा कि वग कठिनाई को दूर करने के लिए जरूरी कदम उठा सकती है।

हेमंत सोरेन सरकार ने पेसा नियम को सार्वजनिक कर सियासी रूप से बड़ी बढ़त कायम कर ली है और अब देखना यह है कि इसे कब तक कानूनी जामा पहनाया जाता है, क्योंकि पेसा नियम झारखंड के आदिवासियों की भावनाओं से जुड़ा है।

# झारखंड में मेडिकल की पढ़ायी जेब पर हुई भारी

## काउंसलिंग के समय ही लगेंगे दो लाख तक सेक्यूरिटी मनी, पहली बार निकला आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एक अगस्त से झारखंड के मेडिकल कॉलेजों के एमबीबीएस और बीडीएस कोर्स में दाखिले के लिए काउंसलिंग शुरू हो रही है। इस साल काउंसलिंग में शामिल होना ही महंगा कर दिया गया है। राज्य में पहली बार ऐसा हो रहा है, जब एडमिशन काउंसलिंग में शामिल होने के लिए सेक्यूरिटी मनी देना होगा। यह सेक्यूरिटी मनी दो लाख रुपये तक है। ऐसे में झारखंड से मेडिकल की पढ़ायी का खर्च तो छोड़िए काउंसलिंग में शामिल होना ही जेब पर भारी पड़ रहा है। झारखंड कंबाइंड एग्जामिनेशन बोर्ड ने अपने नोटिफिकेशन में यह स्पष्ट कर दिया है कि इस सेक्यूरिटी मनी के बिना एडमिशन की प्रक्रिया में शामिल होना संभव नहीं होगा।

### पहली बार ली जा रही है सिक्यूरिटी मनी

अब तक झारखंड के मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन के लिए होने वाली काउंसलिंग की फीस ही देनी होती थी। ऐसा पहली बार हो रहा है जब काउंसलिंग फीस के साथ सेक्यूरिटी मनी भी ली जा रही है। नोटिफिकेशन के अनुसार काउंसलिंग फीस और सेक्यूरिटी मनी अलग-अलग है।

### कैसे जेब पर हो रही भारी

मेडिकल परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले बायोम इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर पंकज सिंह बताते हैं कि ऐसा पहली बार हुआ कि काउंसलिंग के समय ही सेक्यूरिटी मनी देना होगा। पंकज सिंह के मुताबिक ऐसा नहीं होता है कि एक स्टूडेंट केवल सेंट्रल कोटा की सीट या स्टेट कोटा सीट के लिए अप्लाई करता है। रैंक होल्डर्स बच्चों की बड़ी संख्या दोनों जगह आवेदन करती है। अब अगर एक बच्चे ने सेंट्रल कोटा और स्टेट कोटा दोनों के लिए आवेदन किया तो उसे तत्काल दोनों जगह की सेक्यूरिटी मनी देनी होगी। सरकारी मेडिकल कॉलेजों में सीट कम हैं, ऐसे में स्टूडेंट्स प्राइवेट की ओर जाते हैं। अब एक स्टूडेंट ने स्टेट और सेंट्रल दोनों जगहों के लिए आवेदन किया तो उसे चार लाख रुपये सिक्यूरिटी मनी के रूप में जमा करने होंगे।

**निर्धारित काउंसलिंग फीस**

- जेनरल/इडब्ल्यूएस/बीसी वन/ बीसी टू : 1000 रुपये
- एससी/एसटी और सभी श्रेणी की महिला उम्मीदवार : 500 रुपये
- किसी भी श्रेणी के दिव्यांग उम्मीदवार : 500 रुपये

**कितनी देनी होगी सिक्यूरिटी मनी**

- सरकारी कॉलेज : 20 हजार (यूआर/इडब्ल्यूएस), 10 हजार (एससी/एसटी/ओबीसी/पीडब्ल्यूडी)
- डिम्ड/प्राइवेट : 2 लाख मेडिकल कॉलेज, 1 लाख डेंटल कॉलेज
- गर्वमेंट/प्राइवेट दोनों : 2 लाख मेडिकल कॉलेज, 1 लाख डेंटल कॉलेज
- मॉप अप : 50 हजार

**झारखंड के मेडिकल कॉलेजों में तय सीटें**

- एमजीएम जमशेदपुर : 100
- पीएमसीएच धनबाद : 50
- रिम्स रांची : 180
- मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज बारीडीह जमशेदपुर : 150
- दुमका मेडिकल कॉलेज दुमका : 100
- पलामू मेडिकल कॉलेज पलामू : 100
- हजारीबाग मेडिकल कॉलेज हजारीबाग : 100
- एम्स देवघर : 100
- लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल : 100

- स्टेट कोटा के तहत तय सीटें
- एमजीएम जमशेदपुर : 83
- पीएमसीएच धनबाद : 41
- रिम्स रांची : 148
- मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज बारीडीह जमशेदपुर : 25
- दुमका मेडिकल कॉलेज दुमका : 83
- पलामू मेडिकल कॉलेज पलामू : 83
- हजारीबाग मेडिकल कॉलेज हजारीबाग : 83
- एम्स देवघर : 83
- लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल : 25

(आंकड़े : 2022 के अनुसार)

### काउंसलिंग शेड्यूल

**ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और च्वाइस फिलिंग** : 01.08.2023

**ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और च्वाइस फिलिंग की अंतिम तिथि** : 03.08.2023

**आवेदन में सुधार** : 04.08.2023

**प्रोविजनल सीट अलॉटमेंट लेटर** : 06.08.2023 से 08.08.2023

**डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन एंड एडमिशन** : 06.08.2023 से 08.08.2023।

# गिरिडीह के तिसरी में ताजिया जुलूस के दौरान भिड़े दो पक्ष, कई घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जिले के तिसरी थाना इलाके के पालमरुआ के अदसार मदरसा के समीप शनिवार को मुहर्रम के जुलूस में एक ही समुदाय के दो पक्षों में खूनी झड़प हो गयी, जिसमें कई लोग घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर तत्काल तिसरी थाना प्रभारी प्रदीप कुमार पुलिस जवानों के संग पहुंचे और हालात को अपने नियंत्रण में लिया। थाना प्रभारी ने दोनों पक्ष के लोगों को समझा बुझाकर शांत कराकर स्थिति पर काबू पाया।

### मौके पर तैनात हुआ भारी पुलिस बल

बताया जा रहा है कि अडसार मदरसा के समीप जुलूस के दौरान दोनों पक्ष आपस में इस कदर भिड़े कि एक दूसरे पर जमकर लाठी और पत्थर चलाया। वहीं घटनास्थल पर पहुंची पुलिस को भी दोनों पक्षों को शांत कराने के लिए हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। घटना के बाद अडसार मदरसा के

**एक ही समुदाय के बीच हुई मारपीट, पुलिस ने बल प्रयोग कर मामला शांत कराया**

समीप काफी संख्या में पुलिस जवानों को तैनात कर दिया गया है जबकि हालात पर नजर रखने के लिए डीएसपी के साथ बीडीओ संतोष प्रजापति, तिसरी के लोकायनायनपुर थाना प्रभारी समेत काफी संख्या में पुलिस जवानों को तैनात रखा गया है। इधर तिसरी थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि मामले में डीएसपी संजय राणा ही जानकारी दे सकते हैं। वैसे मामला पूरी तरह से शांत है और पुलिस बल तैनात है। घटनास्थल से मिली जानकारी के अनुसार दोनों ओर से हुए पत्थरबाजी और लाठीबाजी में जिन लोगों के घायल होने की बात सामने आयी है उसमें मोहम्मद शाहजाद, मोहम्मद नूर आलम, मोहम्मद नशरूल, मोहम्मद बारीक, मोहम्मद जशीम, जाबिर, अरमान, इस्लाम, ग्यास, इरशाद समेत अन्य शामिल हैं। फिलहाल सभी घायलों का इलाज तिसरी स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। इस झड़प में घायलों के सिर, हाथ व कंधे में चोटें आयी हैं।

### लाठी भांजने में चोट लगी, फिर विवाद बढ़ा

बताया जा रहा है कि मुहर्रम में ताजिया जुलूस निकलाने की परंपरा पूरी की जा रही थी तो इसी दौरान एक पक्ष की ओर से ताजिया निकाला गया था। यही ताजिया जब तिसरी थाना इलाके के कर्मतांड में पहुंचा, तो अखाड़ा के बीच ताजिया घुसाने के दौरान ही कुछ लोगों को लाठी से चोट लग गयी। जिससे उन लोगों का गुस्सा भड़का और वो ताजिया लिए घुसने का प्रयास कर रहे लोगों पर लाठी चलाना शुरू कर दिये। किसी तरह उस वक्त हालात को संभाल लिया गया लेकिन कुछ देर बाद ही पालमरुआ के अदरसा मदरसे के समीप दोनों पक्ष आमने-सामने हो गये और एक दूसरे पर जमकर लाठी चलाने के साथ रोड़ेबाजी भी किया। जिसमें दर्जन भर लोग घायल हो गये।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.4 °C | 24.4 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.33 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.18 बजे |



**अवैध धंधा :** टाटा, बोकारो से लेकर बनारस तक जाल बिछा रखा है प्रधान ने

# गोला-रामगढ़ और कुजू-मांडू के रास्ते फर्जी पेपर के सहारे यूपी जा रहा है इंगोट लदा टेलर

**इंगोट लदे 70 प्रतिशत वाहनों में फर्जी पेपर लगा रहा है प्रधान!**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** कच्चा (फर्जी) पेपर के सहारे इंगोट(लोहा) की हेराफेरी हो रही है। सबकुछ गोला-रामगढ़ कुजू- मांडू के रास्ते हो रहा है। फर्जी पेपर के सहारे इंगोट लदा टेलर बेधड़क पास हो रहा है। जिसे रोकने वाला कोई नहीं है। लगभग वाहनों में फर्जी पेपर लगा रहता है। नकली कागजात के सहारे इंगोट लदे वाहन झारखंड से बाहर जा रहा है। जिससे सरकार के साथ जीएसटी को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। लेकिन कारोबार में शामिल कारोबारी, नकली कागजात बनाने वाले लोग, ट्रांसपोर्टर खूब तरक्की कर रहे हैं। संबंधित विभाग को इसे रोकने में कोई दिलचस्पी नहीं दिख रही है। जिससे कारोबारियों का मनोबल सातवें आसमान पर है। उनका मनोबल इतना बढ़ गया है कि फर्जी पेपर पर इंगोट झारखंड से बाहर सीना ठोककर ले जा रहे हैं।

### फर्जी पेपर लगा रहा है प्रधान!

इधर कारोबार से जुड़े सूत्रों ने बताया कि इंगोट लदे वाहनों में फर्जी पेपर प्रधान लगाता है। उसी के पेपर के सहारे इंगोट लदा वाहन झारखंड से बाहर जाता है। प्रधान का पेपर करीब 70 प्रतिशत इंगोट लदे वाहनों में लगता है। फर्जी पेपर के कारोबार में प्रधान की एक अलग पहचान है। बताया जाता है इंगोट लदे वाहनों में ईबेबिल जनरेट नहीं होता है।

### झारखंड और बनारस से पार होता है इंगोट लदा वाहन!

सूत्रों ने बताया कि प्रधान कई नामों से जाना जाता है। जिसमें एक भगवान नाम भी शामिल है। पेपर की गारंटी खुद भगवान लेता है। उसका मानना है कि उसके पेपर में गाड़ी पकड़ा गया तो गाड़ी को वो खुद ही छुड़ाता है। भगवान उर्फ प्रधान इंगोट लदे वाहनों को लोकेशन पर झारखंड और बनारस से पार कराता है। उसके लिए हर जगह कुछ लड़कों को रखा है। पूरे रास्ते का लोकेशन देता है। उसी लोकेशन पर इंगोट लदा वाहन गंतव्य पहुंच पाता है।

### खुद मथुरा में बैठकर पूरी व्यवस्था को कंट्रोल करता है!

सूत्रों के अनुसार जाली कागजात(कच्चा) पेपर का बेताज बादशाह प्रधान टाटा-बोकारो से लेकर बनारस तक जाल बिछा कर रखा है। हर जगह अपनी सेना तैनात रखा है। खुद मथुरा में बैठकर पूरी व्यवस्था को कंट्रोल करता है। अगर कोई गाड़ी किसी कारण बस रुका तो अपनी मैनेजिंग कला बिखेर कर गाड़ी छुड़ा ले जाता है। जिसके कारण प्लांट मलिक और इंगोट खरीददार आंख बंद कर भरोसा करते हैं।

### रूटीन जांच होने पर पकड़े जायेंगे वाहन

इधर, कारोबार में शामिल कारोबारी ने बताया कि जिन सड़कों से इंगोट लदा टेलर पार हो रहा है। अगर उस सड़क पर रूटीन जांच अभियान चलाया जाये तो पूरे प्रकरण से पर्दा उठ जायेगा। साथ ही बड़ा गड़बड़ सामने आयेगा। क्योंकि कारोबारियों का दावा है कि लगभग टेलर कच्चा में लोड होता है। क्योंकि पक्के की बिल कम ही गाड़ियों में लगाया जाता है। ऐसे में जांच पड़ताल की गयी तो एक बड़ा रैकेट का खुलासा हो सकता है।

---

प्रदेश भाजपा ने नव नियुक्त राष्ट्रीय पदाधिकारियों को दी बधाई

# भाजपा सर्वस्पर्शी और सर्व समावेशी संगठन: बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा राष्ट्रीय पदाधिकारियों की नव नियुक्ति पर पदाधिकारियों को प्रदेश भाजपा ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा सर्व स्पर्शी और सर्व समावेशी संगठन है। नयी राष्ट्रीय टीम के नेतृत्व में पार्टी 2024 में जनता के स्नेह और आशीर्वाद से तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में सफल होगी। श्री मरांडी ने कहा कि झारखंड से दो राष्ट्रीय पदाधिकारी को पुनः स्थान देने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि झारखंड का सौभाग्य है कि प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी को पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का दायित्व दिया है।



उन्होंने नव नियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई एवं राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा सहित सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, अभय कांत प्रसाद, यदुनाथ पांडेय, रविंद्र राय, सांसद दीपक प्रकाश, पी एन सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष सांसद सुनील सिंह, नीलकंठ सिंह मुंडा, जेपी पटेल, अपर्णा सेन गुप्ता, प्रणव वर्मा, विनोद शर्मा, गंगोत्री कुजूर, प्रदेश महामंत्री सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, नवीन जायसवाल, सुबोध सिंह गुड्डू, काजल प्रधान, रीता मिश्रा, मिस्त्री सोरेन, मुनेश्वर साहू, शर्मिला रजक, विवेक भवानी सिंह, कोषाध्यक्ष दीपक बंका, कार्यालय मंत्री हेमंत दास, प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा, सरोज सिंह, अमित सिंह, कुणाल षाडंगी, प्रतुल शाहदेव, अविनेश कुमार सिंह, मिस्फिका हसन सहित अन्य शामिल हैं।

### दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई हो : बाबूलाल मरांडी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को मुहर्रम जुलूस के दौरान बोकारो जिलांतर्गत पेटरवार के खेतको में हुई दुर्घटना एवं चार लोगों की मौत पर गहरा शोक प्रकट किया है। श्री मरांडी ने कहा कि यह अत्यंत दुखद खबर है। ईश्वर मृतकों की आत्मा को शांति प्रदान करें एवं परिजनों को इस बड़े दुख को सहने की ताकत प्रदान करें। श्री मरांडी ने जुलूस के दौरान किये गये प्रशासनिक तैयारियों पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि यह घोर लापरवाही का परिणाम है। उन्होंने सरकार से दोषी अधिकारियों को चिह्नित कर कड़ी कारवाई की मांग की।

---

# सुभाष मुंडा की हत्या लाल झंडा को कमजोर करने की गहरी साजिश है : रामचंद्र डोम

**तीन अगस्त को दलादली में होगी श्रद्धांजलि सभा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** माकपा के पोलित ब्यूरो सदस्य और पूर्व सांसद डॉ रामचंद्र डोम ने कहा कि सुभाष मुंडा की हत्या लाल झंडा को कमजोर करने की एक गहरी साजिश है। उन्होंने सुभाष हत्याकांड की हर पहलू से जांच कराये जाने और दोषियों को एक समय सीमा के अंदर गिरफ्तार कर उन्हें सजा दिलाये जाने की मांग की। श्री डोम शनिवार को रांची के प्रदेश पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सुभाष मुंडा केवल जमीन कारोबारी रहते तो उनकी हत्या पर इतना जनाक्रोश नहीं होता और उनकी शव यात्रा में पूरे इलाके से हजारों लोग जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी थीं, शामिल नहीं होतीं। उन्होंने कहा कि सुभाष मुंडा दलादली इलाके में माकपा आंदोलन की तीसरी पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते थे। उनके दादा शुक्रा मुंडा सेना से रिटायर होने के बाद वे माकपा से जुड़ गये थे तथा इस इलाके में आदिवासियों और दूसरे गरीबों के शोषण के खिलाफ हमेशा संघर्ष करते रहते थे। उन्हीं से प्रेरणा लेकर रांची के पंचपरगना क्षेत्र में गरीबों और आदिवासियों की भूमि हड़पने वाले महाजनों के खिलाफ 70 और 80 के दशक में ऐतिहासिक संघर्ष चला था। इस संघर्ष के बाद इलाके के बड़े भू-स्वामियों से आदिवासियों की हड़पी गयी जमीन की वापसी करायी गयी। इसमें सुभाष मुंडा का परिवार जिनकी एक बड़ी संख्या है को उनकी पुश्तैनी जमीन वापस मिली। उसी जमीन पर सुभाष मुंडा ने अपनी आजीविका के लिए कुछ दुकानों और भवन का निर्माण कराया। अभी जो धीमी गति से एक बात प्रचारित की जा रही है कि वे जमीन के कारोबारी थे पूरी तरह तथ्यहीन है। राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि तीन अगस्त को दलादली चौक पर एक विशाल श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जायेगी। इसमें वामदलों के राज्य नेतृत्व के अलावा माकपा की पोलित ब्यूरो सदस्य वृंदा करात भी संबोधित करेंगी।

---

# शासन-प्रशासन की बातें रघुवर के मुंह से शोभा नहीं देतीं: राजेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सुभाष मुंडा हत्याकांड पर राज्य की कानून व्यवस्था और सरकार के खिलाफ पूर्व सीएम रघुवर दास के बयान पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने पलटवार किया है। श्री ठाकुर ने तंज कसते हुए कहा कि शासन प्रशासन की बातें रघुवर दास के मुंह से शोभा नहीं देतीं हैं, उनके कार्यकाल में क्या-क्या हुआ है जनता सब जानती है। उन्होंने कहा कि उनके कैबिनेट मंत्री उन पर आरोप लगाते थे, उसी मंत्री से मुख्यमंत्री रहते रघुवर दास हारे। राजेश ठाकुर ने कहा कि सुभाष मुंडा की हत्या दुखद घटना है।



राज्य की सरकार इसपर गंभीर है। हमारी पार्टी भी राज्य में ऐसी घटना न हो इसको लेकर चिंतित है। उन्होंने कहा सीबीआइ जांच पहले भी बहुत हुई है लेकिन नतीजा क्या निकला। राज्य पुलिस अपराधियों पर नकेल कसने में सक्षम है।

### एनआइए ने राजू कुमार से दूसरी बार की पूछताछ

रांची (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने भाकपा माओवादी संगठन के रीजनल कमांडर रविंद्र गंझू के सहयोगी राजू कुमार से दूसरी बार पूछताछ की है। एनआइए ने राजू कुमार को चार दिनों की रिमांड पर लिया और उससे कई सवाल पूछे। राजू कुमार पर रविंद्र गंझू के पैसे को अलग-अलग व्यवसाय में लगाने का आरोप है। बता दें कि एनआइए की टीम ने बीते छह जुलाई को राजू कुमार को लोहरदगा के कुडू बाजार से गिरफ्तार किया था। बता दें कि राजू कुमार पिछले छह माह से एनआइए की रडार पर था। वह लोहरदगा के कुडू थाना क्षेत्र स्थित विश्रामगढ़ गांव का रहने वाला है। एनआइए ने पूर्व में विश्रामगढ़ में छापेमारी की थी। इस दौरान ईंट-भट्ठे से पिस्टल, बैंक पासबुक और जमीन के कागजात बरामद किये गये थे।

---

सुभाष मुंडा के परिजनों से मिले रघुवर दास

# हत्याकांड की सीबीआइ जांच की मांग की



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास शनिवार को रांची के दलादिली चौक स्थित सुभाष मुंडा के आवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने सुभाष मुंडा के परिवार वालों को सांत्वना भी दिया। रघुवर ने कहा कि सुभाष मुंडा की मां ने बताया कि उनके बेटे की किसी से दुश्मनी नहीं थी। वह बहुत मिलनसार था और लोगों की मदद के लिए भी तत्पर रहता था।

### अपराधियों की पहचान ना हो पाना दुखद और शर्मनाक

रघुवर दास ने सुभाष मुंडा की हत्या की सीबीआइ से जांच कराने की मांग की। कहा कि अपराधियों पर लगाम हेमंत सरकार के बस की बात नहीं है। अब तक अपराधियों की पहचान नहीं हो पायी है, यह दुखद और शर्मनाक है। हेमंत राज में झारखंड में कानून व्यवस्था की स्थिति चौपट हो गयी है। इस सरकार को संगठित गिरोह चला रहे हैं। युवा नेता हो या डीएसपी सभी पर हमले हो रहे हैं। अपराधी वीडियो बनाकर शासन को चुनौती देते हुए व्यापारियों से वसूली कर रहे हैं और सरकार चुप है।

---

# ग्रैंड ओपनिंग: मॉल ऑफ रांची खुले दरवाजों के साथ शॉपहॉलिक्स का स्वागत करता है

**एक छत के नीचे खरीदारी, मनोरंजन और खाने का जादू का अनुभव करें : नीतीश अग्रवाल**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आखिर आपके इंतजार की घड़ी खत्म हुई क्योंकि मॉल ऑफ रांची ने अपने दरवाजे जनता के लिए खोल दिये हैं। उम्मीद और उत्साह के साथ, शहर के निवासी इस नये निर्मित खरीदारी के स्वर्ग को तलाशने के लिए पहुंचे। यहां के रिटेल प्रस्तावों, मनोरंजन विकल्पों और खाने-पीने की बेशकीमती सौगातों को देख के लोग दंग रह गये।

रांची के जाने माने एरिया में स्थित मॉल ऑफ रांची शहर के विकास और उन्नति के प्रतीक के रूप में खड़ा है। कई मंज़िलों को आच्छादित करने वाला यह मॉल विभिन्न दुकानों, बुटिक्स और ब्रांड आउटलेट्स की एक विस्तृत व्यवस्था के साथ गर्व से भरा हुआ है। उच्च फैशन लेबल से लेकर लोकप्रिय राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड तक, अब शॉपर्स शहर छोड़े बिना प्रीमियम रिटेल का आनंद ले सकते हैं। मॉल ऑफ रांची के लोगों की हर जरूरत और पसंद को ध्यान में रखते हुए प्लान किया गया है। खरीदारों को यहां फैशनेबल कपड़े, जूते, इलेक्ट्रॉनिक्स, घर की सामग्री और बहुत कुछ मिलेगा। यह मॉल वादा करता है कि एक अनोखा खरीदारी का अनुभव मिलेगा, जो आसानी, विविधता, और गुणवत्ता को एक साथ जोड़ता है।

इसके अलावा, रांची के मॉल ने अपने स्थान का 60% भाग मनोरंजन और आराम कार्यक्रमों के लिए खास तरीके से बनाया है। आप अपने परिवार और अपने दोस्तों के साथ एक मजेदार एडवेंचर पर निकल सकते हैं। यहां नवीनतम मल्टीप्लेक्स सिनेमा भी है, जहां सारी नयी फिल्में बड़े स्क्रीन पर दिखायी जायेंगी। जो लोग अधिक उत्साहित अनुभव चाहते हैं, उनके लिए एक इंडोर मनोरंजन केंद्र भी है, जिसमें सभी उम्र के लोगों के लिए रोमांचक राइड और आकर्षण हैं।

मॉल ऑफ रांची भोजन प्रेमियों के लिए जन्नत से कम नहीं। यहां का विशाल खाने का कोर्ट रांची वालों के लिए विविध भोजन विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंगारिका प्रस्तुत करता है। स्थानीय विशेषताओं से लेकर अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों तक, भोजन क्षेत्र वादा करता है कि हर मेहमान भरे पेट और खुशी के साथ निकलेगा।

ग्रैंड ओपनिंग समारोह पर बोलते हुए, मॉल ऑफ रांची के प्रवक्ता नीतीश अग्रवाल ने कहा, हम खुशी के साथ रांची के लोगों के सामने अंततः मॉल ऑफ रांची को प्रकट कर रहे हैं। हमारा वादा है कि हम आगंतुकों के विविध स्वाद और पसंदों को पूरा करने वाला एक अनोखा खरीदारी और मनोरंजन का अनुभव प्रदान करें। हम आशा करते हैं कि मॉल समाजीकरण, आराम और खुशियों का एक केंद्र बने और हमारे मेहमानों के जीवन में खुशी और उत्साह लाये।

मॉल ऑफ रांची के उद्घाटन से शहर में एक नयी खुश सी छा गयी है। इसकी विश्व-स्तरीय सुविधाओं, विविध खरीदारी के विकल्पों, और अनेक मनोरंजन विकल्पों के साथ, यह मॉल रांची निवासियों और पर्यटकों दोनों के लिए एक लोकप्रिय स्थान बनने के लिए तैयार है। अब जो मॉल ऑफ रांची के दरवाजे खुल गये हैं, रांची के शॉपहॉलिक्स यहां आकर अपने खरीदारी का आनंद ले सकते हैं। रांची के मॉल सभी को आमंत्रित करता है कि आयें और एक छत के नीचे खरीदारी, मनोरंजन और खाने का जादू अनुभव करें।

---

अमरनाथ सिंह हत्याकांड में खुलासा

# हत्यारों की पहचान हुई, प्राथमिकी दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संताल परगना प्रक्षेत्र के डीआइजी सुदर्शन मंडल ने कहा कि मानगो के कुख्यात अपराधी अमरनाथ सिंह के हत्यारों की पहचान कर ली गयी है। जमशेदपुर के ही गणेश सिंह गिरोह ने हत्या की है। वहीं, मानगो गौड़ बस्ती निवासी और परमजीत सिंह गिरोह के सक्रिय सदस्य अमरनाथ सिंह की हत्या मामले में मानगो न्यू सुभाष कॉलोनी निवासी आशुतोष ओझा (मृतक का साथी) के बयान पर दुमका के जरमुंडी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

प्राथमिकी में मानगो निरंजन सिंह कॉम्प्लेक्स निवासी गणेश सिंह, उसके भाई प्रशांत सिंह, उलीडीह आदिवासी स्कूल के पास रहने वाले राजा शर्मा, मानगो डिमना रोड सुभाष कॉलोनी निवासी दीपक चौधरी उर्फ टेका चौधरी, मानगो शंकोसाई रोड नंबर 3 निवासी उत्तम महतो समेत आठ-दस अज्ञात को आरोपी बनाया गया है। प्राथमिकी में आशुतोष ओझा ने बताया है कि सोमवार की रात करीब 10.30 बजे दो कार एक्सयूवी 500 (जेएच05एयू 1500) और इनोवा (जेएच05एएक्स 1025) से अमरनाथ सिंह अपनी पत्नी, मां-बहन, भतीजा मनीष के अलावा साथी ब्रजेश कुमार सिंह, सत्येंद्र यादव, किशोर सिंह रजक, ललित शर्मा व चार बच्चे (कुल 13 लोग) के साथ बाबाधाम (देवघर) के लिए रवाना हुए थे। 25 जुलाई की शाम पांच बजे सभी ने सुल्तानगंज से जल उठाया और 27 जुलाई को दिन में करीब 11.30 बजे देवघर में मंदिर में जल चढ़ाया। पूजा करने के बाद शाम करीब 4.30 बजे बासुकिनाथ मंदिर गये। यहां रात करीब नौ बजे पूजा करने के बाद आराम करने चले गये।

अमरनाथ सिंह, उसका भतीजा मनीष, ब्रजेश, किशोर रजक सभी नंदी चौक पर पहुंचे। आशुतोष और किशोर रजक कार लाने चले गये, जबकि अमरनाथ सिंह, ब्रजेश और मनीष चाय पी रहे थे। इसी बीच सफेद रंग की बोलेरो और सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार के अलावा नीले रंग की अपाची बाइक से करीब आठ-दस युवक पहुंचे और उनलोगों ने अमरनाथ सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी।

---

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

- **मेष** — रोजी-रोजगार में लाभकारी वातावरण रहेगा, भागीदारों में व्याप्त मनमुटाव का निराकरण होगा।
- **वृष** — कारोबार में उन्नति होने की संभावना, नवीन कार्य की योजना सफल होगी।
- **मिथुन** — कहीं से शुभ फल प्राप्त होगा, आर्थिक पक्ष सुदृढ़ बनेगा, मित्रों से सहायता मिलेगी।
- **कर्क** — शत्रु प्रबल होकर हावी होंगे, खर्च पर नियंत्रण रखें अन्यथा कर्ज लेने की नौबत आ सकती है।
- **सिंह** — राजकीय कार्यों में सफलता मिलेगी, पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, यात्रा में धन लाभ का योग बन रहा है।
- **कन्या** — प्रयास से सभी कार्य पूरे होंगे, मेहमानों का आगमन होगा व आप उनकी आवाभगत में व्यस्त रहेंगे।
- **तुला** — संपति संबंधी मामलों का निपटारा आपके पक्ष में होगा, कहीं से शुभ समाचार मिलेगा।
- **वृश्चिक** — नये-नये लोगों से संपर्क बनेगा, यश, कीर्ति व मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी।
- **धनु** — आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे, नौकर-चाकर, वाहन व भौतिक ऐश्वर्य के साधनों में वृद्धि होगी।
- **मकर** — अकस्मात धन लाभ होने की संभावना, आशानुसार कार्यों में सफलता मिलेगी।
- **कुंभ** — सरकारी नौकरी करने वालों के पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, गृह-भूमि-वाहन का सुख।
- **मीन** — लंबित कार्य निपटाने में व्यस्तता रहेगी, नौकरी में पदोन्नति के अवसर भी मिल सकते हैं।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 30 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in


# हजारीबाग-कोडरमा में मनाया गया मुहर्रम

## हजारीबाग में बनी रही शांति



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग में मुहर्रम पर्व सौहार्द पुर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस पर्व में हिंदू मुस्लिम सर्वधर्म एकता का झलक देखने को मिला। हजारीबाग जिला प्रशासन के द्वारा विधि व्यवस्था संतुलित सुदृढ़ परिमार्जित संतोषप्रद रहा। एसडीओ विद्याभूषण कुमार हजारीबाग छड़वा डैम स्थित मेले के अपने देखरेख में मुस्तैदी से मंच पर उपस्थित रहे। हजारीबाग के पुलिस कप्तान मनोज रतन चौथे संपूर्ण जिले के हर प्रखंड पर नजर रखें। हजारीबाग प्रशासन और सर्व धर्म के लोग कदम में कदम मिलाकर मुस्तैदी से अपना कर्तव्य का निर्वहन किये। बुद्धिजीवियों और सर्व धर्मलंबिया ने जगह-जगह शरबत पानी और जलपान की व्यवस्था किये। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता, कांग्रेस नेता डॉ आरसी मेहता आदि उपस्थित थे। मौके पर कांग्रेस इंटक के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष साजिद अली खान ने किया। कांग्रेस मीडिया प्रभारी निसार खान, पूर्व प्रमुख बाबर अंसारी, माशूक अंसारी, पूर्व मुखिया पन्नू महतो, कांग्रेस प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा, जमशेद खान, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सरफुल हक आदि उपस्थित थे।

## कोडरमा में सड़कों पर रही जुलूस की धूण



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले में त्याग व बलिदान का पर्व मुहर्रम शांति और सौहार्द के साथ मनाया गया। शनिवार को जलवाबाद, दार्जीचक, बहेरवाटांड़ सहित अन्य जगहों में आकर्षक ताजिया व निशान के साथ लोग कर्बला पहुंचे। इस दौरान सैकडो की संख्या में मौजूद लोग विभिन्न अखाड़ों के साथ विभिन्न प्रकार का खेल का प्रदर्शन करते हुए समाहरणालय स्थित कर्बला पहुंच फातिहा पढ़े। कर्बला में मेले सा माहौल दिखा। जुलूस का नेतृत्व अखाड़ा कमिटी के लाइसेंस धारी जहीर हुसैन अंसारी, अब्दुल खैर, मो नबीउल्लाह, निजामुद्दीन, अनवर अंसारी, मो बबलू, मो एहतेशाम, इम्तियाज अंसारी, अब्दुलराउफ अंसारी आदि करते दिखे। ताजिया अखाड़ा के साथ जुलूस जलवाबाद, नगरखारा, बहेरवाटांड़, पांडेडीह दर्जिचक से कोडरमा बाजार होते हुये कर्बला पहुंचा। जुलूस के दौरान प्रशासन मुस्तैद दिखी। वहीं एसडीओ संदीप मीणा, एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर, थाना प्रभारी द्वारिका राम भी क्षेत्र का भ्रमण करते दिखे।

## टाटीझरिया में चौकस रहा प्रशासन



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड के झरपो, केसडा, घुघलिया, डुमर, मायापुर समेत अन्य गांवों में मुस्लिम का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। मुहर्रम का दिन सुबह सभी कर्बला के पास जाकर नमाज अदा किया। प्रखंड के घुघलिया, झरपो, धरमपुर बांडीह और डुमर में मेला का आयोजन किया गया। मुहर्रम के बारे में कहा गया कर्बला की जंग हजरत इमाम हसन और बादशाह यजीद के सेना के बीच जंग छीडा था जिसमें इमाम हुसैन ने अपनी जान की कुर्बानी दी थी। इसी को लेकर मुहर्रम का त्योहार मनाया जाता है। झरपो कर्बला के पास अमनारी, जरगा, बेडमका और झरपो में मुस्लिम लोग आपस में मिलते हैं। घुघलिया में केसडा और घुघलिया के लोग शामिल हुए। साथ ही बांडीह कर्बला के पास वहां के लोगों के द्वारा आकर्षक खेल दिखाया गया। प्रमुख संतोष मंडल ने मुहर्रम पर सभी को मुबारकबाद दिया और कहा की यह एक मेल मिलाप का पर्व है हजरत इमाम हसन की कुबार्नी को याद कर यह मुहर्रम पर्व भाई चरिगी के साथ प्रेम सौहार्द से मनावें क्षेत्र में कानून व्यवस्था लेकर साइना तिग्गा, थाना प्रभारी आनंद आजाद दल बल के साथ मुस्देत रहे। क्षेत्र में शांति पुर्ण सफल बनाने में इब्राहिम अंसारी, मंसुर अंसारी, मुख्तार अंसारी, तैयब मियां, मनीर आलम सदर, हनीफ मियां, तैयल मियां, मासुक अंसारी, दिलाबर मियां, अनावर मियां, रसुल मियां, बुधन मियां, युसुफ अंसारी, अलाउद्दीन अंसारी, बसीर अंसारी, सुभानी इंतियाज अंसारी, अंसारी, सुभान अंसारी समेत अन्य हैं।

## बरही में दिखा सांप्रदायिक भाईचारा



**बरही (आजाद सिपाही)।** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत बरसोत, दुलमाहा, लखना, धनवार गांव में आपसी भाईचारे के साथ दोनों समुदाय के लोगों ने मिलकर मुहर्रम पर्व को शांति पूर्वक मनाया। कार्यक्रम में हिन्दू समाज कल्याण समिति ट्रस्ट दुलमाहा के अध्यक्ष कमल शंकर पंडित, सचिव दिनेश कुमार राणा, कोषाध्यक्ष जितेंद्र गिरि, मुखिया नारायण यादव, मो इस्लाम, मो बेलाल, दुलमाहा मुस्लिम समाज के सदर मो इकबाल, लखना सदर मो मिन्हाज, प्रभु यादव, मोहन साव, सागर कुमार मुख्य रूप से मौजूद हुये। वहीं दुलमाहा इमामबाड़ा से ताजिया और फरहारा लेकर जुलूस निकला तथा लखना इमामबाड़ा से ताजिया और फरहारा लेकर जूलूस निकला। इस कार्यक्रम में हिन्दू मुस्लिम दोनों समुदाय के समाजिक कार्यकर्ता, प्रबुद्ध नागरिक और नौजवान शामिल हुये। वहीं दोनों जुलूस के मिलन स्थल पर आपसी भाईचारे और शांति के पैगाम लेकर हिन्दू समाज कल्याण समिति ट्रस्ट दुलमाहा के सदस्यों द्वारा पानी शरबत का व्यवस्था किया गया था जहां मुस्लिम समाज के लोगों ने भाईचारा का परिचय देते हुए पानी शरबत कार्यक्रम में शामिल हुए। बरसोत जुलूस में मुखिया मोतीलाल चौधरी, समाज सेवी सुजीत कुमार, मुकेश बक्शी, राकेश रजक, सलीम खान, अनवर खलीफा, जुमाई खान, इमरान खान, अयुब खान समेत कई लोग शामिल थे। दोनों समुदाय के लोग कर्बला पहुंच कर ताजिया को दफन कर दिया गया। वहीं बरसोत में शांति सौहार्द कायम रखते हुये सब इंस्पेक्टर चंदन कुमार साव, एएसआई पंचू किस्कू दल बल के साथ मौजूद थे।

## बड़कागांव में चार हिंदू भाइयों ने भी पैक बंधवाये, मिलजुल कर मनाया पर्व



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चंदौल पुंदोल में हिंदू मुस्लिम कौमी एकता की डेढ़ सौ वर्षों से मिसाल पेश जा रही है। प्रतिवर्ष एक दूसरे समुदाय के सहयोग से मुहर्रम पर्व मनाने का परंपरा कायम है। इस वर्ष 2023 में चंदौल पुन्दोल में 4 हिंदू सदस्यों ने भी पैक बंधवायें और मोहर्रम मनाया। सहयोग करने वालों में मुख्य रूप से चंदौल पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सुरेश चौधरी, विकास सिंह, रवि पासवान और किशन रजवार शामिल हैं। मुहर्रम को शांतिपूर्वक संपन्न कराने में सुरेश चौधरी पंचायत समिति प्रतिनिधि चंदौल उप मुखिया मोहम्मद शमशेर अंसारी, समाजसेवी विनोद यादव, समाजसेवी अवधेश सिंह मोहर्रम समिति के अध्यक्ष मोहम्मद मंसूर, सचिव मोहम्मद अताउल्लाह हक, कोषअध्यक्ष मोहम्मद मिराज, हबीब अंसारी, मोहम्मद इब्राहिम, मोहम्मद कलाम, विक्की सिंह, रोहित शर्मा, रवि पासवान, संजय पासवान, हाफिज मोहम्मद, अशरफ मोहम्मद, मोहम्मद शाहिद ताजिया कलाकर, नजीर मोहम्मद, मोहम्मद इसाक, मुजावर मोहम्मद, सईद अली, मियां संतोष सिन्हा, चंदन सिन्हा आदि शामिल है।

## झुमरी तिलैया में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** स्टार क्लब झलपो के द्वारा झलपो कर्बला मैदान में मुहर्रम को लेकर विभिन्न तरह के खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें मुस्लिम धर्मावलंबियों ने लाठी, भाला, गंडासा आदि से हैरतअंगेज खेल का प्रदर्शन किया। बेहतर खिलाड़ियों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। विभिन्न खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार देकर भी सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में स्टार क्लब झलपो, अव्वल मोहल्ला, भंडरवा, ईदगाह मोहल्ला, मोरियामा आदि के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में मोहम्मद मिनहाज अली, सदर मोहम्मद हाजी मकसूद आलम, सेक्रेटरी मोहम्मद महमूद अख्तर, मोहम्मद कुर्बान, मोहम्मद नियामत अली, अमानत अली, मोहम्मद असीर, मोहम्मद मुस्ताक, मोहम्मद सलीम, केसर आलम आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## जयनगर में ताजिया के साथ निकला अखाड़ा, उमड़े लोग



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विभिन्न गांवों में मुस्लिम धर्मावलंबियों के द्वारा मनाया जाने वाला त्याग और बलिदान का पर्व मोहर्रम का त्यौहार शांति व सौहार्दपूर्ण से संपन्न हुआ हसन हुसैन के बलिदान तथा कुबार्नी के अवसर पर शहादत दिवस के रूप में मुस्लिम धर्मावलंबियों के द्वारा मोहर्रम त्यौहार मनाया जाता है कुछ दिन पहले से यह त्यौहार प्रारंभ हो जाता है जिसमें हिंदू तथा मुस्लिम धर्मावलंबी के लोग मिलकर इस त्यौहार को मनाने के लिए कृत संकल्पित होते हैं परंपरा के अनुसार मन्नते पूरा होने के बाद हिंदू धर्मावलंबी भी इस त्यौहार में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं प्रखंड के जयनगर, इरगोबाद, गरचांच, प्रतापुर, तिलोकरी, कटिया, टुड़मी, बेको, महुआगढ़, नईटांड, मसुवा, परसाबाद, गोपालडीह, सांथ, हीरोडीह सहित दर्जनों गांवों में हर्षोल्लास के साथ त्यौहार संपन्न हुआ। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी अरूणा कुमारी, अंचल अधिकारी रामरतन कुमार बर्णवाल, थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा, पुलिस अवर निरीक्षक सुनील कुमार पासवान, अमित कुमार, एएसआई विकेश सिंह, दिलीप कुमार मंडल सहित दर्जनों पुलिस जवान विभिन्न चौक चौराहों पर मौजूद थे। वहीं अखाड़ा में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया था। मौके पर उप प्रमुख राज नारायण सिंह, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष इस्लाम अंसारी 20 सूत्री प्रखंड उपाध्यक्ष मिसवा उद्दीन, पूर्व जिप सदस्य पवन सिंह, समाजसेवी शशिकांत प्रसाद, मुखिया राजकुमार यादव, मुखिया कौशर खान, मुखिया इरफान अंसारी, समाजसेवी रहमत खान, अरमान खान, कलीम खान, जमाल खान, जहांगीर खान, शहादत खान, मुमताज आलम कादरी, सलीम अंसारी, तौकीर अंसारी, जैनुल अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## केरेडारी में जुलूस में शामिल हुए गणमान्य लोग



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में मुस्लिम धर्मावलंबियों का पर्व मुहर्रम बुधवार को शांति पूर्ण तरीके से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रखंड के कई क्षेत्रों में आकर्षक ताजिये निकाले गये बेला पेटो में हिंदुओं ने भी ताजिये उठा कर आपसी भाईचारे का संदेश दिया है प्रखंड के पेटो, केरेडारी, पचड़ा, जमीरा सहित सभी जगहों से ताजिये निकाले गये वही अलग अलग मेला स्थलों पर मेले भी लगे जिसमें लोगों ने मेले का लुफ्त भी उठाया व सबों ने एक दूसरे को मुबारकबाद भी दिया कांग्रेस के नीता व पचड़ा पंचायत के मुखिया महेश प्रसाद साव ने भी सभी अखाड़ों को मोहर्रम पर्व की शुभकामना दिया है पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन भी लगातार सतर्क रहा इस दौरान केरेडारी थाना प्रभारी नायल गोडविन केरकेट्टा, बिडिओ कीस्टो कुमार बेसरा, सीओ राकेश तिवारी सही तमाम जनप्रतिनिधि भी क्षेत्र का मुआयना कर नजर लगाए हुए थे समाचार लिखे जाने तक कहीं से कोई भी अप्रिय सुचना नहीं मिली है।

## बरकट्ठा ने पेश की भाईचारे की मिसाल



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में मुहर्रम का पर्व शनिवार को अकीदत के साथ मनाया गया। दशमी को बरकट्ठा हाईस्कूल रैनटांड मैदान में मेला का आयोजन किया गया। जिसमें कोनहराखुर्द, बरकट्ठा डीह, कोनहराखुर्द मजार शरीक, बरकट्ठा बाजार, बरवां और नया खाप ग्राम के लोग निशान, ताजिया लिए गाजेबाजे के साथ शामिल हुये। विभिन्न अखाड़ों के साथ पहुंचे नूरी क्लब, स्टार क्लब, ताज क्लब, गुलशन क्लब, आजाद क्लब के खिलाड़ियों के द्वारा एक से बढ़कर एक अस्त्र शस्त्र के साथ अपने कला कौशल का प्रदर्शन किया। मौके पर बरकट्ठा के मो यासिन खान, मो कलीम खान, मौलवी मो मेराज खान, नसीम खान, गफ्फार खान, जसीम खान, सत्तार खान, बबलू खान, सन्नी खान, हाजी मो फहीम, पूर्व मुखिया मोइन अंसारी, मुख्तार अंसारी, इसराइल अंसारी, रोजन मियां, अजीज अंसारी, सुल्तान अंसारी, इकबाल अंसारी, अनवर हुसैन, मो इमरान, खलील अंसारी, अब्दुल शकूर अंसारी, आजाद अंसारी, बबुनी मियां समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सतगावां में अलर्ट पर रहा पुलिस प्रशासन



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में मुहर्रम पर्व बड़की चौकी का जुलूस शनिवार को आपसी भाईचारा व शांतिपूर्ण तरीके के साथ जुलूस निकाला गया। जुलूस प्रखंड के बासोडीह, समलडीह, शिवपुर, माधोपुर, देवोडीह, अंगार, खुट्टा, दोनैया, मीरगंज, जगनीडीह, रजघाटी आदि गांव में अखाड़ा का जुलूस निकाला गया। चौक चौराहों पर एक से बढ़कर एक खेल दिखाया गया। सुरक्षा व्यवस्था में जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद राम, पुलिस इंस्पेक्टर निरंजन उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी वैद्यनाथ उरांव, थाना प्रभारी आनंद कुमार साह, एस आई अशोक कुमार, ए एसआई मनोज कुमार चौतंबा, एसआई टुनटुन चौधरी, ए एस आई निशाद अहमद, ए एस आई सुजीत कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि विनोद यादव, विधायक प्रतिनिधि धनंजय यादव, विजय सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि रामअवतार चौधरी, उप प्रमुख मनोज कुमार निराला, मुखिया प्रतिनिधि विनोद यादव, शैलेंद्र कुमार, मंटू चौधरी, नंदलाल साव, श्रीकांत यादव, मथुरा प्रसाद यादव, अमर कुमार, शंकर यादव, सुनिल सिंह, नारायण राय, मुखिया उत्तम सिंह, बीरेंद्र राय, श्रवण रविदास, सदानंद यादव, पसंस नईमउद्दीन, इबरार अहमद, शैलेष पासवान, रणधीर कुमार, सुभाष राणा, समाज सेवी मनोज भगत, बालमुकुंद सिंह, दीपेश अग्रवाल, अजहर रवानी, मो नियाज, मो साहब, मो निहाल, मो फयाज अंसारी, मो मुस्ताक, मो जाहिद, मो इरसाद, मो यकीन आदि लोग उपस्थित थे।

## मरकच्चो में अखाड़ा कमिटियों ने निकाला ताजिया जुलूस



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो समेत नावाडीह, महूंगाय, दरदाही, मुरकमनाय, खेशमी, विंडोमोह, देवीपुर, नादकरी, कर्बला नगर, भोजपुर, शाहगंज, कारी खोखो, बेला, कुंवरडीह, मंगला नगर, पूर्णा नगर, नरियाही, पपलो, दशारो, समेत प्रखंड के दर्जनों गांवों में मोहर्रम की दसवीं तारीख को मुहर्रम कमेटियों ने अपने-अपने अखाड़ों से ताजिया जुलूस निकाला। विभिन्न मार्गो से होते हुए कर्बला मैदान स्थित रैन टांड पहुंची जहां शाम को कर्बला में फातिहा के साथ मोहर्रम का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। मौके पर शनिवार को मरकच्चो शाहगंज, दरगाह मोहल्ला, कर्बला नगर के द्वारा आकर्षक जुलूस निकाला गया। रजा क्लब शाहगंज के द्वारा निकाली गयी अखाड़ा मरकच्चो बाजार चांद खा दरगाह, बड़ा अखाड़ा होते हुए दरगाह मोहल्ला स्थित सरकारी दरगाह पहुंची। दर्जनों अखाड़ा के खिलाड़ियों ने बारी-बारी से लाठी, भाला, बाना, तलवार, फरसा का जोखिम भरे खेल का प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम अखाड़ा कमेटी के सदर तौकीर अहमद व जावेद मस्तान की देखरेख में संपन्न हुई। खेल के दौरान कई जांबाज युवकों को हल्की चोटें भी आई। जुलूस में अंचल निरीक्षक डोमचांच अवधेश कुमार सिंह थाना प्रभारी लव कुमार, प्रमुख विजय कुमार सिंह, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रविशंकर सिंह रिंकू, पंचायत समिति सदस्य नितिन चंद्र गुप्ता, मुखिया दीपक कुमार पांडे, पूर्व मुखिया अशोक दास, दिवाकर तिवारी, मोहम्मद खलील, विदेशी दास, मनु पांडे, उप मुखिया प्रदीप राम, तौकीर अहमद, जावेद मस्तान, महताब आलम, शेख जावेद, मोहम्मद नूर आलम, मोहम्मद मंजूर आलम, अहमद हुसैन, हाजी बशीर आलम, हाजी रज्जाक अली, मोहम्मद शाकिर अली, आजाद शेख, एरकान शाह, मकबूल अंसारी, मोहम्मद नाजीश, मकबूल आलम, मिनहाज अंसारी, नौशाद अंसारी, सोहराब आलम, तोहिद शेख, हबीब मस्तान, मोहम्मद समीर, मोहम्मद साहिल, तोकीर अहमद, मो मकबूल साकिर अहमद, मो एरकान, जावेद मस्तान, मो साजिद, अहमद हुसैन, समसाद आलम, साबिर अली, सोहराब आलम, साकिर अली, अमजद अली, महताब आलम मकबूल अंसारी,इनामूल शेख, आजाद शेख, अल्ताफ आलम सन्नी शेख, हारून शेख, मिन्हाज अंसारी, अबुल अंसारी, नोसाद अंसारी, हबीब मस्तान, मोजाम्मिल आलम, तोहिद शाह आदि उपस्थित थे।

# पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ पांच लोगों को हिरासत में लिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** तिलैया थाना अंतर्गत स्मार्ट बाजार के समीप एक निर्माणाधीन मकान में तीन लोग ब्राउन शुगर सेवन करते हुये पकड़े गए हैं। जानकारी के अनुसार उन लोगों के पास से भारी मात्रा में ब्राउन शुगर मिला। एएसपी प्रवीन पुष्कर ने बताया कि इन तीनों के निशानदेही पर दो और लोगों को पकड़ा गया है जिनसे पूछताछ जारी है। इनके ही निशानदेही पर थाना क्षेत्र के ही गुमो में एक घर में छापामारी की गयी, जहां से भारी मात्रा में ब्राउन शुगर और कुछ रुपयों की बरामदगी की गयी। फिलहाल घर का मालिक सत्यानंद पुलिस की गिरफ्त से बाहर है, उसकी खोजबीन जारी है। पुलिस की मानें तो ब्राउन शुगर के काम में कई लोगों के सम्मिलित होने की संभावना है। हिरासत में लिए गए लोगों में एक स्कूल का बच्चा भी है। उसने बताया कि मैं पिछले 15 दिनों से इसका सेवन कर रहा हूं और इन लोगों ने ही मुझे आदत दिलवाया था। खबर लिखे जाने तक पूछताछ जारी है।

# 10 से 25 अगस्त तक चलेगा फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

**इचाक।** एमडीए- 23 एवं मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतू सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इचाक के सभागार में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ ओम प्रकाश की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक के दौरान डॉ ओम प्रकाश ने बताया कि फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम (एमडीए) दिनांक 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलेगा। 10 अगस्त को सहिया, सेविका और सहायिका के द्वारा बूथ स्तर पर दवा खिलाई जायेगी। कार्यक्रम का संचालन, मलेरिया टेक्नीकल सुपरवाइजर संत कुमार और डब्लू एच ओ के मॉनीटर नर्मदेश्वर प्रसाद ने किया। संत कुमार ने बताया कि दो वर्ष से उपर सभी को दवा खाना है। गर्भवति महिला गंभीर रूप से विमार (बेड पर पडे हुए व्यक्ति) दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों) को ये दवा नहीं खिलाना है। संत कुमार ने बताया कि फाइलेरिया कार्यक्रम के लिए कुल 173 बूथ बनाए गए। कुल 146301 व्यक्तियों हो एम ओ दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। मौके पर बीपीएम अनिता तिर्की, एकाउंट मैनेजर रत्नेश सिंह, केमिस्ट रमेश प्रसाद गुप्ता के अलावे अन्य स्वास्थ्य कर्मी, पंचायत प्रतिनिधि एवम स्वयं सेवी संस्था के सदस्यों ने भाग लिया।

## वन विभाग ने लकड़ी लदा ट्रैक्टर जब्त किया

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** जंगल से वन विभाग की टीम ने जंगल में कटाई कर ट्रैक्टर पर लोड कर रहे लकड़ी को ट्रैक्टर समेत जप्त किया है। वनरक्षी अनिल कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम ने कार्रवाई की है। राजावर पंचायत के सुदूरवर्ती क्षेत्र रेंगनिया के डरहो जंगल से वन विभाग ने सखुआ, पियार आदि के लकड़ी के गोला ट्रैक्टर पर लोड करने के दौरान जप्त किया गया है। जब ट्रैक्टर को वन क्षेत्र कार्यालय लाया गया तथा विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। टीम में शामिल वनरक्षी प्रवीण कुमार, अनिल कुमार, देव नारायण दास, संतोष कुमार, अजीत जयसवाल शामिल है।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**बरही (आजाद सिपाही)।** शनिवार को बरही थाना अंतर्गत जवाहर घाटी स्थित ब्रिज पर एक अज्ञात वाहन ने एक बाइक को चपेट में ले लिया। जिसमें बाइक पर सवार हजारीबा मुफस्सिल थाना अंतर्गत चान्हो ग्राम निवासी भवानी महतो का 27 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार की मौत घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बरही थाने की पुलिस ने शव का पोस्मार्टम करवाने के उनके परिजनों को सौंप दिया। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रोहित कुमार सिंह बताया ने बताया कि युवक अपनी बाइक (संख्या जेएच 02 एम 6577) से तिलैया से बरही की ओर आ रहा था। इसी बीच अज्ञात वाहन पीछे से धक्का मार दिया जिसमें युवक आशीष कुमार की मौत हो गई।

## जमीन विवाद में मारपीट, पांच घायल

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिले के पदमा थाना क्षेत्र में शनिवार को महकोल गांव में प्रधानमंत्री आवास ले आउट को लेकर दो पक्षों मे मारपीट हो गई। इस मारपीट मे एक पक्ष के लगभग पांच लोग जख्मी हो गए। जिसमे एक कि स्थिती गंभीर बताई जा रही है, घटना शनिवार सुबह की है। जहां प्रथम पक्ष बंसत सोनी स्थानीय निवासी को सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास मिलने के बाद आवास निमार्ण कार्य कर रहा था, जहां पड़ोसी लालू उर्फ अरुनजय मेहता ने उस जमीन को अपना बताते हुए विवाद खड़ा कर दिया और बसंत सोनी के साथ उनके परिजनो को मारपीट करते हुए घायल कर दिया। इधर बसंत सोनी अपने परिवार के साथ सदर अस्पताल में इलाज करा रहे है, जहां उनके भाई की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। पदमा ओपी प्रभारी शिवदयाल सिंह ने अरुनजय मेहता को गिरफ्तार कर लिया और मामले की पूरी जांच में लगे है।

## कुद गांव में महिला की हुई हत्या

**कटकमदाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग के कूद वार्ड नंबर 24 में एक महिला की बीते रात निर्मम हत्या कर दी गयी है। महिला की पहचान मुनिया देवी (40 साल) के रूप में हुई है। शव देखकर आशंका जाहिर की जा रही है कि महिला के साथ पहले दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है उसके बाद उसकी हत्या की गयी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ स्पष्ट हो सकेगा। घटना को लेकर लोगों में काफी आक्रोश है। घनी आबादी के बीच इतनी बड़ी घटना के घट जाने से लोग सहमे हुये हैं। स्थानीय लोग इसे प्रशासन की नाकामी बता रहे हैं। वहीं प्रशासन से जल्द से जल्द हत्यारों को पकड़कर फांसी की सजा की मांग कर रहे हैं। कटकमदाग थाना प्रभारी डीके प्रजापति घटना की जानकारी के पश्चात तुरंत घटना स्थल पहुंचे और वहां मिले साक्ष्य को जांच के लिए इकट्ठा कर फोरेंसिक लैब भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया की जल्द ही मुजरिम को पकड़ लिया जायेगा और कर्रवाई की जायेगी।

## बाइक की चपेट में आने से एक घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के चंदवारा थाना अंतर्गत उरवां में बीती रात एक बाइक की चपेट में आने से एक 60 वर्षीय व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान उरवां निवासी जीतन राणा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार जीतन राणा शुक्रवार की देर शाम मजदूरी करके पैदल घर की तरफ लौट रहे थे। इस दौरान एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सहायता से घायल के परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लेकर पहुंचे।

## गोविंद प्रसाद की 16वीं पुण्यतिथि मनायी गयी

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** राजद पार्टी के वरीय नेता व पूर्व प्रखंड अध्यक्ष स्व. गोविंद प्रसाद यादव की 16 वीं पुण्यतिथि शनिवार को उनके पैतृक गांव गादी (राजारायडीह) में मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ स्व यादव के चित्र पर पुत्र जनार्दन यादव द्वारा दीप प्रज्वलन व प्रतिमा पर पुष्पअर्पित कर व माल्यार्पण कर किया गया। वक्ताओ ने स्व यादव को राजनीतिक सफर के साथ शिक्षा के उत्थान हेतु उनके द्वारा किये गए कार्यों के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला गया।

# हल्ला बोल में आजसू के कार्यकर्ता होंगे शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**केरेडारी।** प्रखंड के बुंडू पंचायत के बजार टांड़ में आजसू पार्टी पंचायत कमिटी की एक बैठक पंचायत अध्यक्ष दीपक कुमार साहू की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। इस बैठक में आजसू पार्टी के द्वारा आहूत 2 अगस्त को केरेडारी प्रखंड सह अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ हल्ला बोल कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर सभी कार्यकर्ताओं ने अपना अपना विचार रखो साथ ही निर्णय लिया की सैकड़ों की संख्या में आजसू पार्टी के कार्यकर्ता हल्ला बोल कार्यक्रम में शामिल होगें। हल्ला बोल कार्यक्रम मे मुख्यअतिथि के रूप मे आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी उपस्थित रहेगें। मौके पर पार्टी के जिला प्रवक्ता रविशंकर जयसवाल, प्रखंड सचिव मोहन कुमार, महेंद्र कुमार, उपेंद्र यादव, मुकेश प्रसाद साव, रंजीत यादव, विक्की साव, शिव शंकर साहू, रंजन साव, अरुण साव, सूरज साव, अर्जुन यादव, रुपेश यादव, विक्की यादव, ललन यादव, नारायण मुंडा, विकास करमाली, राजदीप साव, मनोज साव, सुरेंद्र साव, मुकुंद महतो, धनेश्वर महतो, संतोष साव, विकास यादव, हीरालाल यादव, गिरधारी गंझु, तथा दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# झुमरीतिलैया में श्याम निशान यात्रा निकाली गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**झुमरीतिलैया।** श्याम निशान महिला मंडल के तत्वाधान मे शनिवार को झुमरी तिलैया के झंडा चौक स्थित दुर्गा मंदिर से निशान यात्रा निकाली गयी। सर्व प्रथम निशान की पूजा अर्चना पंडित जीवकांत झा ने करायी। निशान यात्रा मे शामिल महिलायें हाथों में निशान लिए स्टेशन रोड, भदानी रोड, भालोटिया मोहल्ला का भ्रमण कर श्याम मंदिर मे निशान को अर्पण किया। इस दौरान हारे का सहारा श्याम बाबा हमारा और हर-हर महादेव के नारों से पूरा शहर के साथ मंदिर परिसर गूंज उठा। कार्यक्रम मे महिलाओं के द्वारा श्याम कहते है डोर हिलाओ तुम मुझको झूला झूलाओ.. जिस घर मे खाटू वाले की नित्य जोत जलाई जाती है.. दर्जी सील दे निशान मने खाटू जाना सय.. भोले का श्रृंगार सारे श्रृंगारों से न्यारा है जैसे भजन पर श्रद्धालु भक्त झूमते रहें। श्याम निशान महिला मंडल की पिंकी खेतान, कृतिका मोदी ने बताया कि आगामी 12 अगस्त को पानी टंकी रोड स्थित श्याम मंदिर मे अखंड ज्योति पाठ का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि श्याम की भक्ति घर- घर मे इस कलयुग मे हो रही है। निशान यात्रा मे अंजुला खाटूवाला, ममता नरेड़ी, सारिका केडिया, पूजा शर्मा, अंजना केडिया, पायल खाटूवाला, मूली शर्मा, पायल जोशी, रानी कालरा, मधु शर्मा, रश्मि गुटगुटिया, प्रीति गुटगुटिया, पूनम सहल, ज्योति शेखावत, बबिता जोशी, रश्मि शर्मा, गोपाल कुमार, अशोक कुमार आदि शामिल थे। वहीं दूसरी ओर रविवार को पानी टंकी रोड स्थित श्याम मंदिर मे बारस की ज्योत के आलावा खीर चूरमा का भोग बाबा को अर्पण किया जायेगा। इधर एकादशी को लेकर झुमरी तिलैया से राजस्थान के खाटूधाम मे 22 श्रद्धालु भक्त पूजा अर्चना मे शामिल होने गए।

## बरसात को देखते हुए चेंबर ऑफ कॉमर्स ने रामगढ़ पुलिस को उपलब्ध कराया बरसाती और छाता

# व्यापारियों के साथ जनहित के लिए काम कर रहा है चेंबर : विनय

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** बरसात के दिनों में यातायात पुलिस अपने ड्यूटी पर तैनात रहे और रामगढ़ पुलिस को रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वावधान में शनिवार को शहर के सुभाष चौक में एसडीपीओ किशोर कुमार रजक, रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर रोहित कुमार, सार्जेंट मेजर मंटू यादव, यातायात प्रभारी सुरेश लिंडा को 100 से अधिक बरसाती व छाता उपलब्ध कराया। मौके पर चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विनय अग्रवाल ने कहा कि बरसात के दिनों यातयात की समस्या काफी बढ़ जाती है। बाबजूद यातायात पुलिस लोगों की सहायता व शहर के यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने में जुटी रहती है। यातायात पुलिस की समस्या को देखते हुए रामगढ़ चैंबर ने बरसाती व छाता वितरण का काम किया है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम संयोजक अमित साहू के द्वारा पुलिस के अच्छे कामों को देखते हुए उनका हौसला अफजाई के लिए दिया गया है।

**यातायात पुलिस को प्रोत्साहित करना जरूरी: अमित साहू**

मौके पर कार्यक्रम संयोजक अमित साहू ने कहा कि चैंबर ऑफ कॉमर्स हमेशा से व्यापारियों के साथ-साथ जनहित का काम करती है। छाता वितरण का मुख्य मकसद यातायात पुलिस के कार्यो की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित करना था।

**रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स का कार्य सराहनीयः मंटू यादव**

मौके पर सार्जेंट मेजर मंटू यादव ने कहा कि रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का कार्य सराहनीय है। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में पुलिस जिस तरह कार्य करती है और उन्हें समझ कर बरसाती और छाता उपलब्ध कराया जो अच्छी पहल है।

**ये थे उपस्थित**

एसडीपीओ किशोर कुमार रजक, सार्जेंट मेजर मंटू यादव, रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार, यातायात थाना प्रभारी सुरेश लिंडा, सब इंस्पेक्टर विजय कुमार, प्रभात दास, एएसआइ शंकर कुमार, बालेश्वर सिंह, चेंबर अध्यक्ष विनय अग्रवाल, उपाध्यक्ष मनजी साहनी, कार्यक्रम संयोजक अमित साहू सचिव मानव चतुवेर्दी कोषाध्यक्ष इंदरपाल सिंह सैनी, विमल बुधिया प्रदीप सिंह पंकज तिवारी मनोज अग्रवाल पप्पू जस्सल, तेजिंदर सिंह सोनी, मुरारी अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ की बैठक संपन्न



**कुजू (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ जगेसर-पलानी परगना कीनवगठित केंद्रीय समिति की पहली बैठक रांची रोड स्थित ओम पैलेस में हुई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष अनिल प्रसाद व संचालन केंद्रीय महासचिव कुलदीप प्रसाद ने की। जबकि धन्यवाद ज्ञापन केंद्रीय कोषाध्यक्ष शंकर प्रसाद ने किया। बैठक के दौरान मौजूद वक्ताओं ने समाज के उत्थान व संघ की मजबूती प्रदान करने को लेकर अपना - अपना मंतव्य प्रस्तुत करते हुये एकजुटता के साथ सहयोग पूर्ण कार्य करने का संकल्प दोहराया। वही, ग्राम कमेटियों का पुर्नगठन, सदस्यता अभियान को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। साथ ही, बैठक के दौरान सर्वसम्मति से बाकी बचे गांवों में कमेटियों का पूर्णगठन जल्द करने व सदस्यता अभियान को तेज करने का निर्णय लिया गया। वही, निवर्तमान केंद्रीय कोषाध्यक्ष दिगंबर प्रसाद साहू ने केंद्रीय कोषाध्यक्ष शंकर प्रसाद को अब तक का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इससे पूर्व, नवगठित समिति के पदाधिकारियों व संघ से जुड़े लोगों ने हाल के दिनों में दिवंगत चैनपुर निवासी अंशु कुमार व डटमा निवासी तेज नारायण साहू की आत्मा की शांति के लिए एक मिनट का शोकसभा की। बैठक में संघ के निवर्तमान अध्यक्ष राधेश्याम प्रसाद साहू, संरक्षक खिरोधर प्रसाद साहू, खोखेंद्र साहू, छत्रधारी साव, दिनेश्वर साहू, ज्योंतिद्र प्रसाद साहू, हरिशंकर प्रसाद, मुखिया संजय प्रसाद, गणेश साहू, उमेश प्रसाद, परमेश्वर साहू, सरिता मंडल, बिंदु देवी, सोनू साव, बीरबल प्रसाद, संजय प्रसाद, रामाशंकर प्रसाद, रतन प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, अशोक प्रसाद साहू, अमरजीत कुमार समेत संघ के कई लोग मौजूद रहे।

## टंडवा में मना मुहर्रम का त्योहार



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में मुहर्रम का त्यौहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुहर्रम के त्यौहार में ताजिया एक से बढ़कर एक अनोखी स्वरूप का बनायी गयी। तत्पश्चात लाठी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कमता, राहम, टंडवा सराढू गाडिलोंग कसियाडीह, कबरा, मिश्रोल आदि गांव में मोहर्रम की त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । ग्राम कामता में लाठी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य सह बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव, बीडीओ रंथु महतो, थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह, लाठी खेल प्रतियोगिता का लाठी भांज कर आयोजन की शुरूआत किया। जिसमें शोदा ए कर्बला कमेटी शहीद हुसैन, राजा कमेटी के बीच लाठी खेल प्रतियोगिता किया गया। जिसमें एक से बढ़कर एक लाठी प्रदर्शन दिखाया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में फैजाने अंजुमन कमेटी कमता और नौजवान कमेटी मोहर्रम ने किया। इस मौके पर अमानत हुसैन रोशन अंसारी, अजीज अंसारी, अब्दुल सुभान, मनीर आलम, रफीक अंसारी, अफरोज आलम, जियाउल अंसारी, मोबिन अंसारी, फारूक अंसारी, सफीक रजा समेत अन्य लोग भी उपस्थित थे।

## गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष सरदार हरजीत सिंह सलूजा बने

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष सरदार हरजीत सिंह सलूजा बनाये गए हैं। निर्वाचन पदाधिकारी जगदीश सलूजा ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के द्विवार्षिक चुनाव में जहां अध्यक्ष पद के लिए सरदार हरजीत सिंह सलूजा निर्वाचित घोषित किये गए हैं वही दूसरी ओर सचिव गुरभेज सिंह सलूजा और कोषाध्यक्ष हरभजन सिंह खालसा निर्वाचित घोषित किये गए हैं। उल्लेखनीय रहे कि उक्त तीनों पदों पर तीनों पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। 28 जुलाई को नामांकन वापस लेने के बाद इन तीनों पदों पर सिर्फ एक ही उम्मीदवार बचे थे, इसलिए इन लोगों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। दूसरी ओर गुरुनानक भवन के चुनाव में तीन पदों में से सिर्फ सचिव पद के लिए आकाशदीप सिंह भाटिया ने अपना नामांकन दाखिल किया था। दूसरी ओर गुरुनानक भवन के अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष पद के लिए किसी ने भी नामांकन नहीं दाखिल किया है। ऐसी स्थिति में जहां आकाशदीप भाटिया सचिव पद के लिए अकेले उम्मीदवार थे। तीनों नए पदाधिकारी को जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष एवं समाजसेवी शालिनी गुप्ता ने हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि निर्वाचित पदाधिकारीयों के प्रति मैं शुभकामनाएं प्रकट करती हूं साथ ही उपरोक्त नए पदाधिकारीयों से ये अपेक्षा रखती हूं कि समाज के हित में, गुरुद्वारा के हित में वे सभी कल्याणकारी कदम उठायेंगे। निर्वाचन पदाधिकारी जगदीश सलूजा ने भी निर्वाचित पदाधिकारीयों को बधाई दी और कहा है कि निर्वाचित पदाधिकारी समाज के लिए बेहतर काम करेंगे।

## जिले में चल रहे विकास के कार्यों की डीसी ने की समीक्षा

# बंद कोयला खदानों में मत्स्य पालन शुरू कर लाभुकों को दे लाभ : चंदन कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में शुक्रवार को डीसी चंदन कुमार ने शिक्षा व समाज कल्याण विभाग व डीएमएफटी के तहत जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा किया। इस दौरान डीसी ने सर्व प्रथम जिला समाज कल्याण पदाधिकारी से विभिन्न योजनाओं एवं रामगढ़ जिला अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों में सेविका व सहायिकाओं के रिक्त पदों की जानकारी ली। जिसके उपरांत डीसी ने आंगनवाड़ी केंद्रों के सभी रिक्त सेविका व सहायिकाओं के चयन के लिए तत्काल आमसभा आयोजित करने का निर्देश दिया। डीसी ने समाज कल्याण पदाधिकारी को ससमय दिव्यांग उपकरणों का वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही नियमित रूप से स्वाधार गृह व वात्सल्य धाम का निरीक्षण करने का भी निर्देश दिया।

**सरकारी विद्यालयों में रेल परियोजना लागू व बच्चों के लिए यूनिट टेस्ट आयोजित करने का निर्देश:** शिक्षा कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी सरकारी विद्यालयों में रेल परियोजना लागू करते हुए नियमित रूप से बच्चों के लिए यूनिट टेस्ट आयोजित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान डीसी ने जिले के वैसे बच्चे जिन्होंने किसी कारणवश पढ़ाई बीच में छोड़ दी है को वापस स्कूल तक लाने के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों व कर्मियों के माध्यम से योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया।

**सरकारी विद्यालयों में मूलभूत सुविधा सुनिश्चित करने का निर्देशः** बैठक के दौरान डीसीने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वे यह सुनिश्चित करें कि सभी सरकारी विद्यालयों के शिक्षक ऑनलाइन माध्यम से प्रतिदिन अपनी उपस्थिति विद्यालयों में दर्ज करें। वही डीसी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों को नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण कर बच्चों को विद्यालय के माध्यम से मिल रही सुविधाओं का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। साथ ही जिला अंतर्गत सभी सरकारी विद्यालयों में पेयजल, शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

**ससमय योजनाओं को पूर्ण कर लोगों को लाभांवित करने का निर्देशः** डीएमएफटी के तहत जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए डीसी ने नियमित रूप से योजनाओं का निरीक्षण करने व गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए ससमय योजनाओं को पूर्ण कर लोगों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। डीसी ने बंद पड़ी खदानों में मत्स्य पालन परियोजना के माध्यम से लोगों को लाभान्वित करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही डीएमएफटी के तहत सरकारी विद्यालयों के चारदीवारी सहित अन्य कार्यों के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए।

## दोतल्ला पंचायत सदस्यता अभियान की शुरुआत



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बुधबाजार दोतल्ला पंचायत में मुखिया सत्यवंती देवी के नेतृत्व में ग्राम स्तरीय सिदो-कान्हू युवा खेल क्लब का गठन को ले शनिवार को 18 से 40 वर्ष तक के महिला-पुरुषों के लिए सदस्यता अभियान की शुरूआत की गयी। इस अवसर पर मुखिया सत्यवंती देवी ने ग्रामीणों को बताया कि पंचायत में ग्रामसभा कर 25 सदस्यीय अस्थाई समिति का गठन किया गया है, जो पूरे ग्राम पंचायत में घर-घर जाकर 18 से 40 वर्ष के युवा युवतियों तथा महिला-पुरुषों को सदस्य बनायेंगे। सिदो-कान्हू युवा खेल क्लब के समस्त सदस्यों को उनके कार्य क्षमता के अनुसार खेल, कला, संस्कृति और रोजगार सरकार की ओर से प्रशिक्षण तथा कौशल विकास का कार्य उपलब्ध कराया जायेगा। सिदो-कान्हू युवा खेल क्लब के समस्त सदस्य आगामी 5 अगस्त को ग्राम पंचायत स्तरीय सिदो-कान्हू युवा खेल क्लब का स्थाई समिति का गठन 3 वर्ष तक के लिए होगा। इससे युवाओं को खेल तथा कला को विकसित करने के लिए सरकार की ओर से उचित संसाधन उपलब्ध कराए जायेंगे, जिससे ग्रामीण स्तर के युवा खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खेलों में अपना परचम लहरायेंगे। साथ ही बेरोजगार युवाओं को उच्च से उच्च तकनीकी कौशल का विकास कर रोजगार के अच्छे अवसर दिए जायेंगे, जिससे इस क्लब के माध्यम से खेल और कला संस्कृति को तो बढ़ावा मिलेगा ही साथ ही सभी बेरोजगार युवाओं को रोजगार भी सुनिश्चित कराया जायेगा। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो नेता लव कुमार महतो, बीटीटीआई के प्राचार्य मदन कुमार, उप मुखिया प्रशांत कुमार, जल सहिया छुवि देवी, सेविका किरण सिंह, प्रेमी सलोनी तिर्की, एलिजाबेथ डोडराय, स्वास्थ्य सहिया रंजू सिंह, तिलोत्तमा तिवारी, जेएसपीएलएस की दयामुनी मुर्मू, वार्ड सदस्य वीणा देवी, दयामुनी मुर्मू, रेणुका देवी, शकुंतला देवी, अनीता देवी, पुष्पा सिन्हा, नीतू सिन्हा, अस्थाई समिति के सदस्य मोनू झा, मीनू देवी, ईसरत जहां, रविकांत सिंह, भरत, मनीष बक्शी, शशिकांत सिंह, भगवान दास, राधा देवी, श्यामली सिन्हा, सबिता झा, धीरण बक्शी, नेहा देवी, सीमा, शांति, बबलू पांडेय, रामबिलाश राम, संजय शर्मा, अंगिता देवी, मीना देवी, पूजा देवी, सानू देवी, कौशल्या देवी, कमर रजा आदि मौजूद थें।

# मुहर्रम को लेकर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने निकाला जुलूस

आजाद सिपाही संवाददाता





**पतरातू।** पतरातू में मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा शनिवार को मुहर्रम के मौके पर जुलूस का आयोजन किया गया। इस मौके पर शनिवार की सुबह में भी और शाम में भी जुलूस का आयोजन किया गया। जुलूस में पतरातू सहित जयनगर और सांकूल की मुस्लिम समुदाय के लोग अपने अपने ताजिया लेकर जुलूस में शामिल हुए। तीनों गांव के लोग मिलकर पतरातू बाजार टांड़ पहुंचे। वहां लाठी तलवार आदि अस्त्र शस्त्रों से हैरतअंगेज प्रदर्शन किया गया। अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता स्थल पर मेले का भी आयोजन किया गया। पतरातू के अलावा पालू और हफुआ में भी ताजिया के साथ मोहर्रम का जुलूस निकाला गया। और दोनों ही गांव में अलग-अलग स्थानों पर लाठी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर पतरातू सहित पालू और हफआ में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग एकत्रित हुए।

## भुरकुंडा में खोपड़िया बाबा धर्मशाला निर्माण समिति की बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** इच्छा पुरण बाला जी हनुमान मंदिर सह खोपड़िया बाबा धर्मशाला निर्माण समिति की बैठक शनिवार को सुखदेव राम के आवास पर हुई। इसकी अध्यक्षता संजय अग्रवाल व संचालन परमजीत सिंह धामी ने किया। बैठक में मंदिर मामले को लेकर आगामी 31 जुलाई को उपायुक्त कार्यालय रामगढ़ परिसर में होने वाले एक दिवसीय धरना की तैयारियों पर चर्चा की गयी। कहा गया कि तथा कथित कुछ लोग पुरानी समिति के सदस्यों को धमकाने व लालच देने का काम कर रहे हैं जिसका समिति घोर निंदा करती है। साथ ही समिति ने पुलिस-प्रशासन से मांग की है कि उनके गतिविधियों को रोका जाये अन्यथ कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है। समितियों के सदस्यों ने निर्णय लिया है कि मामले की लिखित सूचना शासन-प्रशासन को दिया जायेगा। मौके पर संजय अग्रवाल, परमजीत सिंह धामी, सुशील गोयल, उमेश सिंह, सुखदेव राम, मनोज साव, अजय गोयल, पीएन साहू, राजू अग्रवाल, महेश्वर साहू, शिव कुमार गुप्ता, सुरेश उपाध्याय, राकेश चैधरी, राजेश अग्रवाल, प्रमोद शर्मा, राजकुमार साहू आदि मौजूद थें।

## माली-मालाकार कल्याण समिति का सावन महोत्सव आज

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** माली-मालाकार कल्याण समिति रामगढ़ जिला के तत्वावधान में सयाल अंबेडकर भवन परिसर में रविवार को सुबह 11 बजे से सावन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए समिति के उदय मालाकार ने उक्त कार्यक्रम में समाज के तमाम महिला-पुरूषों से उपस्थित होने की अपील की उन्होंने कहा है कि समाज के लोग अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सावन महोत्सव को सफल बनावें।

# शहादत की अनोखी मिसाल है मुहर्रम, रामगढ़ में निकला ताजिया जुलूस





आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** मुहर्रम बच्चों, महिलाओं सहित लोगों पर ढाए गए जुल्म और सितम की कभी न भूली जाने वाली दर्द भरी दास्तां है। इस दिन हजरत इमाम हुसैन सहित उनके मासूब बेटे और साथियों को शहीद कर दिया गया था। कर्बला की जंग सिर्फ जुल्म के खिलाफ थी। इस दिन को इस्लामिक कल्चर में मातम का दिन भी कहा जाता है। क्योंकि नवासा-ए-रसूल इमाम हुसैन अपने 72 साथियों और परिवार के साथ मजहब-ए-इस्लाम को बचाने, हक और इंसाफ को जिंदा रखने के लिए शहीद हो गए थे। सन 680 में कर्बला नामक स्थान पर एक विशेष धर्म युद्ध हुआ था। यह युद्ध पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब के नाती हुसैन इब्न अली तथा यजीद के बीच में था। अपने धर्म की रक्षा करने के लिए इस युद्ध में हुसैन इब्न अली अपने 72 साथियों के साथ न्योछावर हो गए थे।

रामगढ़ शहर में मुहर्रम के मौके पर विभिन्न कमेटियों के द्वारा ताजिया जुलूस निकाला गया। नईसराय, गोलपार, पूर्णी मंडप, सौदागर मोहल्ला, कांकेबार, दुसाध मुहल्ला, कोयरी टोला कि मुहर्रम कमेटी ने ताजिया बनाकर जुलूस निकाला। शहर के सभी ताजिया जुलूस थाना चौक होते हुए चट्टी बाजार होते हुए पूर्णी मंडप कर्बला तक पहुंचे। जहां ताजिया का विसर्जन किया गया।

**डीसी, एसपी और एसडीएम ने लिया सुरक्षा का जायजा**

सुरक्षा के दृष्टिकोण से जिला प्रशासन के द्वारा हर चौक चौराहे पर पुलिस और दंडाधिकारी की ड्यूटी लगायी गयी थी। थाना चौक और बाजारटांड़ से वाहनों का प्रवेश रोक दिया गया था। इस दौरान उपायुक्त चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे, अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन सहित अन्य अधिकारियों के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया।

मौके पर डीसी और एसपी ने विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित जुलूस के दौरान लोगों से सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने और अन्य आवश्यक सावधानियां बरतने की अपील की। वहीं उन्होंने पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर संयुक्त जिला आदेश के तहत प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों व पुलिस बल के जवानों को हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर और बासल में शांतिपूर्वक माहौल में मना पर्व



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर और बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को मुहर्रम का पर्व शांतिपूर्वक माहौल में भाईचारगी के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आकर्षक ताजिया के साथ विशाल जुलूस किाला गया। जुलूस में लोगो ने पारंपरिक लाठी, तलवार सहित अन्य हथियारों के साथ हैरत अंगेज करतब भी दिखाए। जुलूस में लोग या अली या हुसैन के नारे लगा रहे थें। इस दौरान मुस्लिम धमार्लंबियों द्वारा जगह-जगह अस्त्र-शस्त्र करतब दिखाया गया। साथ ही तकबीर नारे रिशालत की गगनचुंबी नारे भी लगाए गए। सभी अखाडे.भुरकुंडा थाना चैक में जमा हुए। इस दौरान अखाड़ों के खिलाडियों ने हैरतअंगेज खेल का प्रदर्शन किया। जुलूस बिरसा चैक, मस्जिद कॉलोनी, भुरकुंडा बाजार, थाना चैक, हॉस्पीटल कॉलोनी होते हुए वापस थाना चैक पहुंचा। कोयलांचल के भुरकुंडा, सौन्दा डी, उपर धौडा सहित अन्य जगहों से मुहर्रम का जुलूस निकाला गया। इधर बिरसा चैक भुरकुंडा स्थित गांधी नगर में शांतिपूर्वक माहौल में भाईचारगी के साथ मुहर्रम का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर आकर्षक ताजिया के साथ भव्य जुलूस निकाला गया। इसमें सैंकड़ों मुस्लिम धमार्वावलंबी शामिल हुए।

# मणिपुर : दोषियों को मिले सजा

मणिपुर में सरकार के कुछ हालिया कदम गौर करने लायक हैं। दो महिलाओं की निर्वस्त्र परेड और उनके साथ गैंगरेप के चर्चित मामले की जांच सीबीआइ को सौंप दी गयी है। यहां यह बात गौर करने लायक होगी कि इस जांच में क्या निकलता है और दोषियों को सजा होती है या नहीं। दरअसल, देश ने कई ऐसे मामले देखे हैं, जहां ऐसी जांच का कोई नतीजा ही नहीं निकला। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किये हलफनामे में कहा है कि राज्य में तमाम विक्टिम्स को साइकॉलजिकल, मेडिकल और लीगल सहायता उपलब्ध करायी जा रही है। जिस तरह से यह मामला विडियो वायरल होने के बाद ही सबके संज्ञान में आया और राज्य सरकार की हर तरफ किरकिरी हुई, उसके मद्देनजर अब सभी पुलिस थानों के लिए यह अनिवार्य बना दिया गया है कि ऐसे जो भी मामले सामने आयें, उनकी सूचना पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को दी जाये। इसके अलावा केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से यह अनुरोध भी किया है कि इस मुकदमे को दूसरे राज्य में ट्रांसफर कर दिया जाये, ताकि सही माहौल में इसकी सुनवाई सुनिश्चित की जा सके। सरकार का यह भी कहना है कि हालात पहले के मुकाबले काफी सुधरे हैं और 18 जुलाई के बाद से किसी हिंसक घटना में मौत की खबर नहीं है। हालांकि इन कदमों के मद्देनजर अब सरकार पर कुछ न करने का आरोप नहीं लगाया जा सकता, लेकिन उसके इन कदमों की अहमियत नापने की तीन बड़ी कसौटियां आज की तारीख में बनती हैं। पहली तो यह कि राज्य के हालात यहां से आगे किस तरह के रहते हैं। अगर वहां शांति कायम रहती है और गोलीबारी की जिन छिटपुट घटनाओं की रिपोर्ट आ रही है, वे भी रुक जाती हैं, लोग धीरे-धीरे घरों में सामान्य जीवन बिताने लगते हैं, तो इन कदमों की सार्थकता मानी जा सकती है। दूसरी बड़ी कसौटी सुप्रीम कोर्ट है। चूंकि वायरल विडियो सामने आते ही सुप्रीम कोर्ट ने इसका स्वतःसंज्ञान लेते हुए सरकार से तत्काल कार्रवाई को कहा और आरोपियों की गिरफ्तारी समेत अन्य तमाम कदम उसके बाद उठाये गये, इसलिए सही हो या गलत, पर यह आम धारणा बनी कि सरकार के इन कदमों के पीछे वास्तव में सुप्रीम कोर्ट का कड़ा रुख ही है। सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट को इन तमाम कदमों की जानकारी दे दी है। ऐसे में देखना होगा कि वह इनसे कितना आश्वस्त होता है। सरकार के इन कदमों की तीसरी सबसे बड़ी कसौटी सामान्य तौर पर देश की संसद ही होती क्योंकि संसद का मॉनसून सत्र अभी चल रहा है। लेकिन दुर्भाग्यवश सत्र के चलते हुए भी संसद एक तरह से ठप है। हालांकि अविश्वास प्रस्ताव स्वीकार हो जाने के बाद अब मणिपुर पर विस्तृत चर्चा भी तय हो चुकी है और प्रधानमंत्री का इस पर बयान आना भी निश्चित हो गया है। इसके बावजूद संसद में चर्चा के बजाय हंगामा, बॉयकॉट और स्थगन ही देखने को मिल रहा है, जिसे किसी भी रूप में सही ठहराना मुश्किल है।

**जिस तरह से यह मामला विडियो वायरल होने के बाद ही सबके संज्ञान में आया और राज्य सरकार की हर तरफ किरकिरी हुई, उसके मद्देनजर अब सभी पुलिस थानों के लिए यह अनिवार्य बना दिया गया है कि ऐसे जो भी मामले सामने आयें, उनकी सूचना पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को दी जाये।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**मनजीत की दिनचर्या पर सुमित्रा की हर वक्त नजर रहती थी और उसमें जरा सा भी परिवर्तन उसे विचलित कर देता था। फिर, जब तक सुमित्रा उसे समझा ना ले और जब तक यह तसल्ली ना हो जाये कि मनजीत ने अपनी गलती मान कर भूल सुधार ली है, सुमित्रा सो नहीं पाती थी। मनजीत बड़ा हो रहा था और सुमित्रा उसे खुद से बाजार करना भी सिखाना चाहती थी।**

# सक्षम - एक लघु कथा



**पंकज सतीजा**



विवाह के पांच वर्षो के बाद भी सुमित्रा की कोई संतान नहीं थी। वह उन स्त्रियों में थी, जहां मातृत्व स्त्री की पूर्णता का परिचायक माना जाता है। आसपास के इलाके में ऐसा कोई मंदिर न था, जिसके चौखट पर उसने इस आशा से अपना माथा ना टेका हो। ईश्वर में उसकी इसी अटूट श्रद्धा का प्रतिफल था कि छठे वर्ष में एक पुत्र की प्राप्ति हुई। कोई भी चीज अगर प्रतीक्षा के बाद मिले तो उसका महत्व और उसके प्रति जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। सुमित्रा को लगता था कि उसका यह पुत्र भगवान का प्रसाद है, इसलिए उसे सुयोग्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध थी। वह सभी का प्रिय हो और उसे सभी का आशीर्वाद मिले, इसलिए उसका नाम मनजीत रखा।

स्वावलंबन के साथ पुत्र के व्यक्तित्व में सामाजिक मूल्यों का रोपण उसका प्रथम ध्येय रहा। सुमित्रा इसका ध्यान रखती थी कि उसके पुत्र मनजीत के व्यवहार में कोई त्रुटि ना हो और मनजीत एक संजीदा और संवेदनशील इंसान बने।

**सुमित्रा इसका ध्यान रखती थी कि उसके पुत्र मनजीत के व्यवहार में कोई त्रुटि ना हो और मनजीत एक संजीदा और संवेदनशील इंसान बने।**

मनजीत की दिनचर्या पर सुमित्रा की हर वक्त नजर रहती थी और उसमें जरा सा भी परिवर्तन उसे विचलित कर देता था। फिर, जब तक सुमित्रा उसे समझा ना ले और जब तक यह तसल्ली ना हो जाये कि मनजीत ने अपनी गलती मान कर भूल सुधार ली है, सुमित्रा सो नहीं पाती थी।

मनजीत बड़ा हो रहा था और सुमित्रा उसे खुद से बाजार करना भी सिखाना चाहती थी। अकेले बाजार भेजने में भय लगता था, इसलिए घर के नौकर बिरजू को भी साथ भेज दिया।

बिरजू एक प्रेक्षक के रूप में मनजीत के साथ बाजार गया। जो सीमित रुपये मिले थे, मनजीत ने उससे चाय पत्ती का एक पैकेट लिया और बाकी के सिक्के दुकानदार से ले लिये। बिरजू ने दूर से दुकानदारी देखी और सब ठीक पाकर मनजीत की तरफ देख कर मुस्कुराया। मनजीत की पहली खरीदारी बिल्कुल ठीक थी।

दोनों वापस घर की तरफ मुड़ गये। सामने से अजीत बाबू आ रहे थे। अजीत बाबू, ऐसे तो बहुत पढ़े लिखे थे, पर पहनावा बहुत साधारण रखते थे। कुछ वर्ष पहले एक दुर्घटना में उनके दोनों पैर बेकार हो चुके थे, इसलिए बैसाखी का सहारा लिया करते थे। मनजीत ने पहली बार अजीत बाबू को देखा था, एक साधारण से पहनावे वाले व्यक्ति को बैसाखी के सहारे चलता देख, मनजीत ने बचे हुए पैसे अजीत बाबू के कदमों तले रख दिये। अजीत बाबू ने एक बार मनजीत को नीचे से ऊपर तक देखा और आगे बढ़ गये। संभवतः समाज के लोगों द्वारा उनके प्रति यह व्यवहार नया ना था, और उस पर मनजीत की बाल्यावस्था, अजीत बाबू ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

बिरजू ने आगे बढ़कर मनजीत से कहा कि आपने अच्छा नहीं किया। मनजीत ने आज कल के बच्चों की तरह कंधा उचका के बिरजू से कहा, इस दुनिया में कोई अपना भला नहीं चाहता, मैं तो उसकी मदद कर रहा था, तुम्हें समझ नहीं आयेगा। मनजीत कुछ भी था, मालिक का बेटा था,बिरजू ने उससे बहस करना उचित नहीं समझा, परंतु, घर पहुंचते ही सारा वृतांत बिरजू ने सुमित्रा को सुना दिया।

**बिरजू ने आगे बढ़कर मनजीत से कहा कि आपने अच्छा नहीं किया। मनजीत ने आज कल के बच्चों की तरह कंधा उचका के बिरजू से कहा, इस दुनिया में कोई अपना भला नहीं चाहता, मैं तो उसकी मदद कर रहा था, तुम्हें समझ नहीं आएगा। मनजीत कुछ भी था, मालिक का बेटा था, बिरजू ने उससे बहस करना उचित नहीं समझा।**

सुमित्रा की आंखों में आंसू थे, अजीत बाबू को हुई पीड़ा को वह अनुभव कर रही थी। अपने स्वभाव और कर्तव्य के अनुरूप उसने मनजीत को बुलाया और उससे सारा वृतांत सुना। सुमित्रा ने मनजीत को समझाया कि उसे अजीत बाबू का अपमान नहीं करना चाहिए था। हर व्यक्ति किन्हीं मामलों में अक्षम और किन्हीं मामलों में सक्षम होता है। इंसान अगर मुकम्मल हो जाये तो खुदा हो जाये। तुम्हें अजीत बाबू की बैसाखी और चलने में अक्षमता दिखी पर, उनकी योग्यता और शिक्षा का आकलन न करने की जो तुम्हारी अक्षमता है, उसका मैं क्या करूं?

सुमित्रा ने पूछा कि अष्टावक्र जिनका शरीर आठ जगहों से टेढ़ा था, महाराजा रंजीत सिंह जिनकी एक आंख नहीं थी और राणा सांगा जिनके शरीर पर छियानवे घाव थे, यदि वे तुम्हारे सामने होते तो क्या तुम उनके साथ भी ऐसा व्यवहार करते?

अपने दर्शन शास्त्र और अध्यात्म की वीणा से भगवद गीता का श्लोक (15.7) भी मधुरित किया -

ममैवांशो जीवलोके जीवभूतः सनातनः। मनःषष्ठानीन्द्रियाणि प्रकृतिस्थानि कर्षति।

सभी जीव ईश्वर के अंश है और यही शास्वत सत्य है।

मनजीत को अब अपनी भूल का अह्सास था, आंखों में अश्रु थे, अब वह अजीत बाबू के लिए क्षमा प्रार्थी भी था।अपने संवाद से संतुष्ट सुमित्रा ने एक बार फिर ईश्वर को धन्यवाद दिया और सोने चली गयी।

**(लेखक खनन एवं धातु उद्योग से जुड़े हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### रघुवर के राष्ट्रीय पदाधिकारी बनाये जाने पर भाजपा ने जताया हर्ष

# वरीय नेताओं के अनुभव और सांगठनिक क्षमता का मिलेगा लाभ : गुंजन यादव

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**जमशेदपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के द्वारा पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारियों की सूची में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह वरीय नेताओ का नाम जारी करने पर भाजपा जमशेदपुर महानगर ने खुशी जाहिर की। शनिवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष के टीम में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को पुनः राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के दायित्व दिए जाने, झारखंड प्रदेश प्रभारी सह सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेयी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व रांची मेयर आशा लकड़ा को राष्ट्रीय सचिव बनाये जाने पर जमशेदपुर महानगर के भाजपा नेता व कार्यकताओं ने बधाई दी। वही महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय पदाधिकारियों की टीम को अनुभवी एवं संतुलित बताया। उन्होंने कहा राष्ट्रीय पदाधिकारी की सूची में फिरसे शामिल किया जाना जमशेदपुर सहित पूरे झारखंड के कार्यकताओं के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में संगठन में बूथ अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष से लेकर सरकार में महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वाह कर लाखों कार्यकताओं को गौरवान्वित एवं प्रेरित किया। ऐसे जमीन से जुड़े नेता को राष्ट्रीय स्तर पर पुनः राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने से कार्यकर्ता हर्षित एवं गौरवान्वित हैं। उन्होंने कहा आगामी लोकसभा में इन सभी नेताओं के अनुभव एवं सांगठनिक क्षमता का लाभ पार्टी को मिलेगा। महानगर के जिला प्रवक्ता प्रेम झा ने पूर्व मुख्यमंत्री को भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा आगामी लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री के लंबे राजनीतिक अनुभव व सांगठनिक कौशल का लाभ से झारखंड सहित पूरे देश में भाजपा विजयश्री प्राप्त करेगी

### मुसाबनी में आरवीएस स्किल एकेडेमी का विधायक ने किया शुभारंभ

# बेरोजगार नहीं रहेंगे मुसाबनी के छात्र-छात्राएं : बिंदा सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**






**घाटशिला।** मुसाबनी प्रखंड के गोहला पंचायत में रहने वाले ग्रामीण छात्र-छात्राएँ को उच्च शिक्षा प्राप्त कराने के लिए मुसाबनी के छात्र आर.वी.एस. स्कील्स एकेडेमी ने पहल शुरू कर दी। शनिवार को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन शामिल हुए। अतिथियों का स्वागत नेशनल हेड श्रीराम कृष्ण लोढ़ा ने किया। कार्यक्रम के दरमयान केन्द्र के बच्चों ने स्वागत गान एवं नृत्य प्रस्तुत किया। आर.वी.एस. स्कील्स एकेडेमी के बिरसा केन्द्र का उद्घाटन विधायक रामदास सोरेन के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि रामदास सोरेन ने बच्चों के बीच युनिफार्म, बैग एवं कीट का वितरित किया। इससे पूर्व अतिथियों को बिन्दा सिंह,भरत सिंह, सत्रुघन सिंह एवं शक्ति सिंह ने शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेट कर उनका सम्मान किया। मंच पर गोहला पंचायत के मुखिया प्रभात हाँसदा, ग्राम प्रधान श्री सिंहराय हाँसदा व ग्राम के कई सम्मानित लोग उपस्थित रहे। मौके पर श्री सोरेन ने कहा झारखण्ड एक समृद्ध प्रदेश है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्र के जनता आज भी गरीब है। गरीबी से निकलने के लिए राज्य में हेमंत सरकार व केन्द्र सरकार कौशल विकास कार्यक्रमों से युवाओं को फायदा पहुंचाने का प्रयास कर रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाईटी के अन्तर्गत मुख्यमंत्री सारथी योजना व अन्य कई योजना के माध्यम से युवाओं लाभ पहचाने का कार्य कर रही है। जिससे युवाओं को रोजगार या स्वरोजगार से उनका भविष्य उज्जवल हो रहा है। इसके लिए युवाओं को आगे आकर योजनाओं का लाभ उठाना होगा। श्री सोरेन ने कहा आर.वी.एस. एजुकेशनल ट्रस्ट के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में आर.वी.एस. स्कील्स एकेडेमी के बिरसा केन्द्र का शुभारंभ करना सराहनीय पहल है। इससे यहां के युवाओं को लाभ मिलेगा। वही सचिव भरत सिंह ने कहा केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के इन दूरदर्शी योजनाओं से समाज का केवल भला नहीं बल्कि रोजगार के साथ स्वावलंबन भी मिलेगा। मौके पर एकेडमी के प्रबंध निदेशक सह आर.वी.एस. एजुकेशनल ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष सत्रुघन सिंह ने विस्तार से कौशल विकास केन्द्र के प्रयोजन एवं उद्देश्य पर प्रकास डाला। इस अवसर पर डी.एस.ओ. अजय कुमार ने युवाओ को संबोधित किया। कार्यक्रम के समापन पर स्टेट हेड विनीत श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मंच संचालन डॉ॰ सुधीर झा ने किया। मौके पर झामुमो केंद्रिय सदस्य कान्हु सामंत, विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत, प्रखंड अध्यक्ष प्रधान सोरेन, सचिव सोमाय सोरेन, गोहला पंचायत अध्यक्ष बागुन हांसदा, अमित बेसरा, जिला कोषाध्यक्ष काली पोदो गोराई, ग्राम प्रधान सिंगराई हांसदा, गोहला पंचायत मुखिया प्रभात हांसदा सहित सैकड़ो ग्रामीण शामिल रहे।

# बिजली की समस्या, सोसायटी के लोगों ने कराया विरोध दर्ज



गम्हरिया। सरायकेला खरसावां जिले के गम्हरिया स्थित विनायक गार्डन सोसायटी में पेयजल की समस्या उत्पन्न होने पर लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। शनिवार को सोसायटी के सैकड़ो लोगों ने मूलभूत सुविधा की मांग को लेकर डेवलपर्स संजय सिंह के खिलाफ विरोध दर्ज करते हुए बिजली व पानी मुहैया कराने की मांग की। सोसायटी के लोगो ने बताया बिल्डर के द्वारा वायदे के मुताबिक उन्हें सुविधा उपलब्ध नहीं की जा रही है। सोसायटी में पानी व बिजली की घोर समस्या है। लेकिन बिल्डर के द्वारा उसे पूरा नहीं किया जा रहा। जबकि सोसायटी के लोगों से पानी के नाम पर दिसंबर 2023 तक का भुगतान ले लिया गया। वहीं बिल्डर ने साफ कर दिया टैंकर द्वारा जलापूर्ति कराना संभव नहीं है। जिसके विरोध में सोसायटी के लोगों ने बिल्डर संजय सिंह के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सोसायटी के लोगो ने समस्या का समाधान जल्द नही होने से न्याय के लिए प्रशासन का सहयोग देने के लिए बाध्य होंगे।

# लौहपुरुष भारत रत्न जेआरडी टाटा की 119वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर।** टाटा के धरती पर लौहपुरुष भारत रत्न जेआरडी टाटा के 119वीं जयंती टाटा स्टील के द्वारा हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। शनिवार को जेआरडी टाटा के 119वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शनिवार सुबह से ही शहरवासियों के लिए टाटा स्टील के द्वारा कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे वॉकथॉन,एयरो मॉडलिंग शो व अन्य कई कार्यक्रम शामिल है। मौके पर टाटा स्टील के वरीय पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने जमशेदपुर के सोनारी हवाई अड्डे सहित विभिन्न स्थानों पर भारत रत्न जेआरडी टाटा को श्रद्धांजलि दी। जेआरडी टाटा की जयंती पर वॉकथॉन का आयोजन किया गया। जिसमें शहरवासियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। मौके पर सभी उम्र के लोगों की भागीदारी रही। जेआरडी स्पोर्टस कंप्लेक्स में लगभग तीन किलोमीटर चहलकदमी की गई। वॉकथॉन में 400 से ज्यादा लोगों ने भाग लिया। वॉकथॉन में पुरुष वर्ग में प्रथम रामलखन दास, मुकेश कुमार द्वितीय और संजीव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### मोहर्रम के विभिन्न अखाड़ों में शामिल हुए विधायक,अखाड़ा समितियों ने किया सम्मानित

# मोहर्रम त्याग व बलिदान का पर्व : मंगल कालिंदी







**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** हजरत इमाम हुसैन के शहादत व कुबार्नी का प्रतीक माने जाने वाला पर्व मोहर्रम के अवसर पर शनिवार को विभिन्न अखाड़ों में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। मौके पर मकदमपुर रोड नंबर 2 के अखाड़ा, जुगशालाई नगर परिषद क्षेत्र के हिल व्यू एरिया के हुसैनी इस्लामी अखाड़ा, जुगशालाई नगर परिषद क्षेत्र के गद्दी मोहल्ला अंतर्गत गद्दी युथ फाउंडेशन कमेटी के अखाड़ा,जामा मस्जिद स्थित अंजुमन तेग इस्लामी अखाड़ा में विधायक को पगड़ी पहनाकर व तलवार भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने सदस्यों के साथ पौधारोपण कर क्षेत्र को हरा-भरा झारखंड बनाने का संदेश दिया। विधायक ने कहा हुसैन की याद में मनाया जाने वाले मोहर्रम त्याग व बलिदान का पर्व है। पर्व में अमन,चयन व एकता का नजारा दिखता है। मौके पर मोहम्मद सुबेद आलम,नौशाद आलम, शामू मल्लिक, मोहम्मद जमील,मोहम्मद शमशाद, साजिद, एमडी सलाम, मोहम्मद सगीर, नूर दिन,सलीम मल्लिक, मनसूर अली, एमडी सलाम, अब्दुल कादिर,तस्लीम, तफसीर, रूबल सिंह, सिमरन सहित विभिन्न अखाड़ा कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

## त्योहार : गढ़वा जिले में दो पालियों में निकला मुहर्रम का जुलूस

# पारंपरिक हथियार संचालन कला का लोगों ने किया प्रदर्शन

**मुहर्रम जुलूस के दौरान लोगों ने हसन हुसैन की शहादत पर मनाया मातम**

आजाद सिपाही टीम

**गढ़वा।** मुहर्रम को लेकर शनिवार को जिला मुख्यालय गढ़वा में जुलूस निकाला गया। बड़ी संख्या में लोग रंग-बिरंगे झंडों के साथ शामिल हुए। इस दौरान लोगों ने पारंपरिक हथियार संचालन कला का प्रदर्शन किया। साथ ही हसन हुसैन की शहादत पर मातम भी मनाया। मुहर्रम जुलूस के दौरान या अली, या हुसैन के नारे से गुंजायमान रहा। जुलूस में शामिल लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। खासकर युवाओं की टोली इसमें उत्साहित देखी गई तथा नारा लगाते हुए लोग जुलूस में चल रहे थे। मुहर्रम जुलूस दो पालियों में निकाला गया। पहली पाली में सुबह आठ बजे से लेकर दोपहर एक बजे तक निकाला गया। जबकि दूसरी पाली शाम छह बजे से देर रात तक निकाला गया। पहली पाली के जुलूस में लोग झंडे, डीजे, पारंपरिक हथियार आदि के साथ शामिल जुए। जबकि दूसरी पाली के जुलूस में ताजिया, सिपड़ आदि के साथ जुलूस देर रात तक निकला। मझिआंव रोड ऊंचरी, रेहला रोड, कचहरी रोड समेत विभिन्न क्षेत्रों से आए झंडे एवं जुलूस मझिआंव मोड़ पर एकत्रित हुए। जहां बड़ी भीड़ जुलूस की शक्ल में शहर भ्रमण पर निकली। शहर के मझिआंव मोड़ पर मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जहां यादे हुसैन 2023 हुसैन एक पाक का लंगर का आयोजन किया गया। इसमें मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर आमंत्रित थे। जबकि जगह जगह पर मुहर्रम जुलूस में शामिल लोगों के लिए स्टाल भी लगाए गए थे। शहीदे आजम कमेटी, निजयामिया कमेटी आदि द्वारा स्टाल लगाये गये थे। मौके पर विभिन्न स्वयं सेवी संगठनों द्वारा भी स्टाल लगाये गये थे। मुहर्रम को लेकर विभिन्न चौक चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इस दौरान पुलिस बल के जवान पूरी तरह से मुस्तैद दिखे। पुलिस पदाधिकारी भी समय समय पर इसका जायजा ले रहे थे।




जिला मुख्यालय में मुहर्रम जुलूस में शामिल लोग



कांडी में मुहर्रम जुलूस के स्वागत के लिए लगा स्टॉल



केतार में ताजिया के साथ मुहर्रम जुलूस में शामिल लोग



मझिआंव में जुलूस के स्वागत के लिए लगा स्टॉल

### कांडी

प्रखंड क्षेत्र में मुहर्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। प्रखंड के कांडी, ढबरिया, नैनाबार, बत्तो, हरिहरपुर, घटहुआ, भिलमा, पखनाहा, सनपूरा, भुड़वा, कुरकूटा, तेलिया निजामत, पतिला, जमुआ, मरहटिया, चोका, सेत्तो सहित सभी गांवों में मुहर्रम का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। मुख्य आयोजन मुहर्रम इस्लामिया कमिटी कांडी की ओर से जमा दो हाई स्कूल कांडी के प्रांगण में किया गया। जिसके मुख्य अतिथि प्रसिद्ध युवा समाजसेवी विकास दुबे थे। इस कार्यक्रम में तीन विभिन्न टीमों ने कई हैरतअंगेज खेल के करतब दिखाये।

इस अवसर पर ट्रॉफी का वितरण करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि इसी तरह आपसी भाईचारे के साथ मुहर्रम का पर्व हर वर्ष मनायें। कांडी पंचायत समिति सदस्य ममता देवी के सौजन्य से मुहर्रम कमेटी को ट्रॉफी प्रदान किया गया था। मौके पर जिला पार्षद प्रतिनिधि दिनेश कुमार, कांडी पंचायत मुखिया विजय राम, बीडीसी प्रतिनिधि अनूप कुमार, समाजसेवी पंकज कुमार सिंह, उप मुखिया दिलीप राम, एएसआई प्रबल महतो, सदर वसीम खां, राम लखन प्रसाद, कृष्णा बारी, पाले खान, बाबू खान, हातिम खलीफा, राजद प्रखंड अध्यक्ष इमामुद्दीन खान सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष व बच्चे शामिल थे।

### केतार

प्रखंड के बेलाबार, नावाडीह, केतार, पचाडुमर गांव में आपसी भाईचारे के साथ शांति एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मुहर्रम संपन्न हुआ। मुहर्रम का त्यौहार 19 जुलाई की शाम से शुरू होकर 29 जुलाई की शाम संपन्न किया गया। जुलूस में शांति व्यवस्था कायम रखने में केतार थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि एवं बीडीओ सह अंचल पदाधिकारी मुकेश मछुआ का अहम योगदान रहा।

इस अवसर पर प्रतिनियुक्त कर्मी अमर भारती, राकेश गुप्ता, बीस सूत्री अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मूंगा साह, अजय वर्मा, समाजसेवी पत्रकार सह बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज आलम, सदर शमीम अंसारी, मेराजुद्दीन अंसारी, अल्ताफ अंसारी, हकीमुदिन अंसारी, जसमुदिन अंसारी, अलीहुसैन अंसारी, मोजाहिम अंसारी, मुख्तार अंसारी, असीम अंसारी, मनोज फौजी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### मझिआंव

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत भाईचारा एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मुहर्रम त्यौहार मनाया गया। इस्लाम धर्मावलंबियों ने ताजिया सिपहड़ के साथ जुलूस निकाला। प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न गांव से मोहर्रम का जुलूस मुख्य बाजार में में शामिल हुए एवं मिलान किया तत्पश्चात अंबेडकर चौक करबला में पहलाम किया गया।

मुहर्रम जुलूस का जन प्रगतिशील मुस्लिम एकता मंच के तत्वावधान में मझिआंव बस स्टैंड में स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कमेटी के अध्यक्ष सैयद अंसारी एवं सदस्यों ने जुलूस का स्वागत किया।

## मेराल में मुहर्रम इंतजामिया कमेटी ने पगड़ी पहनाकर किया मंत्री का स्वागत




**मेराल (आजाद सिपाही)।** मुहर्रम पर मेराल प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न पंचायत क्षेत्रों में शनिवार को आकर्षक ताजिया के साथ अखाड़ा जुलूस निकाला गया। प्रखंड मुख्यालय में चरका पत्थर, दिलबोध टोला, पूवार्रा टोला, बाजार टोला, मकुना, लगमा, गोंदा आदि जगहों से ताजिया तथा अखाड़ा जुलूस का मिलनी थाना चौक पर हुआ। इस दौरान जुलूस में शामिल नवयुवकों ने गर्मजोशी के साथ मातम किया। मिलनी स्थान पर कई युवाओं द्वारा परंपरागत हथियार के साथ अपने खेल का प्रदर्शन किया गया। जुलूस में काफी संख्या में महिला पुरुष व बच्चे शामिल रहे। मिलनी स्थान पर अलग-अलग हिस्से से खिलाड़ी की टोली निकली और डीजे तथा डंके की धून पर कई जुनून भरे करतब दिखाए।

**मंत्री ने मुहर्रम की दी बधाई :** गढ़वा विधायक व सूबे के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने प्रखंड के पचफेड़ी मोड़ पर आसपास के दर्जनों गांव से निकाले गए जुलूस के दौरान पहुंच कर लोगों को मुहर्रम की बधाई दी। इस दौरान मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा मंत्री को पगड़ी बांध कर सम्मानित किया गया।

थाना क्षेत्र में 62 जगह रखी गई ताजिया, सीपड़ और अखाड़ा : थाना क्षेत्र में 62 जगह रखे गए ताजिया, सीपड़ और अखाड़ा के साथ निकले गए जुलूस का शांतिपूर्ण पहलाम कराने के लिए प्रखंड प्रशासन मुस्तैद रहा। बीडीओ प्रवेश कुमार साव, सीओ निकिता बाला, थाना प्रभारी नीतीश कुमार दल बल के साथ अलग-अलग क्षेत्रों में जुलूस का नेतृत्व कर रहे थे। चरका पत्थर बड़ी मस्जिद से निकाले गये जुलूस का नेतृत्व हाजी मौलाना यासीन, अतहर अली अंसारी, सदर मुख्तार अंसारी, असलम अंसारी, समीद अंसारी, तजमुल हुसैन अंसारी, सोनू, बबलू, जब्बार, ज्ञासुद्दीन आदि कर रहे थे। इसी तरह दिलबोध टोला का नेतृत्व अहमद अंसारी, जुनैद अंसारी, नूरेआलम अंसारी, आशिक अंसारी, इकबाल, लतीफ अंसारी, पूवार्रा टोला का नेतृत्व कारी कमालुद्दीन, असगर अली, जममरूद्दीन अंसारी, ईदु मियां, अब्बास अंसारी, रेयाजुद्दीन, मोहम्मद हुसैन, रहमुद्दीन, मोहम्मद मकसूद, हुसैन, मजमुद्दीन, मकुना का नेतृत्व जलालुद्दीन, रियाजउद्दीन, शहाबुद्दीन, रोस्टम, इंत्यज, अख्तर आदि ही कर रहे थे। जुलूस में स्थानीय मुखिया रामसागर महतो, संजय भगत, विजय प्रसाद सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## विशुनपुरा पुरानी बाजार में हिंदुओं की ओर से रखा जाता है सिफड़ कदमी



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** शहादत की याद में मुहर्रम पर्व को लेकर शनिवार को मुख्यालय सहित विभिन्न गांवों में शांतिपूर्ण जुलूस निकाला गया। जुलूस में फैजुल इस्लाम कमेटी विशुनपुरा, पतिहारी, पिपरी कला, इस्लामियां मोमिनिन कमेटी मधुरी, अंजुमन कमेटी अमहर, इंतजामिया कमिटी पतागाड़ा द्वारा ताजिया जुलूस निकाला गया।

इस दौरान लोग मुहर्रम का जुलूस विशुनपुरा पुरानी बाजार कदम्मी सिफड़ को लेकर गांधी चौक पहुंचे, जहां विभन्न गांवों से आये ताजिया एवं सिफड से मिलान किया गया। मिलनी के बाद कोचेया, महुली होते हुये अमहर गांव स्थित करबलाह पर पहलाम कर जुलूस समाप्त किया गया।

**हिन्दुओं-मुस्लिम की एकता का प्रतीक है मोहर्रम पर्व :** मोहर्रम पर्व खास बात है कि विशुनपुरा पुरानी बाजार में हिंदुओ के द्वारा सिफड़ कदमी रखा जाता है। उसके बाद मान्यता के अनुसार कदमी सिफड़ से विभिन्न गांवों से आये ताजिया, सिफड़ एवं झंडे को मिलान किया जाता है। उसके बाद हिंदुओं के द्वारा बनाया गया कदमी सिफड़ को जुलूस में सबसे आगे चलते हुए पहलाम किया जाता है। जुलूस में शामिल होकर दोनों समुदाय के लोग आपसी भाईचारा का मिसाल बने रहते हैं।

वहीं जुलूस के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी बुद्ध राम सामद अपने दल-बल के साथ हर चौक चौराहों पर मौजूद थे।

## विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से ताजिया जलकर खाक, तीन घायल

**एसडीपीओ, थाना प्रभारी, बीडीओ-सीओ सहित अन्य अधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर घायलों की स्थिति की जानकारी ली**

आजाद सिपाही संवाददाता




**बंशीधर नगर।** मुहर्रम पर्व को लेकर थाना क्षेत्र के सरहस्ताल गांव में निकाले गए ताजिया का गुंबद 1 लाख 33 हजार वोल्ट के तार में सटने से ताजिया जलकर खाक हो गया। वहीं इसकी चपेट में आने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों का इलाज अनुमंडल अस्पताल में किया गया। जहां चिकित्सक ने स्थिति खतरे से बाहर बतायी।

घटना शनिवार को 12 बजे की बतायी जाता है। घायलों में सरहस्ताल गांव निवासी रसूल मियां के 45 वर्षीय पुत्र आलम अंसारी, हर्जूउद्दीन अंसारी के 30 वर्षीय पुत्र हकीक अंसारी तथा मरहूम अंसारी के 40 वर्षीय पुत्र अली बास अंसारी के नाम शामिल हैं।

ॅघटना के बारे में बताया जाता है कि सरहसताल गांव से ताजिया निकालकर लोग भ्रमण करते हुए थरकिया गांव गए वापस लौटने के दौरान सरहसताल गांव जैसे ही पहुंचे सड़क के ऊपर 1 लाख 33 हजार वोल्ट विद्युत तार में ताजिया का गुंबद सट गया। गुंबद के सटने के साथ ही ताजिया में आग पकड़ ली। ताजिया को लेकर चल रहे तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए। वहीं कई लोगों को हल्का झटका लगा। ताजिया में आग लगते ही लोगों ने बुझाने का प्रयास किया लेकिन जब तक आग बुझा पाते तब तक ताजिया पूरी तरह जलकर खाक हो गया था।

इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, अंचल अधिकारी अरुण कुमार मुंडा, बीडीओ श्रवण राम सहित अन्य अधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर घटना में घायल लोगों की स्थिति की जानकारी ली।

## भवनाथपुर में हजरत हुसैन की शहादत की याद में निकाला गया मुहर्रम का जुलूस



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर प्रखंड क्षेत्र में हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मुहर्रम त्यौहार का जुलूस या हसना या हुसैन के नारे के शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मुहर्रम का जुलूस अरसली उत्तरी, चौरासी, मकरी, पंडरिया, चपरी में निकाला गया। इस जुलूस में तिरंगा झंडा, ताजिया, सिफड़ निकाला गया। जुलूस शामिल लोगों ने मकरी पंचायत के मैदान में मिलन के बाद अपनी कला का प्रदर्शन कर लोगों का मनोरंजन किया। प्रखंड के सभी अखाड़ा कमेटियों का मिलन अपने अपने कर्बला मैदान में हुआ। जुलूस के साथ समुदाय के लोग सजी हुई ताजिया को लेकर चल रहे थे। सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय सहित अन्य पदाधिकारी जुटे थे। मकरी मैदान में इंतेजामियां कमेटी मकरी के द्वारा अखाड़ा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले कमेटी को पुरस्कृत किया गया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### शांति निवास उवि में सीबीएसइ बोर्ड ने सेमिनार का आयोजन कर शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शांति निवास उच्च विद्यालय में शनिवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें कुल 63 शिक्षकों ने भाग लिया। सीबीएसई के द्वारा आयोजित इस सेमिनार में शांति निवास उच्च विद्यालय के 39 शिक्षक एवं ओरिएंट पब्लिक स्कूल मेदनीनगर के 24 शिक्षक सम्मिलित हुए। सीबीएसई के पटना जोन के प्रशिक्षक अजय कुमार सिंह ने सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया। पांच घंटे तक चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षकों को बच्चों के पढ़ाने के विभिन्न तरीके को विस्तार पूर्वक बताया गया। प्रशिक्षक अजय कुमार सिंह ने कहा कि जब शिक्षक खुश होकर क्लास में जाएंगे तो ही बच्चे भी क्लास रूम में खुश होकर शिक्षा ग्रहण करेंगे। सभी शिक्षकों को बच्चों को खुशनुमा माहौल प्रदान करना होगा, तभी वह सभी चीजों को आसानी के साथ समझ सकेंगे। इस मौके पर शांति निवास की प्राचार्य सिस्टर रोशना ने कहा कि समय-समय पर बोर्ड की ओर से शिक्षकों को इस तरह का प्रशिक्षण की जरूरत है ताकि वे पढ़ाने के विभिन्न आयामों को जान सकें। मौके पर सचिव सिस्टर लिंडा सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### ताजिया मिलान के दौरान दो कमेटी के लोगों के बीच हुई मारपीट में दो युवक घायल



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के झलुआ गांव में ताजिया मिलान के दौरान दो कमेटी के लोगों के बीच हुई मारपीट में दो युवक घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक पक्ष के नवाब अली और दूसरे पक्ष के अजहर अंसारी नाम का युवक शामिल है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि । झालुआ गांव के मस्जिद के समीप ताजिया मिलान के दौरान दो गुटों के बीच कहासुनी हुआ था। जिसे लेकर शाम को ताजिया कर्बला मैदान जा रहा था। झलुआ गांव में ही अजहर और नबाव अली के बीच मारपीट हो गई। जिसमें दोनों पक्ष को ही गंभीर चोट लगी है।

### भवनाथपुर में बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल की इलाज के दौरान हुई मौत

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** बीते शुक्रवार के सुबह बाईक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल मकरी के ढेकुलिया टोला निवासी अशोक विश्वकर्मा पिता लखन विश्वकर्मा की मौत इलाज के दौरान मदिनीनगर में हो गई। जानते चले कि अशोक विश्वकर्मा बीते शुक्रवार के सुबह बाईक दुर्घटना मे घायल हो गये थे, स्थानीय सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद गढ़वा फिर डालटनगंज रेफर किया गया जहाँ इलाज के दौरान डालटनगंज मे मौत हो गई। पुलिस ने शव को अंत्यपरीक्षण के बाद शव को परिजनों के हवाले कर दिया। उधर मौत की सूचना मिलते ही मुखिया प्रतिनिधि धनंजय साह, नंदू विश्वकर्मा, अखिलेश पाल, लल्लू राम आदि ने मृतक के घर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया।

### जिप सदस्यों की अनुशंसा पर डीप बोरिंग, मवेशी वितरण और दुधारू गाय का हो वितरण : जोसिमा खाखा

**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** जिप सदस्य जोसिमा खाखा जिला परिषद सदस्यों की समस्याओं को लेकर काफी गंभीर नजर आ रही है। वे जिला परिषद सदस्यों के हित मे कई मांग सरकार के समक्ष लगातार रख रही है। शुक्रवार को भी पाकरटांड़ जिप सदस्य जोसिमा खाखा, बाँसजोर जिप सदस्य समरोम पौल तोपनो के साथ कृषि मंत्री बादल पत्रलेख से मिलकर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से जिला परिषद सदस्यों के हित मे सरकार से जरूरी कदम उठाने की मांग की। जोसिमा खाखा और समरोम पौल तोपनो ने बताया कि कृषि विभाग के अधीन होने वाले कार्यों में जिला परिषद सदस्यों से कोई सुझाव तक नहीं लिया जाता है। बताया कि कृषि विभाग द्वारा किसानों के बीच हल जोतने वाले मवेशी का वितरण किया जाता है। लेकिन जिला परिषद सदस्यों से इसके लिए अनुसंशा करने का कोई प्रावधान नहीं है। नतीजन विभाग के पदाधिकारी व कर्मचारी अपने मनमुताबित मवेशी का वितरण कर रहे हैं। इस कारण जरूरमंद किसान योजना का लाभ लेने से वंचित हो रहे हैं। जिप सदस्यों का ग्रामीणों के साथ बढ़िया तालमेल है। ऐसे में जिला परिषद सदस्यों के अनुसंशा पर मवेशी और दुधारू गाय का वितरण कराया जाता तो योजना का लाभ जरूरत मंद किसानो को मिलता। जोसिमा ने कहा कि जिप सदस्यों की अनुसंशा पर कृषि कार्य हेतु होने वाले बोरिंग कराने की सुविधा दी जाय। जिप सदस्यों ने किसानों के हित में भी कार्य करने की मांग की।

### अग्निवीर वायु भर्ती ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 27 जुलाई से 17 अगस्त तक

**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** जिले में प्रशासन इसके लिए हर संभव प्रयास कर रहा है कि पहले ज्यादा से ज्यादा संख्या में रजिस्ट्रेशन हो और फिर रजिस्टर्ड अभ्यर्थियों को कोचिंग मुहैया कराकर उन्हें भारतीय वायुसेना में चयनित कराया जाए। इसके लिए रजिस्ट्रेशन हेतु जिला नियोजन कार्यालय में मुफ्त एवं निरंतर सेवा का प्रावधान किया गया है। 17 अगस्त तक सप्ताह के हर दिन प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक जिला नियोजन कार्यालय में जाकर रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। यह सुविधा निशुल्क है। उसके बाद की तैयारी हेतु जिला पुस्तकालय एवं जिला नियोजन कार्यालय में अग्निवीर वायु के लिए सारी पुस्तकें प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। जिले के सभी प्रमुख कोचिंग संस्थानों में भी इस प्रयोजन हेतु पुस्तकें एवं मॉडल प्रश्न पत्र उपलब्ध कराया जा रहा है। जिले के सभी प्रमुख कोचिंग संस्थान अग्निवीर वायु के लिए विशेष बैच भी चलाएंगे। शिक्षा विभाग की ओर से अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी बादल राज को इस कार्यक्रम का नोडल भी बनाया गया है। पिछले वर्षों में सिमडेगा जिले का इस वर्ग में प्रदर्शन बेहद खराब रहा है, जिसे बेहतर करने के लिए इस बार प्रशासन इस संबंध में प्रयास कर रहा है।

# लोहरदगा में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकाला गया मातमी जुलूस

## सभी समुदाय के लोगों ने जुलूस में शामिल होकर आपसी भाईचारगी का दिया संदेश



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले में शनिवार को अंजुमन इस्लामियां और सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के अगुवाई में मुहर्रम की दशमी पर जोशोखरोश के साथ जुलूस निकाली गयी। इससे पूर्व बीते कई दिनों से मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा अपने अपने अखाड़ों में ढोल ताशे बजाए जा रहे थे। सप्तमी से ही अलग अलग जगहों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे थे। इस क्रम में नारे तकबीर अल्लाह हू अकबर, या अली या हुसैन के नारे बुलंद किए गये। जुलूस में विभिन्न अखाड़ों के सदस्य ढोल ताशा भी बजाते नजर आये। इस क्रम में अंजुमन के सदर हाजी अफसर कुरैशी, सेक्रेट्री सफदर आलम सहित अन्य पदाधिकारी विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। वहीं दूसरी ओर त्योहार को लेकर जिला प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक दिन पूर्व से ही जगह-जगह पर तैनात दिख रहे थे। जुलूस शहर के थाना चौकी स्थित जामा मस्जिद से शुरू होकर चंद्रशेखर आजाद चौक, गुदरी बाजार, शास्त्री चौक, थाना चौक, महात्मा गांधी रोड, न्यू रोड, सुभाष चौक होते हुए सोमवार बाजार पहुंचा। यहां ताजिया रखने के बाद फातिया ख्वानी भी की गयी। इधर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह, नगर परिषद पदाधिकारी देवेंद्र कुमार सहित अन्य गस्ती लगाते रहे। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरा और ड्रोन के माध्यम से भीड़ पर नजर रखी गयी।

### किस्को प्रखंड क्षेत्र में मोहर्रम शांतिपूर्वक ढंग से हुआ संपन्न



**किस्को।** प्रखंड के नारी नवाडीह धुर्वा मोड़, किस्को, हिसरी और चरहु में आज मंगलवार को दोपहर हजरते इमाम हसन और हजरते इमाम हुसैन की शहादत की याद में मोहर्रम त्यौहार के मौके पर शांतिपूर्वक ढंग जुलूस निकाला गया। जुलूस में हजरत इमाम हसन और हुसैन के शान में नारा लगाकर उन्हें याद किया। साथ ही कहा गया कत्ल-ए-हुसैन अस्ल में मर्ग-ए-यजीद है इस्लाम ज़िंदा होता है हर कर्बला के बाद। इस मौके किस्को में विभिन्न गाँव से जुलूस निकलकर इमाम बाड़ा पहुंचे जहां अस्त्र शास्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वही शांति पूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने और विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर किस्को थाना क्षेत्र में मजिस्ट्रेट के रूप में अंचलाधिकारी बूड़ाय सारू, बीएओ शंकर कुमार प्रसाद, किस्को थाना प्रभारी पोलीकार्प टोप्पो, एसआई आनंद मरांडी, एएसआई अविनाश कुमार सिंह के अगुवाई में जगह- जगह में पुलिस प्रशासन तैनात थे। मौके पर किस्को में परहेपाट मूखीया जतरु भगत, नवाडीह मूखीया मीना कुमारी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष यूनुस, फैजी, रौनक इकबाल, कबीर, दुर्गा, शमीम, जाबिर, सेराज खान सहित अन्य मौजूद थे।

### या हुसैन की सदाओं से गूंज उठा कैरो



**कैरो/लोहरदगा।** मोहर्रम माह के 10वें दिन यानी 10 तारीख को रोज-ए-आशुरा कहा जाता है। इन दिन को इस्लामिक कैलेंडर में बेहद अहम माना गया है। क्योंकि इसी दिन हजरत इमाम हुसैन की शहादत हुई थी। इस्लाम धर्म के संस्थापक हजरत मुहम्मद साहब के छोटे नवास हजरत इमाम हुसैन ने कर्बला में अपने 72 साथियों के साथ शहादत दी थी। इस घटना को याद करते हुए पहली पाली में, चरिमा में मेला का आयोजन किया। प्रखंड के कैरो-नयाटोली, सढ़ाबे, नरौली, नगजुआ चरिमा, गाराडीह, नरौली गजनी गाँव का जुलुस कैरो मेला टांड पहुंची इमाम ए हुसैन को याद करते हुए या हुसैन या अली की सदायें के साथ लाठी, भाला व तलवारबाजी में अपना हुनर दिखाया प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने कर्बला की दास्ताँ को याद करते हुए पंडित भुवेश चन्द्र शर्मा की पंक्ति को दुहराते हुए कहा कि

- काश हिन्द में हुसैन इब्ने अली आते
राहें सजाते, उनके कदम चुमते हिन्दू
आंच अहमद के नवासे पर न आने देते
वक्त आने पर कई सर कटाते हिन्दू!!

अंचल अधिकारी कमलेश उरांव ने कहा कि इमाम हुसैन की शहादत हमें हक बोलने, लिखने, हक के साथ खड़े होने की सीख देता है

### त्याग और बलिदान का त्यौहार मोहर्रम पर आयोजित हुआ मेला



**सेन्हा-लोहरदगा।** त्याग और बलिदान का पर्व मोहर्रम को लेकर सेन्हा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित हुआ मेला शनिवार को ताजिया व बाजे गाजे के साथ निकाला गया जुलूस। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के भड़गांव,उगरा और डांडू में मुहर्रम त्यौहार को लेकर मेला का आयोजन किया गया। जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक इंतजाम थाना प्रभारी अभिनव कुमार द्वारा डीएसपी परमेश्वर प्रसाद पुलिस इंस्पेक्टर बनारसी प्रसाद और प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा के नेतृत्व में किया गया था। जबकि गस्ती के दौरान एसआई गणेश कुमार यादव और अन्य पुलिस पदाधिकारी शस्त्र बल के साथ शांति व्यवस्था बनाने में लगे हुए थे।

### त्याग और बलिदान के पर्व मोहर्रम पर निकला ताजिया और अखाड़ा जुलूस



**बरवाडीह।** त्याग और बलिदान के पर्व मोहर्रम को लेकर बरवाडीह प्रखण्ड के विभिन्न समितियों द्वारा शनिवार को जुलूस निकाला गया। बरवाडीह के गुलजार बाग, अहिरपुरवा, भगत सिंह चोक, आदर्शनगर, गढवातांड सहित अन्य कई गांव के जुलूस अम्बेडकर चौक पहुंचा।वही दूसरी और बरवाडीह प्रखंड के के पोखरी मे एक से बढ़कर एक ताजिया देखने को मिला जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। जहां मुख्य अतिथि के रूप में मनिका विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक रामचंद्र सिंह ने शिरकत की। जंहा जुलूस के दौरान या अली या हुसैन के नारों इलाका गूंज उठा। मुहर्रम जुलूस में इस्लाम धर्मावलंबियों के साथ साथ विभिन्न धर्म के लोग भी शामिल हुए। तलवार, भाला, गड़ासा, लाठी सहित आग से कई करतब दिखाये। कहा जाता है कि हजरत इमाम हुसैन अपने परिवार के साथ कर्बला के मैदान में शहीद हो गये थे। लेकिन बातील के आगे अपने सिर नहीं झुकाया। जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक इंतजाम किये गये थे। एसडीपीओ दिलु लोहरा, थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, राजस्व कर्मी सुरेश राम सहित अन्य पदाधिकारी शांति व्यवस्था बनाने में लगे थे।

### नाबालिग ट्रैक्टर चालक ने बालक को कुचला, भीड़ ने उसे भी पीटकर मार डाला

**किस्को/लोहरदगा(आजाद सिपाही)।** बगड़ू थाना क्षेत्र के अरेया गांव में खेत में हल चला रहे ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक बच्चे की मौत हो गयी है। वहीं आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक की पीट पीट कर हत्या कर दी है। घटना स्थल पर पहुंच कर पुलिस ने शवों को कब्जे में लेते हुए शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार 15 वर्षीय नाबालिग ट्रैक्टर चालक विशाल कुमार लक्ष्मण साहू का खेत जोत रहा था। इसी दौरान वहां मौजूद नीरज कुमार का तीन वर्षीय बेटा श्रेयांश ट्रैक्टर के हल की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। सूत्रों की माने तो घटना से आक्रोशित मृत बालक के परिजनों और स्थानीय लोगों द्वारा ट्रैक्टर चालक विशाल की जमकर धुनायी कर दी गयी और मौत हो जाने पर उसे ट्रैक्टर के रोटावेटर के नीचे डाल कर दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की गयी है। घटनास्थल पर पहुंचे बगड़ू थाना प्रभारी पंकज कुमार शर्मा पूरी मामले की पड़ताल और कार्रवाई में जूट गये हैं।

### शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाय गया मोहर्रम का त्योहार

**हेरहंज-(लातेहार)।** प्रखंड क्षेत्र में शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाय गया मुहर्रम का त्योहार। याद किये गये अली हुसैन। प्रखंड क्षेत्र के चिरु, रोहन, लावागड़ा, पुरनी हेरहंज, बिजरा, केडू, सेरनदाग सहित कई जगहों पर निकाला गया मुहर्रम का जुलूस। आपसी भाई चारे के साथ सभी जगह जुलूस में दोनों समुदाय शामिल हुये। पुरनी हेरहंज का जुलूस सबसे खास देखने को रहा। पुरनी हेरहंज से होते हुवे बाजार टाड़ पहुँचा जिसके बाद पूरे बस्ती जुलूस को भ्रमण किया गया। वही हिंदू महिलाएं अपने अपने घर के पास ताजिया को प्रसाद चढ़ा कर पूजा करते नजर आये। वहीं चिरु पँचायत के मोफिल टांड में काफी संख्या में जुलूस में शामिल हुवे। और एक से बढ़ कर एक करतब करते नजर आए। वहीं थाना पुलिस के जवान सभी जुसुसो पर तैनात रहे। सभी जगह कलाकारों द्वारा एक से बढ़ कर एक प्रदर्शन किया।

## महुआडांड़ में त्याग और बलिदान का पर्व मोहर्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**महुआडांड़/लातेहार।** मोहर्रम इंत्तजामिया कमिटी के जनरल खलीफा लाडले खान और नायब खलीफा शाहजद आलम के नेतृत्व मे शनिवार को पूरे प्रखंड में मोहर्रम का जुलूस शान के साथ निकाला गया। यह जुलूस जरहाटोली से शुरू होकर गुरगुटोली, अंबोवाटोली, डीपाटोली, महुआडांड़ बिरसा चौक, फुलवार बगीचा, बिरसा मुंडा चौक, रामपुर चौक होते हुए दीपाटोली पहुंची और फिर उसी रास्ते से वापस जरहाटोली पहुंची। जुलूस के दौरान पूरा प्रखंड या अली और या हुसैन के नारे से गूंज उठा। जुलूस की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसडीपीओ राजेश कुजूर के निर्देशानुसार थाना प्रभारी रत्न टुडू के नेतृत्व में पुलिस बल सभी संवेदनशील चौक चौराहों पर पुलिस बल तैनात थी। मौके पर सदर इमरान खान, सेक्रेट्री मजहर खान, इफ्तेखार अहमद, आजाद अहमद समेत बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबी मौजूद थे। मोहर्रम की नवमी और दसवीं तारीख को मुस्लिम धर्मावलंबियों के द्वारा यौमे आशुरा का रोजा भी रखा गया। यौमे आशूरा के संबंध में मुफ्ती शब्बर रजा ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि मुहर्रम के महीने के नवमी और दसवीं तारीख को रोजा रखने से एक साल के गुनाह माफ हो जाते है साथ ही इस उपवास से कर्बला में शहीद हुए लोगों का भी याद ताजा हो जाती है।

## जिला परिषद उपाध्यक्ष ने बैठक में बालूमाथ से जुड़े जनहित के मुद्दे उठाये




आजाद सिपाही संवाददाता

**बालूमाथ।** लातेहार जिला परिषद की हुई बैठक में उपाध्यक्ष अनिता देवी ने दहाड़ मारते हुऐ बालूमाथ से जुड़े जनहित के कई मुद्दे उठाये। पिछली बैठक में भी बालूमाथ में कोल्ड स्टोरेज से संबंधित मामला उठाया गया था जिस में जानकारी दी गयी थी कि बालूमाथ में तीन चालू कोल्ड स्टोरेज है जो कि बालूमाथ, धाधू और मारंगलोईया में स्थित है। लेकिन उसकी स्थिति ठीक नहीं है, जिसे ठीक कराने हेतु निर्देशित किया गया है। बालू के बहेराटोली में 25 केवीए का ट्रांसफार्मर जल गया है ट्रांसफर अविलंब लगाना है। कई जगहों से खराब चापाकल और खराब जल मीनार की सूचना प्राप्त थी इसकी सूची पीएचडी को उपलब्ध करायी गयी है और निर्देशित किया गया है कि 15 दिनों के अंदर इसे ठीक करा दें। बालूमाथ के मुरपा मोड़ में 3 वर्ष पूर्व लगाया गया जल मीनार 2 वर्षों से खराब है। इसे दुरुस्त कराने का निर्देश दिया गया।

जल नल योजना में पायी जा रही अनियमितता की ओर सदन का ध्यान आकृष्ट कराया गया जिसमें पूर्व में गड़बड़ी के बिंदुओं पर कार्यपालक अभियंता के द्वारा गोल मटोल जवाब दिया गया कि सारी शिकायतों का निराकरण कर लिया गया है। उपाध्यक्ष ने बताया गया कि जो अनियमितता बिंदुवार उठायी गयी थी। उनका बिंदुवार समाधान होनी चाहिए। गोल मटोल जवाब से पेयजल की समस्या को ठीक नहीं किया जा सकता है। बालूमाथ में यात्री बसों का ठहराव मुख्य पथ पर होने के कारण बालूमाथ में हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। बसों को के ठहराव को बस स्टैंड में कराना सुनिश्चित किया जाये।

**नये डीसी से अनीता देवी ने की भेंट:** वही उपाध्यक्ष जिला परिषद लातेहार अनीता देवी ने लातेहार के नवनियुक्त उपायुक्त हिमांशु मोहन से की मुलाकात। उन्होंने बुके देकर उपायुक्त का स्वागत किया और टीम वर्क के रूप में विकास कार्यों का निष्पादन करने का अनुरोध किया। यह उनकी शिष्टाचार मुलाकात थी।

## हाजीपुर रेल जोन के जीएम ने बरवाडीह का किया निरीक्षण, खामियों पर जतायी नाराजगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** शनिवार को हाजीपुर रेल जोन के जीएम अनुपम शर्मा एक दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बरवाडीह पहुंचे। जहां उनकी अगुवाई धनबाद रेल मंडल के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा के द्वारा किया गया। हाजीपुर रेल जोन के जीएम अपने तय कार्यक्रम के तहत शनिवार की सुबह बरवाडीह पहुंचे। जहाँ उनका स्वागत डीआरएम समेत रेलवे के आला अधिकारी और स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी के द्वारा बुके भेंट करके किया गया। जीएम के द्वारा बरवाडीह आरओएच शेड के साथ रनिंग रूम के निरीक्षण किया गया। जहाँ जीएम ने आरओएच की कुछ खामियों के देख नाराजगी व्यक्त करते हुए फटकार भी लगायी। साथ ही सुधार करने का निर्देश दिया। इस दौरान मौके पर सहायक मंडल यांत्रिक अभियंता विकास शुक्ला चोपन के पावर एडीएमई विजय कुमार, आरओएच इंचार्ज जुगनू दास, आरपीएफ इंस्पेक्टर ओम प्रकाश ठाकुर, अभिमान श्रीवास्तव समेत काफी संख्या में हाजीपुर जोन और धनबाद रेल मंडल के अधिकारी मौजूद थे ।

**जीप सदस्य ने ट्रेन ठहराव समेत दस सूत्री मांग को लेकर जीएम को सौंपा ज्ञापन**

इस दौरान जिप सदस्य के द्वारा जीएम को बरवाडीह प्रखंड से जुड़ी 10 सूत्री मांगों को लेकर मांग पत्र सौंपा गया। मांग पत्र के माध्यम से रांची वाराणसी, संबलपुर वाराणसी, हटिया स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस का पूर्व की तरह ठहराव के साथ बरवाडीह के मंगरा बस्ती से 17 सी फाटक तक सड़क निर्माण की मंजूरी, मंगरा बस्ती और कंचनपुर बस्ती के पास दर्जनों गांव और हजारों लोगों के आवागमन को लेकर अंडर पास , बरवाडीह रेलवे क्लब में बच्चो और महिलाओं के लिए ओपन जिम के साथ क्लब के हॉल को साउंड प्रूफ बनाने, रेलवे कॉलोनी की जर्जर सड़कों की हालत सुधारने,और रेलवे चिकित्सालय में चिकित्सा व्यवस्था को बेहतर करने के साथ महिला चिकित्सक की पदस्थापना करने की मांग की गयी। वही जीएम के द्वारा भी जिला परिषद सदस्य की मांग पर नियम संगत कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया।

### चंदवा में सौहार्दपूर्ण वातावरण में मोहर्रम संपन्न



**चंदवा(आजाद सिपाही)।** चंदवा त्याग और बलिदान का त्योहार मुहर्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। मुस्लिम धर्मावलंबियों के द्वारा भव्य जुलूस निकाला गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगो ने भाग लिया। जुलूस में शामिल लोग हुसैनी झंडे के साथ साथ हाथों में तिरंगा भी लहराते नजर आए। तिलैयाटाँड़, कामता, शुक्रबाजार, बेलवाही, कुजरी, बोदा आदि जगहों से ताजिया, अखाड़ा, निशान लेकर विभिन्न अखाड़े हरैया स्थित श्रीराम चौक पहुंचे वहाँ से सभी सुभाष, चौक मेन रोड होते हुए इंदिरा गांधी चौक पहुंचे जहां विभिन्न अखाड़ो के द्वारा ताजिया के समीप नियाज फातिहा की रश्म अदा की गयी। लोगों ने जगह जगह खेल का हैरतअंगेज करतब दिखाया। लातेहार विधायक बैजनाथ राम चंदवा पहुंचे और मोहर्रम के जुलुस में शामिल हुए। विभिन्न ताजियों का भी जायजा लिया। थाना परिसर में पुनि सह थाना प्रभारी बबलु कुमार, बीडीओ सह अंचलाधिकारी विजय कुमार के नेतृत्व में बेहतरीन कारीगरी कर तैयार किये गये ताजियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सम्मान समाहरोह में अंजुमन कमिटी शुक्रबाजार के ताजिया को प्रथम पुरस्कार, कामता के ताजिया को द्वितीय पुरस्कार, मजीद खान शुक्रबाजार के ताजिया को तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया।

### विश्व टाइगर दिवस के मौके पर रेंजर के नेतृत्व में निकाली गयी प्रभातफेरी



**बरवाडीह(आजाद सिपाही)।** विश्व टाइगर दिवस पर शनिवार को बरवाडीह रेंजर अजय टोप्पो के साथ वनपाल और अन्य वनकर्मियों के साथ प्रभातफेरी निकाली गयी। प्रभात फेरी शहर के विभिन्न मार्ग होते हुए रेंज कार्यालय परिसर मे समाप्त हुई। जिसका नेतृत्व रेंजर अजय टोप्पो ने किया। प्रभातफेरी में वनकर्मी अपने अपने हाथों मे तख्ते लिए हुए थे और लोगों में जागरूकता लाने के लिए वन प्राणियों को सुरक्षा देना मेरा कर्तब्य है, जंगल को बचाना है, आदि नारे लगा रहे थे। मौके पर रेजर ने कहा कि वन्य प्राणियों को सुरक्षा देना मेरा कर्तव्य है। इस मौके पर प्रबहरी वनपाल रजनीश सिंह, शशिभूषण कुमार, सुभाष कुमार, मुकेश उरांव, पीपीएफ वन ट्रैकर समेत अन्य वन कर्मी मौजूद रहे।

### पीडीएस कार्डधारकों ने सोना सोबरन योजना का उठाया लाभ



**सेन्हा-लोहरदगा(आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार द्वारा संचालित सोना सोबरन महत्वाकांक्षी योजना के तहत बुटी पंचायत के झखरा में धोती साड़ी का वितरण कार्डधारियों के बीच किया गया। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत ग्राम में पीडीएस कार्डधारक के बीच सोना सोबरन योजना के अंतर्गत जन वितरण प्रणली संचालक के माध्यम से धोती साड़ी का वितरण प्रति लाभुक से 10 रुपया प्राप्त कर किया जा रहा था। जो बीच में किसी कारण को लेकर लम्बे समय तक बंद था। परंतु झारखंड सरकार द्वारा संचालित सोना सोबन योजना का लाभ पीडीएस कार्डधारियों को देने हेतु पुनः योजना को आरंभ किया गया। योजना का लाभ आशा देवी, झरियो देवी, प्यारी देवी, रहिमन खातुन, सरिता देवी, परदेशिया उराँव सहित 110 कार्डधारियों को दिया गया।

### झारखंडी जनता की भावना को छलने का काम कर रही हेमंत सोरेन सरकार : राजू गुप्ता

**लोहरदगा(आजाद सिपाही)।** आजसू केंद्रीय सदस्य राजू गुप्ता ने बयान जारी कर कहा कि विधानसभा सत्र में महामहिम राज्यपाल के द्वारा त्रुटिपूर्ण खतियान आधारित नियोजन, स्थानीय निती और पिछड़ी जाति को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के बिधेयक को पुनः हेमंत सोरेन सरकार सत्र में लाने की तैयारी कर रही है। सच्चाई यही है कि सरकार चाहती ही नहीं है कि विधेयक राज्य में लागू हो। जनता को मुर्ख बहुत बनाया। कभी 60-40 का मुद्दा बनाया, कभी खतियान अधारित नियोजन निती बन ही नहीं सकता, कभी आरक्षण का मुद्दा, कभी सरना धर्म कोड, कभी साढ़े तीन लाख का आवास, कभी डीजल पेट्रोल में सब्सिडी, कभी 100 युनिट तक बिजली मुफ्त, मॉब लिचींग के लिए कठोर कानून। अपने चुनावी घोषणा पत्र का एक भी घोषणा को अपने अन्तिम समय तक लागू नहीं किया।

### सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का मिल रहा है जरूरतमंदों को लाभ : मधुलिका रानी



**कैरो (लोहरदगा)।** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 29 जुलाई शनिवार को प्रखंड के सभी पीडीएस दुकानो मे सोना-सोबरन साड़ी धोती योजना के अंतर्गत कार्डधारियो के बीच किया जा रहा है साड़ी, धोती और लुंगी का वितरण। इस अवसर पर प्रखंड के पंचयात कैरो के पीडीएस दुकानदार दुर्गा महिला मंडल और नसीर आलम के दुकान मे प्रखंड उप-प्रमुख मधुलिका रानी, प्रखंड 20 सुत्रि सद्स्य, सढाबे मुखिया सुमित्रा उराँव, कैरो मुखिया बीरेंद्र महली व वार्ड सदस्य उज्वेला तिग्गा ने कार्डधारियो के बीच धोती, साड़ी व लुंगी का किया वितरण। मौके पर प्रखंड उप-प्रमुख मधुलिका रानी ने लाभूको से कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का जरूरतमंदो को मिल रहा है लाभ। वही प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी भीम उराँव ने सभी पीडीएस दुकानदारों से उक्त योजना मे वितरण प्रणाली को युद्ध स्तर पर शत प्रतिशत कार्डधारियों के बीच वितरण करने का निर्देश प्रखंड के दुकानदारों को दी है।

### खेल से होता है शारिरीक व मानसिक विकास : शितमोहन



**चंदवा।** जमीरा पंचायत के महुआमिलान स्थित देवी मंडप खेल मैदान में शनिवार को फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन किया गया। फुटबॉल टूनार्मेंट के मुख्य अतिथि झामुमो जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा ने फुटबॉल को किक मारकर मैच का उद्धघाटन किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए शितमोहन मुंडा ने कहा कि खेल से मानसिक व शारिरिक विकास होता है युवा खेल में भी बेहतर प्रदर्शन कर अपना भविष्य बना सकते हैं। मौके पर समाजसेवी सह युवा नेता ब्रह्मदेव प्रजापति, बरन भोक्ता, जयप्रकाश कुमार आयोजक समिति के अध्यक्ष सुनील ठाकुर, राजेश यादव, आशीष सिंह, देवकुमार सिंह, रविंद्र यादव, अमृत प्रजापति, बालक यादव, मोहन यादव, कुश कुमार समेत बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

**त्योहार : गुमला जिले में शहादत और मातम का पर्व मुहर्रम धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया**

# जुलूस में आकर्षक खेल-तमाशे और करतब दिखाये गये

**टोटो में नहीं निकला मुहर्रम का जुलूस, विधि विधान से कर्बला में लगाया गया धार्मिक निशान**



सिसई में मुहर्रम जुलूस में शामिल लोग



बसिया मुहर्रम जुलूस के दौरान खेल का प्रदर्शन करते युवक



जारी में मुहर्रम जुलूस के स्वागत के लिए लगे स्टॉल में बैठे अतिथि



पालकोट मुहर्रम जुलूस का स्वागत के लिए खड़े लोग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** टोटो में इस वर्ष मुहर्रम का जुलूस नहीं निकाला गया। मुहर्रम के मौके पर विधि विधान के साथ कर्बला में धार्मिक निशान लगाया गया। सेंट्रल अंजुमन इस्लामिया टोटो के सदर मो. सलीम की अध्यक्षता में यह कार्य किया गया। कुछ लोग बगैर जुलूस, बिना ढोल-बाजे के करबला में निशान लगाए और फतेहाख्वानी की गई। कर्बला की भूमि संबंधी विवाद से नाराजगी के कारण इस वर्ष मुहर्रम में जुलूस नहीं निकाला गया। सेंट्रल अंजुमन इस्लामिया टोटो के सदर ने निर्णय लिया है कि आगामी त्योहार चालीसवां धूमधाम से मनाया जायेगा। मौके पर सेंट्रल अंजुमन इस्लामिया टोटो के सदर मो. सलीम, सचिव फिरोज खान, बाजार टांड़ के सदर हाजी दाऊद साहब, खान पंचायत के सदर हाजी मकसद खान, कुरैशी पंचायत के सदर मो. बबलू, इराकी पंचायत के सदर इजरायल मियां की अगवाई में पूरे नियम के साथ मुहर्रम त्योहार का फतेहा का कार्य किया गया। मौके पर अंचल अधिकारी गुमला, थाना प्रभारी गुमला, अंचल निरीक्षक मौजूद थे। फतेहा मोजावर मो. समद साहब के द्वारा किया गया। मौके पर मो. जुबेर, आलम, सरवर, सरफराज, फैयाज, फिरदौस, राजू खान, इफराद आलम, अताऊल, शहजाद, नसीम खान, रेशाद अंसारी, खुर्शीद आलम, सिकंदर, महफूज आदि मौजूद थे।

## सिसई

प्रखंड में इस्लाम धर्मावलंबियों ने शनिवार को मुहर्रम का त्योहार धूमधाम से मनाया। सिसई, करकरी, बघनी व पबेया के अखाड़ों के द्वारा छारदा रोड स्थित कंस नदी कर्बला स्थल में ताजिया मिलान व मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान युवाओं व बुजुर्गों ने आकर्षक खेल-तमाशे व करतब पेश किया। वहीं दोपहर करीब तीन बजे से विभिन्न अखाड़ों के द्वारा प्रखंड के मेन रोड, बसिया रोड, थाना रोड सहित विभिन्न मार्गों में जुलूस निकाला गया।

जुलूस व मेला में स्थानीय विधायक जिग्गा सुसारन होरो, प्रकाश उरांव, शशि साहू, मो. उमर, फारूक अंसारी, जुल्फान अंसारी, रसीद अंसारी सहित तमाम अखाड़ा के लोग मौजूद थे। मुहर्रम जुलूस व मेले के दौरान शांति व विधि व्यवस्था को लेकर अभियान एसपी मनीष कुमार, इंस्पेक्टर एसएन मंडल, थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी पुलिस जवान के साथ मुस्तैद थे। गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश करते हुए सिसई थाना गेट के समीप हिन्दू समाज के लोगों ने मुहर्रम जुलूस स्वागत किया। साथ ही मुहर्रम कमेटी सदस्यों व मुस्लिम समाज के प्रबुद्ध जनों को माला व अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। सम्मानित करने वालों में हिन्दू समाज के संजय वर्मा, मुकेश श्रीवास्तव, रामानंद सिंह, उदय कुशवाहा, गजाधर सिंह, सुजीत जायसवाल, नवीन मुंडा, संदीप गुप्ता, सहित कई लोग मौजूद थे।

## बसिया

शहादत और मातम का पर्व मुहर्रम बसिया प्रखंड क्षेत्र में धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर यहां ताजियों के साथ मुहर्रम का जुलूस भी निकाला गया। जिसमें इस्लाम धर्मावलंबियों ने इमाम हसन हुसैन की शहादत का मातम मनाया। प्रखंड के किन्दिरकेला गांव में सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम बंधु जुलूस में शामिल हुए। जहां मोहर्रम का पर्व पारंपरिक ढंग से मनाया गया। इसे लेकर इस्लाम धर्मावलंबियों द्वारा किन्दिरकेला स्थित नूरी मस्जिद से जुलूस भी निकाला गया। इस मौके पर सभी इस्लाम धर्मावलंबियों ने पारंपरिक परिधान भी पहन रखे थे। अंजुमन सदर अलीम खान ने बताया कि मुहर्रम का पर्व इमाम हसन हुसैन की शहादत की याद में मनाया जाता है। करबला के युद्ध में उनके पूरे कुनबे की शहादत पर मातम मनाकर उन्हें याद किया जाता है और उनके दिखाए रास्ते पर चलने की नसीहत दी जाती है। उन्होंने बताया कि मुहर्रम का पर्व दस दिनों तक मनाया जाता है। इस वर्ष भी मुहर्रम के मौके पर इमाम हुसैन के दिखाए रास्तों को याद करने के साथ ही उनकी शहादत पर मातम भी मनाया गया। दूसरी ओर मोहर्रम को लेकर शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता के नेतृत्व में बसिया पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। बसिया एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी भी पूरे क्षेत्र में नजर बनाए हुए थे।

## जारी

जारी प्रखंड के गोविंदपुर, तिगरा, कमलपुर, जरडा, परसा आदि गांव के इस्लाम धर्मावलंबियों ने शहीद इमाम हुसैन की याद में शनिवार को अकीदत के साथ मुहर्रम का पर्व मनाया गया। वहीं जुलूस गोविंदपुर से निकलकर तिगरा में समाप्त हुआ। अखाड़ा में युवाओं ने परंपरागत अस्त्र-शस्त्र परिचालन का प्रदर्शन भी किया। वही शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बीडीओ सुमन गुप्ता, चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव, थानेदार मनीष कुमार अपने दल बल के साथ मौजूद रहे। वहीं मौके पर उपस्थित बीडीओ सुमन गुप्ता ने कहा कि मेला प्रेम भाईचारे का प्रतीक है। इस सद्भावना को बरकरार रखना है। वहीं कहा कि किसी भी समुदाय का पर्व को सभी समुदाय के लोग आपस में मिलजुल कर मनाएं, जिससे आपस में प्रेम और भाईचारा बढ़ता है। वहीं इंस्पेक्टर बैजू उरांव ने कहा कि जिस तरह से आज मुहर्रम का पर्व आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ समाप्त हुआ। इसी तरह हर पर्व को आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ मनाएं। मौके पर मुखिया रजनी मिंज, ज्यारूल अंसारी, रिजवान अंसारी, जाकिर खान, समसुद्दीन अंसारी, मुर्तजा अंसारी, युनूस खान, कलीम कुरैशी, अरशद अन्सारी, अजीज खान, नसीम अली आदि उपस्थित थे।

## पालकोट

प्रखंड अन्तर्गत शनिवार को मुहर्रम पर्व के अवसर पर मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा जुलूस निकाला गया। इस क्रम में मुस्लिम बस्ती से सुरु कर, हरिजन बस्ती से जुलूस ताजिया के साथ बस स्टैंड तक पहुंचे। इसके बाद जुलूस बैंक ऑफ इंडिया पालकोट के समीप तक पहुंच कर समाप्त हुआ। वह पर अस्त्र शास्त्र चालन भी किया गया, इस क्रम में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने हजरत इमाम हुसैन पैगंबर की शहादत को याद किया।

वहीं पुलिस सुरक्षा के मद्देनजर मुस्तैद दिखी मुस्लिम बस्ती बस स्टैंड में मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा अतिथियों का पगड़ी पोसी कर सम्मानित किया। मौके पर उपस्थित लोगों में कई इस्लाम धर्मावलंबी उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### रांची से टांगीनाथ धाम जा रही कार पलटने से दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर थाना अंतर्गत डहुडड़गांव के पास शनिवार को दोपहर लगभग 12:30 बजे एक कार सं. जेएच 01 बीआर 1623 अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे कार सवार पांच लोगों में से रांची निवासी आभा केसरी (54) व बेटी नेहा केसरी (38) गंभीर रूप से घायल हो गयी। वहीं आठ वर्षीय बच्चा शिवीन केसरी को मामूली खरोंच आयी है। चालक नवीन केसरी एवं उनके ससुर ताराचंद केसरी को मामूली चोटें आयी हैं। सभी घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर में डॉक्टरों की देखरेख में इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूरा परिवार एक कार से रांची से टांगीनाथ धाम जा रहे थे। इसी दौरान डहुडड़ गांव के पास कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर भर्ती कराया। वहीं दुर्घटनाग्रस्त कार को उठाकर थाना ले आयी है।

### डीटीओ और जिला पुलिस ने सुरक्षा नियमों की अनदेखी कर चल रहे वाहनों को किया जब्त

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला परिवहन पदाधिकारी और गुमला पुलिस के द्वारा जिला में सड़क दुर्घटना को लेकर सड़क सुरक्षा के नियमों की अनदेखी कर चल रहे वाहन चालकों जिसमें तीन सवारी, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट का उपयोग कर चल रहे वाहन चालकों के वाहनों को जब्त किया गया। इस अभियान में बहुत से लोगों को देखा गया कि उन्होंने हेलमेट का उपयोग नहीं किया था। जिन लोगों ने हेलमेट पहना हुआ था उन्हें नहीं रोका गया। इस अभियान के दौरान बहुत सारे लोगों को जांच से बचने के लिए भागते हुए भी देखा गया। मौके पर सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुमार प्रभाष ने बताया कि आये दिन गुमला जिले में दुर्घटना की बढ़ती संख्या का कारण नियम की अनदेखी करना है। शहर के लोग हों या बाहर के, सबकी जान-माल सुरक्षा पालन करने से ही बचेगी। कहा हमेशा हेलमेट का उपयोग करें और वाहन का बीमा और प्रदूषण जांच करवाते रहें। वाहन चेकिंग के दौरान पकड़े जाने वाले 45 चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने को लेकर गुमला थाना पुलिस एवं सड़क-सुरक्षा के टीम द्वारा रोड सेफ्टी काउंसलिंग की गयी। जिनकी गाड़ी जब्त की गयी है उनकी काउंसलिंग परिवहन कार्यालय में की जायेगी। उसके पश्चात ही उनसे दण्ड शुल्क लिया जायेगा।

### दो बाइकों की भिड़ंत में चार युवक घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** हवाई अड्डा के समीप दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में चार युवक घायल हो गए। घटना में वृंदा बहवार टोली निवासी राजेश टोप्पो और राजेश गोप घायल हो गए। वहीं विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार मुरगू निवासी रामू उरांव और रामसेवक उरांव भी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद गश्ती पर निकली पीसीआर की पेट्रोलिंग पुलिस व एंबुलेंस द्वारा चारों घायल को सदर अस्पताल लाया गया। बताया जाता है कि राजेश टोप्पो व राजेश गोप काम से नकटी गए थे, जहां से लौट रहे थे वहीं रामू और रामसेवक मुर्गू करमडीपा आ रहे थे, तभी दोनों बाइकों में भिड़ंत हो गयी। चारों के सिर, हाथ, पैर व शरीर के हिस्से में गंभीर चोट लगी है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों की बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। चारों घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### चेन्नई काम करने गये मजदूर की मौत, शव लाने की मांग को लेकर श्रम अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** तमिलनाडु के चेन्नई में काम करने गए रायडीह प्रखंड अंतर्गत सिलम पाकर टोली निवासी 26 वर्षीय मजदूर भगेंद्र नायक की बीमारी के कारण मौत हो गई। परिजन जानकारी के बाद गरीबी के कारण चेन्नई से उसके शव को मंगाने में असमर्थ हैं। जिसके बाद परिजन भाजपा नेता खुशमन नायक से शव को लाने का अनुरोध किया। जिस पर खुशमन नायक ने श्रम अधीक्षक गुमला व प्रवासी मजदूर विभाग को आवेदन देकर शव वापस लाने की मांग की।

### किशोर ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर थाना अंतर्गत बेंदोरा पंचायत के कीरतो टोली गांव में स्व. बाबूलाल बाड़ा का 17 वर्षीय पुत्र गौतम बाड़ा ने अपने ही घर में स्टोल का फंदा बना शनिवार की सुबह लगभग 10:00 बजे आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक किशोर गौतम बाड़ा की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। परिजन उसे इलाज के लिए रांची ले जाने वाले थे। शनिवार को मां-बेटे ही घर पर थे। जब मां घर के बाहर कपड़े धो रही थी इसी बीच गौतम ने एक स्टोल का फंदा बनाकर घर की बल्ली के सहारे फांसी लगा ली, जब मां घर के अंदर गई तो बेटे को फंदे से लटका पाया। जिसके बाद पड़ोसियों को सूचना दी। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उतारकर अपने कब्जे में ले लिया।

## सांसद सुदर्शन भगत ने रेल मंत्री से पोकला स्टेशन में तपस्विनी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की

**बसिया (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से पोकला रेलवे स्टेशन में हटिया से पूरी तक चलने वाली तपस्विनी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव करने की मांग की है। सांसद ने रेल मंत्री को पत्र लिखकर कहा है कि पोकला रेलवे स्टेशन में तपस्विनी एक्सप्रेस के ठहराव के लिए पहले भी अनेकों बार लिखित और मौखिक रूप से निवेदन किया गया है। सांसद सुदर्शन भगत ने रेल मंत्री से कहा है कि महोदय इस रेलगाड़ी के आने और जाने के क्रम में पोकला रेलवे स्टेशन पर ठहराव से गुमला की जनता को बहुत लाभ होगा। यह क्षेत्र भी रेल सेवाओं से जुड़ सकेगा और यहां के लोग भी लाभान्वित होंगे। आशा है आप मेरे निवेदन पर अतिशीघ्र विचार करने की कृपा करेंगे। मालूम हो कि हटिया से पूरी तक रोजाना चलने वाली तपस्विनी एक्सप्रेस का परिचालन वैश्विक महामारी के कारण लगे लॉकडाउन में पूरी तरह बंद कर दी गयी थी, परंतु जब रेल सेवा पुनः शुरू हुई तब तपस्विनी एक्सप्रेस का ठहराव गुमला जिला के पोकला रेलवे स्टेशन में बंद कर दिया गया। जबकि पूर्व में पोकला में दो मिनट का ठहराव था। तब से लेकर वर्तमान समय तक लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत समेत अनेक राजनीतिक और सामाजिक संगठनों ने विभिन्न स्तरों पर तपस्विनी एक्सप्रेस के पोकला स्टेशन में ठहराव की मांग रेलवे विभाग से करते आ रहे हैं।

## छात्र संगठनों ने केओ कॉलेज में इंटर की पढ़ाई शुरू करने की मांग को लेकर बनायी रणनीति

**आंदोलन को तेज करने के लिए किया छात्र संघर्ष मोर्चा का गठन**

**31 जुलाई को मुख्यमंत्री से मिलकर ज्ञापन सौंपने का लिया निर्णय**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** तेली छात्रावास गुमला में विभिन्न छात्र संगठनों के छात्र नेताओं के द्वारा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सभी छात्र नेताओं ने कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला में इंटर की पढ़ाई बहाल करने की मांग को तेज करने के लिए एक मोर्चा का गठन किया जिसका नाम जिला छात्र संघर्ष मोर्चा रखा गया। सभी छात्र संगठनों ने निर्णय लिया कि इस मोर्चा के माध्यम से हम लोग इंटर की पढ़ाई बहाल करने की लड़ाई को गति देंगे।

बैठक में सभी ने निर्णय लिया कि 31 जुलाई सोमवार को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला में इंटर की पढ़ाई बहाल करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपेंगे। छात्र नेताओं ने कहा कि कॉलेज में छात्रों के हक की लड़ाई को लेकर हम सभी सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ेंगे। जिस तरह कॉलेज प्रशासन सरकार के आदेश को ताक में रख कर छात्र विरोधी फैसले के साथ अपनी हठधर्मिता अपना रहा है इसकी शिकायत हम सभी मुख्यमंत्री से भी करेंगे और कॉलेज में शैक्षणिक माहौल बने इसके लिए मुख्यमंत्री से चर्चा की जाएगी।

मौके पर छात्र नेता कुणाल शर्मा, देवेंद्र लाल उरांव, सुबोध उरांव, सुशील तिर्की, रोहित कुमार सिंह, उत्तम कुमार, रोहित भगत, अनूप कुमार साहू, पंकज साहू, सानू कुमार, विकास कुमार साहू, बजरंग सिंह, भूषण उरांव, राजू उरांव, जीवन साहू, अनिल साहू उपस्थित रहे।

**डायन-बिसाही : खेत में काम कर रही वृद्ध महिला व उसकी बेटी की पड़ोसियों ने डायन कहकर की पिटाई**

# घसीटकर घर लाया, फिर बीमार बेटी को ठीक करने का बनाया दबाव

**प्राथमिकी दर्ज कर दो आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के उर्मी टैसेरा गांव में डायन बिसाही के आरोप में एक 53 वर्षीय महिला जोयस लकड़ा के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इतना ही नहीं, महिला की पिटाई के दौरान बीच बचाव करने आयी उसकी बेटी के साथ भी मारपीट की गयी है। जिससे बेटी भी घायल है। इस घटना के बाद दोनों मां-बेटी डरी सहमी हुई है। घटना के बाद पीड़िता जोयस लकड़ा ने थाना में लिखित आवेदन देकर डायन बिसाही के आरोप में पिटाई किये जाने को लेकर अपने पड़ोसी सुरेश तिर्की, उसका दामाद अनामिस कुजूर के ऊपर प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। इधर पुलिस प्राथमिकी दर्ज करने के बाद अपनी कार्रवाई में जुट गई। साथ ही दोनों आरोपियों सुरेश व अनामिस को गिरफ्तार कर ली है। इधर अनामिस व सुरेश को फिलहाल थाना में रखकर पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के दौरान दोनों ने पुलिस को कई जानकारी दी है। जो काफी चौंकाने वाला व अंधविश्वास से भरा है।

दर्ज प्राथमिकी में जोयस ने कहा है कि उनके पति का निधन हो चुका है। वह घर पर अपनी बड़ी बेटी के साथ रहती है। शनिवार को दोपहर में वह अपने खेत में काम कर रही थी, तभी तीनों आरोपी उसके पास आकर डायन बिसाही का आरोप लगाते हुए गाली गलौज करना शुरू कर दिया। साथ ही दोनों मिलकर पिटाई करने लगे। पिटाई कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद उसे जमीन पर घसीटते हुए दोनों आरोपी अपने घर लेकर आये और जबरदस्ती अपनी बीमार बेटी को ठीक करने का दबाव बनाने लगे। इस दौरान खुद के डायन नहीं होने की बात कहने पर उसकी पुनः पिटाई की गई। तभी इसी बीच घटना की जानकारी होने पर बीच बचाव करने पहुंची मेरी बड़ी बेटी को भी पीटा गया। जिसके बाद गांव के कई लोगों ने सामने आकर दोनों की जान बचाई।

इस बीच आरोपियों ने उन्हें धमकी भी दिया कि अगर बात थाना पुलिस तक गई तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा। इसके बावजूद पीड़िता थाना पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

# समारोह में नये डीसी का स्वागत और निवर्तमान को दी गयी विदाई

**उपायुक्त सुशांत गौरव के बेहतरीन कार्यकाल के बाद यहां से जाने के बाद लोग भावुक हो उठे**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** परिसदन में गुमला के नये डीसी का स्वागत व निवर्तमान डीसी की विदाई को लेकर जिले के पदाधिकारियों की मौजूदगी में फेयरवेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी प्रखंड के बीडीओ, सीओ, एसडीओ व संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में लोगों ने नये डीसी का जोरदार स्वागत किया। वहीं निवर्तमान डीसी सुशांत गौरव को फूल माला व उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डीसी सुशांत गौरव ने जिले की पूरी टीम को धन्यवाद दिया और कहा गुमला के विकास में आप लोगों ने जिस प्रकार से मेरा साथ देकर जिले को विकास के अग्रणी पथ पर लाने का प्रयास किया और गुमला के नाम को भारत के पटल पर लाने का जो काम किया है उसके लिए मैं टीम के सभी पदाधिकारियों का आभार प्रकट करता हूं। मौके पर नये डीसी कर्ण सत्यार्थी ने सभी पदाधिकारियों का अभिवादन स्वीकार किया और कहा गुमला के विकास को लेकर जो पहल की गई है उसे मैं आगे बढ़ाने का कार्य करूंगा। इसमें आप सभी का सहयोग अपेक्षित रहेगा।

इस अवसर पर कई पदाधिकारियों ने अपने अपने विचारों को रखा। वहीं उपायुक्त सुशांत गौरव के बेहतरीन कार्यकाल के बाद यहां से जाने के बाद लोग भावुक हो उठे। लोगों ने एक मिनट तक ताली बजा कर उनका अभिवादन किया।

## विश्रामपुर में निकला मुहर्रम का जुलूस, युवाओं ने जगह-जगह दिखाये हैरतअंगेज करतब

# कर्बला दूर है, जाना जरूर है...

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर नगर परिषद व आंचलिक क्षेत्र में मुहर्रम का जुलूस शनिवार को निकला। जिसमें शामिल लोग कर्बला दूर है, जाना जरूर है का नारा लगा रहे थे। मुहर्रम जुलूस के दौरान या हसन, या हुसैन से पूरा क्षेत्र गूंज गया। विश्रामपुर में जुलूस की शुरूआत बस स्टैंड से हुआ। डांक बंगला परिसर में ताजिया-सिपड़ का मिलान हुआ। इसके बाद जुलूस विश्रामपुर गढ़ होते हुए कर्बला चला गया। यहां के जुलूस में कोशियार, डीहरिया, झगरुआ, पांडेपुर, उरसुला, कविलासी, निमिटाड़ी विश्रामपुर दर्जी मुहल्ला सहित कई गांव के जुलूस का मिलान हुआ। जुलूस में शामिल युवको ने हसन-हुसैन की सहादत पर मातम मनाया। जुलूस के दौरान कलाकारों ने कई करतब भी दिखाये। जुलूस के दौरान युवाओं ने शान से तिरंगा झंडा लहराया। जुलूस को भव्य बनाने में मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ा था। कमेटी ने जुलूस पूरी तैयारी के साथ परंपरागत तरीके से निकला। प्रखंड मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी के पदाधिकारी व सदस्यों ने जुलूस को शांति पूर्ण निकालने में अहम भूमिका अदा की। शांति व्यवस्था कायम रखने में बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम, थाना प्रभारी शशि रंजन, मुकेश कुमार, मनोज अंबेडकर सहित कई प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी की अहम भूमिका रही। इस मौके पर पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी के प्रखंड सदर आजम सिद्दीकी, बसपा नेता नईमुद्दीन अंसारी, सलीमुद्दीन अंसारी, शमशेर आलम, आजम खान, मशीर खलीफा, एकराम अंसारी, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, समाजसेवी विजय कुमार रवि, सुनील कुमार चौधरी, आगम दास, बबन राम, शिवबंश मिश्रा, मनीष कुमार, रजनीश कुमार, हेसामुद्दीन अंसारी, इम्तियाज अंसारी, नगर इंतजामिया कमेटी के सदर मुंसफीर आलम कादरी, सचिव महबूब आलम, अनीस अंसारी, मो फिरोज, उस्मान अंसारी, इदरीस अंसारी, अलाउद्दीन अंसारी, मुस्तकिम अंसारी, सकील अहमद, मुनीर आलम, युनूस अंसारी, राहुल जैकब और सोनू खलीफा आदि शामिल थे।



ताजिया जुलूस में उमड़ा लोगों का हुजूम।

### मुहर्रम इंतजामिया कमेटी ने विधायक सहित कई लोगों को किया सम्मानित



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर मुहर्रम इंतजामिया कमेटी ने पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, एसडीपीओ सुरजीत कुमार, बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक, विश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन, मॉडर्न संत पॉल कानवेंट स्कूल के निदेशक राहुल जैकब, प्रथम नप अध्यक्ष देवनारायण सिंह, विजय कुमार रवि, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, संजय पांडेय, मनीष कुमार, बबन राम आदि को पगड़ी बांध कर सम्मानित किया।

## रेहला में आज निकलेगा मुहर्रम का जुलूस

- दोनों समुदाय के सहमति के बाद हुआ फैसला
- जुलूस के पूर्व संध्या पर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर नगर परिषद के मुख्य कस्बा रेहला में मुहर्रम का जुलूस रविवार को निकलेगा। इसका फैसला दोनों समुदाय के लोगों की सहमति से लिया गया। बताते चलें कि मुस्लिम समुदाय रेहला में मुहर्रम का जुलूस 29 के बजाए 30 जुलाई को निकालने पर अड़ा था। जिसका विरोध हिंदू समुदाय द्वारा किया गया था। रेहला रामनवमी पूजा कमेटी ने इस संबंध में पलामू डीसी , पुलिस अधीक्षक, अनुमंडलाधिकारी सहित कई जिला व प्रखंड के पदाधिकारियों को हस्ताक्षर युक्त एक ज्ञापन दिया था, जिसमें रेहला मुहर्रम जुलूस को 29 जुलाई को ही निकलवाने का आग्रह किया गया था। रामनवमी पूजा कमेटी का तर्क था कि पूरे देश में जब एक ही दिन मुहर्रम का जुलूस निकलता है, तो फिर रेहला में दूसरे दिन जुलूस निकालना कहीं से न्यायसंगत नहीं है। लेकिन इसी बीच पलामू डीसी और एसपी का तबादला हो गया। जिस कारण इस विवाद का हल नहीं निकल पाया। शनिवार को रेहला थाना में दोनों समुदाय के गणमान्य लोग, मुहर्रम इंतजामिया कमेटी और रेहला रामनवमी पूजा कमेटी की एक संयुक्त बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी नेमधारी रजक और संचालन प्रो नंदलाल शुक्ला ने किया। बैठक में सिर्फ इस बार मुहर्रम के एक दिन बाद 30 जुलाई को जुलूस निकालने पर सहमति बनी। अगली बार से जुलूस मुहर्रम के दिन ही निकलेगा। बैठक में वरीय भाजपा नेता सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे, डॉ वीपी शुक्ला, आलोक शुक्ला, महेंद्र चौबे, अधिवक्ता सुधीर चौबे, पार्षद दिनेश शुक्ला, नजमुदीन नूरी, मनऊअर खान, मजमुदिन कादरी, एनामुल हक गुड्डु, नीरज शुक्ला सहित दोनों समुदाय के कई लोग मौजूद थे। इधर, जुलूस के पूर्व संध्या पर रेहला पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। जिसमें बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम व थानेदार नेमधारी रजक, एसआई अलखनाथ चौबे भी शामिल हुए। दोनों पदाधिकारियों ने शांति व्यवस्था बरकरार रखने में लोगों से सहयोग की अपील की।



## सनातन धर्म सभा ने किया मुहर्रम इंतजामिया कमेटी को सम्मानित



**नीलांबर पितांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** सनातन धर्म सभा केंद्रीय समिति नीलांबर पीतांबरपुर के तत्वावधान में लेस्लीगंज थाना में मुहर्रम इंतजामिया कमेटी का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहां थाना में पहुंचे मुहर्रम कमेटी के सदर एवं पदाधिकारियों को सनातन धर्म सभा की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बीडीओ अनिल कुमार, एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी, वरिष्ठ पत्रकार नागेंद्र शर्मा, एसआई बिट्टू कुमार द्वारा मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के सदर मुन्ना खान, सेक्रेटरी इफ्तेखार खान, अरमान खान, सरपरस्त हाफिजुर रहमान, खजांची अकबर खान,मिस्टर महमूद, हिमायू खान, इद्रीसीया कमेटी के सदर साजन खलीफा, लश्कर ए हुसैन कमेटी के सदर जुम्मन खलीफा, हेडेक एंड टेंशन कमेटी के सदर खुर्शीद शाह, इराकिया कमेटी के सदर नसीम खलीफा और सोतम डबरा कमेटी के सदर दिलशाद खान को पगड़ी एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सनातन धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी, उपाध्यक राम प्रकाश तिवारी, सचिव राजू राय, महामंत्री आनंद कुमार, मंत्री सुदर्शन सोनी, मुनींद्र नाथ दुबे आदि ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों को सम्मानित किया। बीडीओ ने कहा कि सनातन धर्म सभा का यह पहल काफी सराहनीय है। ऐसे कार्यक्रम से हिंदू-मुस्लिम एकता को और भी बल मिलता है। उन्होंने कहा कि वे जब से इस प्रखंड में योगदान दिए हैं, तब से हिंदू मुस्लिम दोनों के त्यौहार काफी शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ है। निश्चित तौर से यह क्षेत्र आपसी एकता का मिशाल पेश कर रहा है।

## जान देकर भी करेंगे मुल्क व मजहब की हिफाजत : अविनाश देव



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** मुहर्रम के मौके पर चैनपुर प्रखंड के लिधकि गांव में माटी कला बोर्ड के सदस्य बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। इस दौरान मुहर्रम कमेटी के सदर पगड़ी पोषी कर पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। अपने संबोधन में अविनाश देव ने कहा कि हसन साहब कर्बला के मैदान में इस्लाम को खतरे से बचाने व मानवीय मजहब के लिए शहादत दी थी। आज उससे भी ज्यादा देश में काफिर हैं। लोकतंत्र एवं संविधान खतरे में है। हम सब को मिल कर हिफाजत करना है। शहादत की भूमि से हम सब संकल्प लेते हैं कि मुल्क व मजहब की हिफाजत जान देकर भी करेंगे। इस मौके पर मुहर्रम कमेटी के लोग मौजूद थे।

## मुहर्रम कोई त्योहार नहीं, बल्कि अकीदत है: मौलाना नाजिम अली

- -शहीद-ए-कर्बला की याद में हुसैनाबाद के शिया समुदाय ने की जंजीरी मातम
- - मुतवल्ली हसनैन जैदी ने किया जुलूस का नेतृत्व

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** दसवीं मुहर्रम को अकिददमंदों ने शहीद-ए-कर्बला की याद में शनिवार को अलम के साथ जुलूस निकाला। वक्फ वासला बेगम सदर इमाम बारगाह से मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सदर इमामबारगा से निकला जुलूस मुख्य बाजार, गांधी चौक होते हुए कर्बला की ओर रवाना हुआ। वहीं, गांधी चौक पहुंच कर जुलूस सभा में बदल गयी। चौक पर उत्तर प्रदेश के मऊ से आए मौलाना नाजिम अली साहब ने तकरीर करते हुए कहा कि आज हम सब हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम का शोक मनाने के लिए यहां जमा हुए हैं। मुहर्रम कोई त्योहार नहीं, बल्कि अकीदद है। हुसैन अलैहिस्सलाम कोई और नहीं हमारे पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे जिसे पैगंबर ने अपना बेटा कहा। उन्हें तड़पा-तड़पा कर शहीद किया गया। जिसके बाद उनके खेमे (टेंट) में आग लगा दिया और उनकी औरतों, बच्चों को कैद कर लिया गया।इसके बाद लोगों ने खूनी मातम किया। जंजीर, ब्लेड, कमा से अपने शरीर को काटकर लहुलूहान कर दिया। जिसमें बच्चे, युवा, बूढ़े, नौजवान सभी शामिल थे। संचालन अर्शी हुसैन ने किया। इस जुलूस का नेतृत्व मुतवल्ली सैयद हसनैन जैदी कर रहे थे। जूलूस में शोक गीत (मार्सिया) तनवीर हुसैन, मिर्जा आमीन, सैयद मोहमद राजा, सैयद राजा इमाम, नैयर रजा, बाकर हुसैन कर रहे थे। नौहाखानी सैयद मिसम रिजवी, मिर्जा समीर, सैयद हाशिम अली, सैयद नकी ईमाम, सैयद हसन, मिर्जा इस्लाम कर रहे थे। कार्यक्रम का नेतृत्व सैयद हसनैन जैदी, सैयद तकी रिजवी, मिर्जा नेहाल, सैयद गंजाफफर हुसैन, सैयद फखरू हुसैन, गौहर मिर्जा, सैयद मोजाहिर हुसैन आदि ने किया। कर्बला पहुंच कर लोगों ने पहलाम की रस्म अदा किया। लोगों ने अपनी नम आंखों से हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम और शहीद-ए-कर्बला को श्रद्धांजलि दिया। जुलूस में अलमे मुबारक, सीपर, ताजिया लोगों ने उठा रखा था, या हुसैन या हुसैन या अब्बास की सदा लगा रहे थे।



## लचर बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर पांच अगस्त से बेमियादी प्रदर्शन: शिवपूजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में बिजली की लचर व्यवस्था में सुधार नहीं हुई तो पांच अगस्त को धरना प्रदर्शन और 6 अगस्त से बेमियादी आमरण अनशन शुरू होगा। इसकी जवाबदेही जिला प्रशासन को होगी। उक्त बातें पूर्व विधायक सह आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने कही।वे शनिवार को हरिहरगंज स्थित अपने आवासीय पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि इस विस क्षेत्र में बिजली की संकट भयावह है। उमस भरी गर्मी में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। यह मैं नहीं, बल्कि यहां की जनता कह रही है कि लोगों को 5 घंटे भी बिजली नहीं मिल रही है। हरिहरगंज हुसैनाबाद कृषि प्रधान क्षेत्र है और यहां के किसान कृषि पर निर्भर करते हैं। उन्होंने कहा कि जुलाई माह बीतने के बावजूद मौसम की बेरुखी और बिजली की आंख मिचौली से किसान प्रभावित हैं। उन्होंने सरकार और स्थानीय जन प्रतिनिधि को ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा कि जिन पर यहां की जनता ने आस्था व्यक्त किया है निश्चित तौर पर वे क्षेत्र के प्रति उनका उदासीन रवैया है। जिस कारण यहां के जन प्रतिनिधि विस क्षेत्र में विकास का पहिया 20 वर्ष पीछे ढकेलने का काम किया है। उन्होंने बिजली विभाग के पदाधिकारियों से शहरी फिडर से ग्रामीण फिडर को अलग करने की मांग की है। ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि के लिए भरपूर बिजली मिल सके। वहीं कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने जिला प्रशासन से पलामू को अविलंब सुखाड़ घोषित करने की मांग करते हुए किसानों के हित में युद्ध स्तर पर लाभ दिए जाने की बात कही। इस दौरान कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने शहरी पीएम आवास के बचे 203 लाभुकों के खाते में द्वितीय किस्त जल्द नहीं डाले जाने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी देते हुए प्रशासन को जवाबदेही बनाया है। कहा कि दो वर्ष पूर्व शहरी पीएम आवास के लिए 842 लाभुक चयन हुए थे। जिसमें 203 लाभुकों को पहली किस्त मिलने के बाद अब तक द्वितीय किस्त नहीं मिलने से गरीब पीएम आवास के लाभुक बेघर हैं और कुछ किराए के मकान में रह रहे हैं।मौके पर जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी, उपाध्यक्ष रामजी पासवान, अजित सिंह, सेमरवार मुखिया जितेंद्र पासवान आदि थे।



## विश्रामपुर के कोसिआर में युवती ने की आत्महत्या

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर थाने के कोशिआर गांव में 18 वर्षीय एक युवती ने अपने ही कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। परिजनों ने उसे तत्काल फांसी के फंदे से उतारकर विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां उसकी स्थिति को देखते हुए जांच के बाद ऑन ड्यूटी डॉक्टर ने उसे मेदिनीनगर एमआरएमसीएच भेज दिया। वाहं जांच के बाद चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार कोशिआर के इदरीश अंसारी की 18 वर्षीय बेटी तस्लीमा खातून ने घर में किसी बात से नाराज होकर अपने ही कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय घर के सभी लोग विश्रामपुर गए थे। थाना प्रभारी शशिरंजन ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि फांसी लगाने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।पूरी जानकारी ली जा रही है। सभी बिंदुओं पर जांच भी होगा।

## सतबरवा में पगड़ी पोसी की ओर से प्रभारी व जनप्रतिनिधि को किया गया सम्मानित



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** सतबरवा प्रखंड के करमा गांव में मुहर्रम के मौके पर इंडियन हुसैनी युवा क्लब की ओर से सतबरवा थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी, धावाडीह मुखिया रिंकी यादव, पूर्व मुखिया लक्ष्मण यादव, समाजसेवी आशीष सिन्हा, युवा समाजसेवी अतुल कुमार,अजय उरांव, अनुज चंद्रवंशी समेत दर्जनों लोगों को पगड़ी बांधकर व माला पहना कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि आप लोगों के त्योहार मनाने का तरीका देखकर अच्छा लगा। साथ ही पगड़ी पोसी कार्यक्रम में यहां की एकता और सौहार्द देखकर काफी खुशी हो रही है। वहीं मुखिया रिंकी यादव ने कहा कि मैं मुखिया नहीं हूं मैं आपकी बहन, बेटी और बहू बनकर अपने पंचायत का विकास करना चाहती हूं। आपको जब भी हमारी जरूरत हो,मैं हमेशा वहां आपको खड़ा मिलूंगी। इस दौरान मुखिया ने ताजिया बनाने वाले कारीगरों को माला पहनाकर स्वागत किया और मोहर्रम की ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई सबको दिया। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता जुम्मन मियां, मुहर्रम कमेटी के सदर मोहम्मद वकील, युवा व्यवसाई शमशाद अंसारी, तहसीन रजा, अशरफ अंसारी आदि थे।

## नहर में लगी होम पाइप लाइन की सफाई का कार्य प्रगति पर



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के हरिहरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के एनएच 98 स्थित सरसोत मोड़ के समीप बटाने डैम के लेफ्ट केनाल पर बना फ्लाई ओवर ब्रिज के नीचे मलवे से भरा होम पाइप लाइन की सफाई का कार्य प्रगति पर है। इस दौरान दो दिनों की मशक्कत के बाद मजदूरों ने शनिवार को चार होम पाइप लाइन में तीन की सफाई कर दी है। जानकारी देते हुए शिवालया के वरिष्ठ परियोजना प्रबंधक ज्ञानप्रकाश शुक्ला ने कहा कि किसान हमारे अन्नदाता हैं। उनके खेतों की सिंचाई के लिए शिवालया कभी बाधा नहीं बनेगा। साथ ही पहले की तरह ही सुचारू रूप से नहर का पानी मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों में भ्रम हो गया था कि कंपनी रोड़ का काम कर के चली जाएगी। लेकिन ऐसा नहीं हम लोग रोड़ के मेंटिनेंस में भी रहेंगे जब भी इस से जरुरत होगी उसे पूरा किया जाएगा।

## स्पोर्ट्स



2024 का टी-20 वर्ल्ड कप चार से 30 जून के बीच होगा। अमेरिका और वेल्टइंडिज के 10 शहरों में 27 दिन तक 20 टीमों के बीच 55 मैच खेले जायेंगें।

### 147 साल के क्रिकेट इतिहास में पहली बार अमेरिका को भी मेजबानी, 20 टीमें ले रहीं हिस्सा

# टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में चार से 30 जून तक, 10 शहरों में होंगे 55 मैच

एजेंसी

**नई दिल्ली।** 2024 का टी-20 वर्ल्ड कप 4 से 30 जून तक खेला जाएगा। अमेरिका और वेस्टइंडीज के 10 शहरों में 27 दिन तक 20 टीमों के बीच 55 मैच होंगे। 147 साल के क्रिकेट इतिहास में अमेरिका पहली बार आइसीसी के किसी ग्लोबल इवेंट की मेजबानी करेगा। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आइसीसी) ने अमेरिका के शॉर्टलिस्ट किए गए 4 शहरों को इंस्पेक्ट कर लिया है, इनमें से 3 को इंटरनेशनल स्टेटस नहीं मिला है। अगले कुछ महीनों में सभी वेन्यू फाइनल कर दिए जाएंगे।



### वर्ल्ड कप होस्टिंग के लिए इंटरनेशनल स्टेटस जरूरी

अमेरिका के चार शहरों फ्लोरिडा, मोरिसविले, डालास और न्यू यॉर्क को फिलहाल शॉर्टलिस्ट किया गया है। इनमें केवल फ्लोरिडा स्थित लॉडरहिल स्टेडियम को ही इंटरनेशनल स्टेटस मिला है। यहीं अगस्त में भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो टी-20 मैच भी खेले जाएंगे। बाकी 3 शहरों को इंटरनेशनल स्टेटस मिलना बाकी है। आइसीसी गाइडलाइन के अनुसार, वर्ल्ड कप होस्टिंग के लिए इंटरनेशनल स्टेटस मिलना जरूरी है। मोरिसविले (चर्च स्ट्रीट पार्क) और डालास (ग्रैंड पीयर स्टेडियम) में फिलहाल मेजर लीग टी-20 टूर्नामेंट के मैच खेले जा रहे हैं, जबकि न्यू यॉर्क (वैन कोर्टलैंट पार्क इन द ब्रॉन्क्स) में फ्रेंचाइजी या इंटरनेशनल किसी भी लेवल का कोई मैच आयोजित नहीं हुआ। अमेरिकी शहरों में टूर्नामेंट के कुछ मैचों के साथ ज्यादातर वॉर्म-अप मुकाबले होंगे। वहीं वेस्टइंडीज में वॉर्म-अप मैच कम और मुख्य मुकाबले ज्यादा होंगे।

### 20 टीमों का टूर्नामेंट होगा, 15 टीमें क्वालिफाई

2024 के टी-20 वर्ल्ड कप में 20 टीमें हिस्सा लेंगी। होम टीम अमेरिका और वेस्टइंडीज समेत पिछले टी-20 वर्ल्ड कप में टॉप-8 पोजिशन पर रहीं टीमें पहले ही क्वालिफाई कर चुकी हैं। अफगानिस्तान और बांग्लादेश ने टी-20 रैंकिंग के आधार पर क्वालिफाई किया। वहीं इसी सप्ताह आयरलैंड, स्कॉटलैंड और पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) ने रीजनल क्वालिफायर्स के जरिए टूर्नामेंट में जगह बनाई। वहीं, आयरलैंड और स्कॉटलैंड ने यूरोप रीजन क्वालिफायर्स में टॉप कर जगह बनाई, जबकि पीएनजी ने एशिया-पेसिफिक क्वालिफायर्स में टॉप किया। टूर्नामेंट में 5 टीमें और क्वालिफाई करेंगी। इनमें अमेरिकन क्वालिफायर से एक, अफ्रीका से 2 और एशिया रीजन से 2 और टीमें आएंगी।

### 5-5 टीमों के 4 ग्रुप बनाये जायेंगे

20 टीमों को 5-5 टीमों के 4 ग्रुप में बांटा जाएगा। ग्रुप स्टेज में 40 मैच होंगे। सभी ग्रुप की 2-2 टॉप टीमें सुपर-8 स्टेज में पहुंचेंगी, इस स्टेज में 12 मैच होंगे। सुपर-8 की भी 2-2 टॉप टीमें सेमीफाइनल में क्वालिफाई करेंगी। सेमीफाइनल की विजेता टीमों के बीच 30 जून 2024 को टूर्नामेंट का फाइनल खेला जाएगा। 2 सेमीफाइनल, एक फाइनल और 52 ग्रुप स्टेज मैच मिलाकर कुल 55 मैच खेले जाएंगे।

## विभिन्न अखाड़ों में खिलाड़ियों ने दिखाये हैरतअंगेज करतब, आकर्षक ताजिया ने खींचा ध्यान

# शांति-सौहार्द के बीच कोयलांचल धनबाद में संपन्न हुआ मुहर्रम पर्व

### जिले के सभी कर्बला में जाकर लोगों ने पढा फातिहा, किया पहलाम, मांगी अमन-चैन की दुआ

**झरिया में हजरत अली का जुल्फिकार तलवार बना रहा चर्चा का केंद्र बिंदु**

आजाद सिपाही टीम

धनबाद। मुहर्रम की दसवीं तारीख के साथ शनिवार को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुहर्रम पर्व सम्पन्न हुआ। इस दौरान पूरा क्षेत्र या अली, या हुसैन के नारों से गूंज उठा। इससे पहले शुक्रवार की पूरी रात मुस्लिम समुदाय के लोग पारंपरिक हथियारों के साथ एक से बढ़कर एक करतब दिखाते रहे। शनिवार को जिले के सभी कर्बला में जाकर लोगों ने फातिहा पढा और पहलाम किया। कर्बला में सपरिवार शहीद हुए इमाम हुसैन की शहादत में मनाये जाने वाले इस त्योहार के दौरान जिले के कई जगहों में गंगा यमुनी तहजीब का भी नजारा देखने को मिला। जहां हिंदू-मुस्लिम समुदाय के लोग मिलकर अखाड़ा में करतब दिखाते दिखे। दूसरी ओर, त्योहार को संपन्न कराने में एक-दूसरे के कंधा से कंधा मिलाकर खड़े रहे। धनबाद के वासेपुर, शमशेर नगर, नया बाजार, रहमतगंज, टिकियापाड़ा, भिस्तीपाड़ा, भूली आदि मुस्लिम क्षेत्रों से अखाड़े निकाले गए। शुक्रवार की रात झरीया के हुसैनाबाद, चौथाई कुल्हि, थाना मोड़, डायमंड क्लब, नीचे कुल्हि, उपरकुल्हि ईदगाह, ऊपर कुल्हि, शमशेर नगर, शाह नगर, कोयरिबांध, शिमलाबहाल, ईस्ट भगतडीह, एना कोठी, इंडस्ट्री कोलियरी, हुसैन नगर, भागा आदि क्षेत्रों में भी अखाड़ा निकाला गया। खिलाड़ियों ने पारंपरिक हथियारों के साथ ढोल तासे की धुन पर एक से बढ़कर एक खेल दिखाया। दूसरी ओर युवाओं की टोली ने आग के हैरतअंगेज खेल दिखाए। शनिवार की शाम होते ही सभी कर्बला की जानिब कूच कर गए। दूसरी ओर, लोयाबाद में हुसैनी अखाड़ा निकाला गया।









### झरिया में बना हजरत अली का जुल्फिकार तलवार रहा चर्चा का केंद्र

**वैसे तो झरिया के सभी अखाड़ा अपने हैरतअंगेज करतब के लिए हमेशा से कोयलांचल में चर्चा का केंद्र रहते है। पर इस वर्ष थाना मोड़ स्थित 16 आना अखाड़ा में बने लोहे के 8 फिट लंबे और दो फिट चौड़े हजरत मौला अली का तलवार जुल्फिकार की आकृति पूरे कोयलांचल में चर्चा का केंद्र रहा। आयोजकों ने बताया कि इस तलवार को बनाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि वर्तमान की पीढ़ी इमाम हुसैन के पिता हजरत अली की तलवार जुल्फिकार का इतिहास जान सके। वहीं शुक्रवार की रात और शनिवार को झरिया में अखाड़ों में लोग हाथों में तिरंगा और इस्लामिक परचम लेकर सड़कों पर निकले। या अली और या हुसैन की सदायें चहुंओर फिजाओं में गूंजती रहीं। शनिवार देर शाम सभी अखाड़ा होरलाडीह स्थित कर्बला पहुंचे और फातिहा पढा। कमोवेश यही हाल कतरास, बाघमारा, महुदा, तोंपचाची, राजगंज, बरवाअड्डा, सिंदरी, बालियापुर, गोविंदपुर, निरसा, चिरकुंडा, एग्यारकुंड आदि जगहों का रहा।**

मुहर्रम की नौवीं की रात और दसवीं के दिन में पुटकी, श्रीनगर, लोयाबाद कोक प्लांट, पावर हाउस, लोयाबाद बीस नंबर, पिट खाद, लोयाबाद पांच नंबर, आठ नंबर, मदनाडीह सात नंबर, सेंद्रा, कनकनी, एकड़ा, गोपालीचक, लोयाबाद यूको बैंक मोहल्ला बांसजोडा निचितपूर आदि क्षेत्रों से अखाड़े लोयाबाद मोड़ और लोयाबाद के कर्बला के मैदान में पहुंचे। अखाड़ा दल के खिलाड़ियों द्वारा हथियार लेकर खेल का प्रदर्शन किया गया। कर्बला में लोगों द्वारा फातिहा पढी गई और देश के अमन व सलामती की दुआएं मांगी गई। वहीं, अखाड़े की निगरानी ड्रोन कैमरे से की गयी। उधर, शांति व्यवस्था बनाए रखने में थानेदार राजन कुमार राम, मुस्लिम कमेटी के अध्यक्ष इम्तियाज अहमद, महामंत्री असलम मंसूरी, चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राज कुमार महतो, सचिव सुनील पांडे, भाजपा नेता मनोज मुखिया व पुलिस बल आदि सक्रिय थे।

### सभी संप्रदाय के लोगों को पगड़ी बांध कर किया गया सम्मानित

**16 पंचायतों की मुस्लिम कमेटी और नौजवान मिल्लत कमेटी के पदाधिकारियों ने शनिवार को मुहर्रम के मौके पर सभी संप्रदाय के लोगों और पत्रकारों को पगड़ी बांध कर गंगा यमुनी तहजीब की अनूठी मिशाल पेश की। थानेदार राजन कुमार राम, चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राज कुमार महतो, जय प्रकाश पांडे, रवि चौबे, सुनील पांडे, पूजा कमेटी के सचिव विरेंद्र पासवान, सिपाही चौहान, मुस्लिम कमेटी के अध्यक्ष इम्तियाज अहमद, महामंत्री मो असलम मंसूरी, गुलाम जिलानी, अवधेश सिंह, भाजपा नेता मनोज मुखिया, परवेज अंसारी, मो आजाद आसवी, मो जमालउद्दीन अंसारी सहित दोनों समुदायों के करीब 100 लोगों को पगड़ी बांध कर सम्मानित किया गया।**

### चौकस रही पुलिस

अखाड़ों के दौरान जिला प्रशासन पूरी तरह चौकस रहा। एसडीएम से लेकर स्थानीय स्तर के पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करते रहे। वहीं जिले के हर जगह शांति समिति और अन्य संगठनों द्वारा अखाड़ों के स्वागत में मंच बना कर खिलाड़ियों और उस्तादों को सम्मानित करते रहे।

### धनबाद डीसी व एसएसपी का किया गया स्वागत

लोयाबाद में मुस्लिम कमिटी के अध्यक्ष इम्तियाज अहमद व जनरल सिकरेटरी असलम मंसूरी के तरफ स्वागत किया गया,शाम करीब 6 बजे डीसी वरुण रंजन व एसएसपी संजीव कुमार का काफिला कतरास के गुजर हो रहा था।उन्होंने यहां के विधी व्यवस्था की जानकारी लेने लगे,इसी बीच कमिटी वालो ने आग्रह किया कि सर दो मिनट रुक जाए तो हमारा सम्मान बढेगा,इतना कहना था कि दोनों बड़े अधिकारी गाड़ी से उतर गए,फिर दोनों का कमेटी वालो ने पगडी बांध कर स्वागत किया।दोनों अधिकारी ने कमिटी के आभार जताया।

## मोदी सरकार की योजनाओं से स्वच्छता मित्रों के जीवन में आया बदलाव: अमित



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य कुमार अमित शनिवार को शहर के स्वच्छता मित्रों से मिले और उन्हें केंद्र की मोदी सरकार द्वारा उनके लिए चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं एवं लाभों से अवगत कराया। कुमार अमित ने स्वच्छता मित्रों से मिलकर मोदी सरकार की पिछले नौ वर्षों की उपलब्धियों से भी अवगत कराया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए कार्यों का सभी को बुकलेट भी दिया। अमित ने कहा कि मोदी सरकार के स्वच्छ भारत मिशन से जुड़कर स्वच्छता के क्षेत्रों में कार्य कर रहे कर्मियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। आज देश सफाई कर्मियों के कामों को सम्मान की नजर से देखने लगा है। सफाई कर्मियों की सुरक्षा और गरिमापूर्ण जीवन जीने का अवसर देने के लिए मोदी सरकार ने नमस्ते योजना को लाया है। यह योजना केंद्र सरकार के समाजिक न्याय, अधिकारिता मंत्रालय एवं आवास व शहरी कार्य विभाग मंत्रालय का संयुक्त पहल है, जो सफाई कर्मियों के लिए स्वच्छता संरचना और संचालन व्यवस्था का विकास कर सक्षम इकोसिस्टम का निर्माण करता है। इससे स्वच्छता कर्मियों को दीर्घकालिक आजीविका का अवसर, उनमें क्षमता निर्माण, उनकी व्यावसायिक सुरक्षा में बढ़ोत्तरी होती है एवं उन्हें सुरक्षा उपकरणों और मशीनों तक बेहतर पहुंच प्राप्त होती है। कुमार अमित ने इन स्वच्छता मित्रों को प्रधानमंत्री के आगामी मन की बात कार्यक्रम को साथ में सुनने के लिए अपने बूथ पर आमंत्रित भी किया है। वहीं, स्वच्छता मित्रों ने भी मन की बात कार्यक्रम को साथ में सुनने की बात कही है। इस दौरान कुमार अमित ने इन कर्मियों से उनके कार्य के दौरान आने वाली विभिन्न समस्याओं को भी जाना और उसके समाधान के लिए पहल करने की भी बात कही। इस मौके पर बोकारो नगर भाजयुमो महामंत्री लालबाबू, कृष्णा कालिंदी, राम कालिंदी, रंजन कालिंदी, अनूप डोम, प्रसेनजित कालिंदी, विष्णु कालिंदी, अविनाश कालिंदी, राजेश राम आदि उपस्थित थे।

## धमन भट्ठी-4 के नये स्किप ड्राइव सिस्टम पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** धमन भट्ठी विभाग के मानव संसाधन विकास कक्ष में धमन भट्ठी संख्या-4 के नए स्किप ड्राइव सिस्टम पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य महा प्रबंधक (धमन भट्ठी) ने किया। कार्यक्रम में नए स्किप ड्राइव सिस्टम के बारे में विस्तृत रूप से तकनीकी जानकारियों को साझा किया गया। कार्यक्रम में धमन भट्ठी-(विद्यु) अनुभाग के अधिकारीगण और कर्मचारी शामिल थे। इस दिन के कार्यक्रम में धमन भट्ठी के महा प्रबंधक रंजीत, महेंद्र प्रसाद और ईटीएल विभाग के महाप्रबंधक बसंत केशव, सहायक महा प्रबंधक मंतोष कुमार का योगदान सराहनीय रहा।

## कोयला उद्योग को बचाने की लड़ाई के लिए मजदूरों को रहना होगा तैयार : अरुप चटर्जी



आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** विहार कोलियरी कामगार यूनियन की बैठक शनिवार को कुमारधुबी कोलियरी शाखा के भाग्यलक्ष्मी खदान के पास स्थित शेड में संपन्न हुआ। जिसका उद्घाटन जेबीसीसीआई के सदस्य व पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने किया। उन्होंने कहा कि हमारी यूनियन मजदूरों की समस्याओं के प्रति सदैव संवेदनशील रही हैं। विभिन्न फोरम पर हम लोग निजीकरण के प्रति सचेत रहते हैं। उन्होंने कहा कि मजदूरों की एकता के चलते ही यह 11 वां वेतन समझौता शानदार ढंग से संपन्न हो सका। सरकार श्रम कानूनों में संशोधन कर मजदूरों के अधिकारों में कटौती कर रही है। विनीवेशन और शेयर बेचने के माध्यम से निजीकरण करना चाहती है। आने वाले दिनों में मजदूरों को कोयला उद्योग को बचाने की लड़ाई के लिए तैयार रहना होगा। उधर, सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए यूनियन के केंद्रीय सचिव सह मुग्मा क्षेत्रीय अध्यक्ष आगम राम ने कहा कि बीसीकेयू अपने स्थापना काल से मजदूरों के हक-अधिकार और स्वाभिमान की लड़ाई लड़ते आ रहा है। आगे भी सरकार और प्रबंधन की मजदूर विरोध नीतियों के खिलाफ हम लड़ने के लिए तैयार हैं। इस दौरान सम्मेलन को कार्तिक दत्ता और लालू ओझा ने भी संबोधित किया। जबकि कार्यक्रम का संचालन रामजी यादव ने किया। इस दौरान कुमारधुबी कोलियरी शाखा का चुनाव कराया गया, जिसमें अध्यक्ष विनोद यादव, अध्यक्ष गोविंद पांडे, उपाध्यक्ष शुभम विश्वकर्मा, सचिव पिंटू राम, शत्रुघ्न पासवान, जितेंद्र सिंह, संगठन सचिव सोमनाथ कुमार, तापस टुडू, सह संगठन सचिव टिंकू राम, कोषाध्यक्ष हरिप्रसाद सिंह, अरविंद कुमार, सह कोषाध्यक्ष मृत्युंजय मंडल के अलावा उपेंद्र यादव, जीतू बावरी, अविनाश हरिजन, कार्यकारिणी सदस्य चुने गए। सभी चुने गए साथियों का आरूप चटर्जी, आगम राम, कार्तिक दत्ता, लालू ओझा और रामजी यादव द्वारा फूल माला पहना कर स्वागत किया गया।

## धनबाद नगर निगम बन गया है नरक निगम : आनंद महतो



**21 अगस्त को मायुमो करेगी नगर निगम का घेराव**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मार्क्सवादी युवा मोर्चा की बैठक शनिवार को पुराना बाजार स्थित मासस केंद्रीय कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो व संचालन जिला सचिव राणा चटराज ने किया। बैठक में उपस्थित मासस के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक आनंद महतो ने कहा कि धनबाद नगर निगम क्षेत्र नरक निगम क्षेत्र बन गया है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बीमारी का प्रकोप जारी है। बरसात में यत्र-तत्र, गटर-नालियों में मच्छरों का प्रकोप जारी है। नगर आयुक्त को मक्खी-मच्छर मारने की दवा का छिड़काव कर लोगों को राहत देना चाहिए था। लेकिन इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। यहां तक कि निगम द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप लाइन का बिछाव या अन्य विकास के कार्यों में खोदे गए गड्ढे को भरने या मरम्मति करने में महीनों लगा देते हैं। जिससे क्षेत्र प्रदूषित होता चला जाता है। होल्डिंग टैक्स, पानी टैक्स साफ-सफाई समेत कितने टैक्स आम जनता पर लगाए जाते हैं। इन्हीं सभी जनसमस्याओं को लेकर 21 अगस्त को नगर आयुक्त कार्यालय का घेराव प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में मासस जिला उपाध्यक्ष सुभाष चटर्जी, किसान संग्राम समिति के अध्यक्ष एएम पाल, विश्वजीत चटर्जी, राम लाल दा व संजय निंकुम आदि मौजूद थे।

## बेरमो में सादगी से मना मुहर्रम, नहीं निकला जुलूस

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** पेटरवार थाना अंतर्गत खेतको में मुहर्रम के अखाड़ा जुलूस के दौरान करंट लगने से चार लोगों की मौत से फुसरो क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जुलूस नहीं निकाला। इस दौरान क्षेत्र के सभी इमामबाडो में सन्नाटा पसरा रहा। हालांकि इमामबाडा में आने वाले लोगों को मुहर्रम कमेटी के लोगों ने शिरनी का वितरण किया। इधर, मुस्लिम मुहर्रम कमेटी भेड़मुक्का में क्षेत्रिय खिलाड़ी अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन किया। जबकि अमलो बस्ती स्थित अमलो करबला में तंजीम मिल्लत कमेटी द्वारा सादगी से चादर पोसी कराया। मौके पर मो करीम, सदर मनीर अंसारी, फुसरो नप के पूर्व पार्षद जसीम रजा आदि थे।

## जरीडीह के विभिन्न क्षेत्रों में भाईचारे व सौहार्द के साथ मना मुहर्रम

**जैनामोड़/बेरमो (आजाद सिपाही)।** जरीडीह प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में भाईचारे और आपसी सौहार्द के साथ मुहर्रम पर्व संपन्न हुआ। मिलजुल कर तजिया का जुलूस निकाला गया। शांति पूर्ण संचालन में बलराम तिवारी, विधायक के निजी सचिव बिनोद कुमार महतो, राजेश कुमार सिंह, आयुष माथुर, पुरुषोतम पांडेय के साथ ही सभी समुदाय के लोगों का सराहनीय योगदान रहा। जरीडीह के आराजू, गायछंदा, पाथुरीया, बांधडीह, जैनामोड़, तुपकाडीह, टांड़ बालीडीह में तजिया का जुलूस निकाला गया। जैनामोड़ में तीन अखाड़ों में बांधडीह नीचे टोला के कबूल बलाई कमेटी के सदर वहाव अंसारी, सचिव खाजा निसार, अध्यक्ष मोतीम अंसारी, पूर्व सदर सादिक अंसारी, बांधडीह नूरी महल्ला के रजा-ए गौस कमेटी के सदर मो सफिंक अंसारी, सचिव इसहाक अंसारी, अध्यक्ष जानबाबू अंसारी, इकरार अंसारी, मो सिद्धक अंसारी, जैनामोड़ स्थित रजा जामा मस्जिद के सदर खलील अंसारी, सचिव अकबर अंसारी, नायक सदर अलि हसन खान, मुस्तार अंसारी, आफताब आलम, अब्दुल वदूद अंसारी, आजाद अंसारी, जावेद अंसारी के नेतृत्व में निकाली गई।



## कड़ी मशक्कत के बाद रांची एनडीआरएफ की टीम को मिली सफलता

# गोफ में गिरे व्यक्ति का निकाला गया जला-गला शव

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** घनुडीह गांधी चबूतरा के पास शुक्रवार को गोफ की दरार में गिरे 40 वर्षीय परमेश्वर चौहान का शव निकालने के लिए शनिवार को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। परिजन, पुलिस व बीसीसीएल प्रबंधन के लोग घटनास्थल पर पहुंचे। पर गोफ से जहरीली गैस रिसाव के कारण बीसीसीएल की रेस्क्यू टीम ने हाथ खड़े कर दिए। इसके बाद इस दिन सुबह रांची एनडीआरएफ की 15 सदस्यीय टीम इंस्पेक्टर राहुल कुमार सिंह के नेतृत्व में घटनास्थल पहुंची। झरिया सीओ प्रमेश कुशवाहा भी मौजूद थे। सुबह 11 बजे बस्ताकोला माइंस रेस्क्यू के सुपरिटेंडेंट प्रमोद रंजन मुखर्जी भी टीम के साथ पहुंचे व गोफ से निकल रही गैस व आसपास का तापमान की जांच की। इसके बाद शव निकलने का कार्य प्रारंभ हुआ। करीब डेढ़ घंटे के कड़ी परिश्रम के बाद 12.30 बजे शव निकालने में सफलता मिली।



हालांकि मृतक के शरीर का अधिकांश हिस्सा गल चुका था। गोफ से निकल रही गैस में मीथेन की मात्रा अधिक थी। एनडीआरएफ के जवानों ने रस्सी व लोहे के सरिया की मदद से शव का कुछ हिस्सा गोफ से बाहर निकाला।

### झरिया सीओ ने लोगों से की अपील

इंस्पेक्टर राहुल सिंह ने बताया कि जहां पर बॉडी गिरी थी, वहां काफी गर्म था। वहां का तापमान 160 डिग्री के आसपास था। जहां शव पड़ा था, वह बिल्कुल ट्रेन्चनुमा था। वहां से धुआं निकल रहा था। बावजूद इम्प्रोवाइज तरीके से टीम ने लोहे के सरिया का एंगेल बनाकर रस्सी के सहारे फंसा कर शव निकाला। इस दौरान झरिया सीओ ने कहा कि एनडीआरएफ की टीम ने बहुत ही कड़ी मेहनत और रिस्क लेकर शव को निकाला है। पूरा इलाका अग्निप्रभावित व भू धंसान वाला क्षेत्र है। मृतक के परिवार को भी आवास आवंटित है। वे लोग दूसरी जगह पर रह रहे हैं। हालांकि सरकारी नियम के मुताबिक उसके परिजनों को मुआवजा मिलेगा। उन्होंने लोगों से जानमाल की सुरक्षा का ख्याल रखने की अपील की।

### बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश

एनडीआरएफ की टीम के घटनास्थल पर पहुंचने की जानकारी मिलते ही मृतक के पिता बेलगाड़िया निवासी रामू चौहान, भाई विजय चौहान, बहन सुनीता देवी, रेखा देवी, राधा देवी व भतीजा सुमित भी पहुंच गए। परिजनों को रोता बिलखते देख स्थानीय लोगों में बीसीसीएल के खिलाफ आक्रोश देखा गया। बतातें चलें कि इसके पहले भी गांधी चबूतरा में 2002 में जमींदोज होने की बड़ी घटना घटी थी। तब बीसीसीएल और जिला प्रशासन के खिलाफ आक्रोश फूट पड़ा था। गांधी चबूतरा मल्लाहपट्टी आदि स्थान बीसीसीएल के बस्ताकोला क्षेत्र में पड़ता है। प्रबंधन उस स्थान को खाली करने का नोटिस समय-समय पर देता रहा है। रजिस्टर के अनुसार कम से कम 37 बार नोटिस दिया जा चुका है। 2010 के बाद संख्या में तेजी आ गई थी।

## न्यूज रील्स

### मध्य प्रदेश फिर टाइगर स्टेट बना

भोपाल। मध्य प्रदेश को फिर टाइगर स्टेट का तमगा मिला है। एमपी लगातार दूसरी बार, जबकि कुल तीसरी बार टाइगर स्टेट बना है। सबसे पहले 2006 में हुई पहली गणना में प्रदेश पहले पायदान पर था। इसके बाद 2018 और अब 2022 में एमपी नंबर वन रहा है। साल 2022 की गणना में एमपी में बाघों की संख्या बढ़ कर 785 हो गयी है। 563 बाघों के साथ कर्नाटक दूसरे, 560 बाघों के साथ उत्तराखंड तीसरे, जबकि 444 बाघों के साथ महाराष्ट्र चौथे नंबर पर है।

### सुकमा में पुलिस नक्सली मुठभेड़

सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। तलाशी अभियान पर निकले जवानों पर नक्सलियों ने हमला किया है। हालांकि जवानों ने भी नक्सलियों की गोलियों का मुंहतोड़ जवाब दिया है। कोई हताहत नहीं हुआ है।

### पीएम श्री स्कीम की पहली किस्त जारी

नयी दिल्ली। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 के तीन साल पूरे होने पर पीएम नरेंद्र मोदी दिल्ली के प्रगति मैदान अखिल भारतीय शिक्षा समागम में पहुंचे। उन्होंने साढ़े 14 हजार पुराने स्कूलों को स्मार्ट बनाने के लिए पीएम श्री स्कीम के तहत दी जाने वाली रकम की पहली किस्त जारी की।

## ओएसएससी प्रश्नपत्र लीक मामले में कार्रवाई

# 55 अभ्यर्थियों को भेजा कारण बताओ नोटिस



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बालेश्वर एसपी सागरिका नाथ ने ओएसएससी प्रश्नपत्र धोखाधड़ी मामले में ओएसएससी सचिव को पत्र लिखा है। उन्होंने इस मामले में 92 परीक्षार्थियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया कि इन परीक्षार्थियों ने परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र खरीदने के लिए सौदे किये थे। इसके अलावा बालेश्वर के एसपी द्वारा इन परीक्षार्थियों की सूची ओएसएससी सचिव को भी दी गयी है। वहीं, इस मामले में गिरफ्तार 17 लोगों में से कुछ लोग राज्य और केंद्र सरकार के अधीन काम कर रहे हैं।

बालेश्वर एसपी ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए अधिकारियों को पत्र लिखा है। बालेश्वर एसपी के पत्र के बाद ओड़िशा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित जेई मेन सिविल परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में तेजी आ गयी है। ओएसएससी ने 55 परीक्षार्थियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

दूसरी ओर ओएसएससी प्रश्न पत्र लीक मामले पर राजनीति तेज हो गयी है। बीजेपी ने घटना की सीबीआइ जांच की मांग की है। उधर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनमोहन सामला ने कहा कि अगर राज्य सरकार सीबीआइ जांच नहीं कराती है, तो भाजपा वैकल्पिक कदम उठायेगी। उन्होंने कहा कि अगर राज्य सरकार इस मामले में अपनी नैतिकता और स्पष्टता साबित करना चाहती है, तो जांच का जिम्मा सीबीआइ को दे, अन्यथा प्रदेश भाजपा वैकल्पिक कदम उठाने को बाध्य होगी।

वहीं, कांग्रेस ने भी सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाया है। पीसीसी अध्यक्ष शरत पटनायक ने कहा कि प्रश्न पत्र लीक का मामला नया नहीं है, ऐसा पहले भी हो चुका है।

हालांकि, पीसीसी अध्यक्ष ने शिकायत की कि सरकार चुप क्यों बैठी है। वहीं दूसरी ओर सतादल पार्टी बिजेडी का कहना है अब जब इस मामले की जांच चल रही है, तो प्रदेश बीजेपी इतनी परेशान क्यों है।

गौरतलब है कि बालेश्वर पुलिस ने ओड़िशा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित जेइ मेन सिविल परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना में शामिल नौ लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है।

## एमसीएल जागृति महिला मंडल ने बच्ची को आर्थिक सहायता प्रदान की




संबलपुर (आजाद सिपाही)। लड़की पढ़ाओ, देश बढ़ाओ की परंपरा को मद्देनजर रखते हुए जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा पद्मजा सिंह के कुशल निर्देशन में समाजसेवा की कड़ी में 25 जुलाई को रजनीगंधा क्लब में मंडल की उपाध्यक्षा सरिता पटेल रश्मि बेहूरा तथा अंजली बापट तथा सदस्याओं की उपस्थिति में एक नन्ही बालिका की वार्षिक फीस के लिए 12,360 रुपये प्रदान की गयी। बालिका संत लुकस विद्यालय की कक्षा 2 की छात्रा हैं। 12,360 रुपये का चेक उनके अभिभावक को प्रदान की एवं बालिका के सुनहरे भविष्य की शुभकामना दी ।

## सीएमडी ने हैदराबाद में की स्वस्थ हो रहे एचइएमएम ऑपरेटर से मुलाकात



संबलपुर (आजाद सिपाही)। महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक ओपी सिंह ने ड्यूटी पर दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल एचईएमएम संचालक डोलामणि प्रधान से मिलने के लिए हैदराबाद का दौरा किया, जो हैदराबाद के एक सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल में स्वस्थ हो रहे हैं। सीएमडी ने इलाज की देखरेख कर रहे विशेषज्ञ सर्जन से श्री प्रधान के स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी ली। श्री प्रधान ने अपने स्वास्थ्य और उपचार के बारे में जानकारी दी और सीएमडी ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## टाटा स्टील मेरामंडली ने भारत रत्न जेआरडी टाटा की 119वीं जयंती मनायी



भुवनेश्वर नरेंद्रपुर (आजाद सिपाही)। टाटा स्टील मेरामंडली ने ढेंकनाल जिले के ओडापड़ा ब्लॉक में अपने मेरामंडली संयंत्र में बहु आडंबर के साथ भारत रत्न जेआरडी टाटा की 119वीं जयंती मनायी गयी। टाटा स्टील मेरामंडली के चीफ आयरन मेकिंग अमित सिंह और कंपनी के अन्य अधिकारियों ने भारत रत्न जेआरडी टाटा को पुष्पांजलि के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की। उत्सव के हिस्से के रूप में, पारिकुल हाई स्कूल में जेआरडी टाटा की जीवनी और योगदान पर एक सत्र के साथ एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गयी। साथ ही आवासीय कॉलोनी में रहनेवाले कर्मचारियों और परिवार के सदस्यों के लिए शतरंज और धीमी साइकिल चालन का आयोजन किया गया।

## एमसीएल : कौशल प्राप्त सभी 69 युवाओं को मिली नौकरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) की सीएसआर पहल के तहत सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीआइपीइटी) द्वारा प्रशिक्षित कोयला परियोजनाओं के परिधीय क्षेत्रों के सभी 69 युवाओं को अग्रणी कंपनियों में नौकरी मिली। कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले बैच के समापन समारोह में, सभी 69 युवाओं को विभिन्न प्रमुख उद्योगों से नियुक्ति पत्र सौंपे गये।

एमसीएल भुवनेश्वर कार्यालय के महाप्रबंधक जीएस जॉली ने समापन समारोह में एमसीएल का प्रतिनिधित्व किया। श्री जॉली ने युवाओं को रोजगार योग्य बनाने के लिए सीआइपीइटी की सराहना की और उद्योगों में उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एमसीएल ने अपने परिचालन क्षेत्रों के युवाओं को 6 महीने का आवासीय कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए सीआइपीइटी भुवनेश्वर के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है।

खदानों के परिधीय क्षेत्रों के कम से कम 1000 युवाओं को सीआइपीइटी, भुवनेश्वर में 'ब्लो मोल्डिंग, प्लास्टिक प्रोसेसिंग, सीएनसी लेथ और इंजेक्शन मोल्डिंग में विशेषज्ञता के साथ मशीन संचालन' में प्रशिक्षित किया जायेगा।




## पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक ने की संबलपुर में परियोजनाओं की समीक्षा




आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक मनोज शर्मा ने शनिवार को अपने संबलपुर दौरे में संबलपुर मंडल के मंडल रेल अधिकारियों के साथ चल रही परियोजनाओं की समीक्षा की। श्री शर्मा ने सरला स्टेशन पर फ्रेट वैगनों के लिए रूटीन ओवर-हॉलिंग सुविधा के साथ हीराकूद रेलवे स्टेशन और फ्रेट ट्रेन रखरखाव सुविधा का भी निरीक्षण किया। परियोजनाओं की समीक्षा और हीराकूद स्टेशन और निर्माणाधीन आरओएच का निरीक्षण करते हुए श्री शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को विभिन्न परियोजना कार्यों को तेजी से पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। श्री शर्मा ने अधिकारियों को परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए राज्य सरकार के अधिकारियों सहित हितधारकों के साथ समन्वय करने की भी सलाह दी। सरला स्टेशन पर फ्रेट वैगनों के लिए रूटीन ओवर-हॉलिंग सुविधा के साथ फ्रेट ट्रेन रखरखाव सुविधा को वर्ष 2017-18 में मंजूरी दी गयी थी और इसे मानेस्वर स्टेशन पर स्थापित करने का प्रस्ताव था। बाद में, व्यवहार्यता को देखते हुए परियोजना को सरला रोड स्टेशन पर स्थानांतरित कर दिया गया और परियोजना का अनुमान 149.37 करोड़ रुपये की लागत पर स्वीकृत किया गया। इसके अलावा इस परियोजना के निर्माण के लिए पूर्व तट रेलवे और राइट्स के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये। कुल मिलाकर, परियोजना का 65% निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और युद्ध स्तर पर काम चल रहा है। इसके अलावा मनोज शर्मा ने हीराकूद रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और स्टेशन पर रेल ढांचागत विकास का जायजा लिया। हीराकूद रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास किया जायेगा। समीक्षा बैठक में संबलपुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनीत सिंह, संबलपुर मंडल के शाखा अधिकारी उपस्थित थे।

## वेदांता एल्युमीनियम ने मानसून की तैयारी में लोगों की मदद की



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर, झारसुगुडा।** वेदांता एल्यूमीनियम ने ओडिशा के झारसुगुडा के निवासियों को मानसून की शुरूआत के लिए तैयार करने में मदद कर रहा है। हालाकि कंपनी ने इस मौसम के दौरान समुदाय की पानी और स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक सक्रिय कदम उठाया है। वेदांता एल्यूमीनियम झारसुगुडा ने क्षेत्र के बुनियादी ढांचे की रक्षा के लिए, सुनारीमुंडा से डीएवी स्कूल परिसर और मां समलेश्वरी नगर झारसुगुड़ा तक जल निकासी प्रवाह का साफ करके जलापूर्ति प्रणाली सुनिश्चित की है। वर्षा जल निकासी की समस्याओं को रोकने के लिए अतिरिक्त संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान करके उपचारात्मक उपाय किये गये हैं। इस पहल के हिस्से के रूप में, वेदांता ने झारसुगुड़ा जिले के बडमाल, कटिकेला और डालकी गांव के 10 समुदायों के तालाबों की सफाई और पुनरुद्धार किया है।

कंपनी के मानसून कार्यक्रम पर टिप्पणी करते हुए सुनील गुप्ता सीओओ, वेदांता लिमिटेड-एल्यूमीनियम बिजनेस ने कहा कि हमारे समूह की भलाई हमारे लिए महत्वपूर्ण है। हमारा लक्ष्य उनकी जीवनशैली में सुधार लाना है। हम व्यापक मानसून कार्यक्रमों के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता पैदा करने और समूहों के प्रति पोषण पर ध्यान केंद्रित करते हैं। इन चुनौतियों का सामूहिक रूप से समाधान करके, हम सभी के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण बना सकते हैं।













## झूठी जानकारी देना पड़ गया महंगा, नौकरी से विदा किये गये सहायक अभियंता

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बरगड़ बीजेपुर आरडब्ल्यूएसएस के सहायक अभियंता उपेंद्र भंज नाएक ने नौकरी से विदा कर दिये गये। ट्रायल के दौरान गलत जानकारी देने के आरोप में उनके खिलाफ कार्रवाई की गयी है। विजिलेंस की ओर से सरकार को उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सिफारिश किया गया था। विजिलेंस ने आवास और शहरी विकास विभाग को यह सिफारिश की थी। उपेंद्र के खिलाफ कार्रवाई विजिलेंस के अनुरोध के बाद की गयी थी। गौरतलब है कि 2011 में उपेंद्र बरगड सोहेला आरडब्ल्यूएसएस सेक्शन के जेइ रहे थे। उपेंद्र की गलत जानकारी के कारण बरगड डिविजन इइ ऑफिसर के सीनियर क्लर्क आनंद सराफ को मुक्त कर दिया गया था। आनंद सर्राफ रिश्वतखोरी के एक मामले में आरोपी थे।

## ओड़िशा केंद्रीय विवि के पूर्व कुलपति प्रो आइ रामब्रह्म को श्रद्धांजलि दी गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के दिवंगत पूर्व कुलपति प्रोफेसर आइ रामब्रह्म की दूसरी पुण्यतिथि के अवसर पर विश्वविद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर चक्रधर त्रिपाठी ने बैठक में दिवंगत पूर्व कुलपति को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कुलपति एवं वित्त अधिकारी प्रो नृसिंह चरण पांडा, परीक्षा नियंत्रक डॉ प्रशांत मेश्राम, सलाहकार शिक्षाविद प्रो सुधेंदु मंडल, प्रो विभाष चंद्र झा, डीन प्रोफेसर शरत कुमार पलिता, प्रोफेसर बागची और प्रोफेसर हेमराज मीणा, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ कपिला खेमुंडू सहित सभी कर्मचारियों ने प्रोफेसर रामब्रह्मा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर चक्रधर त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक मिश्रित मोड में आयोजित की गयी थी। प्रो मंडल ने कहा कि प्रो रामब्रह्मा एक दूरदर्शी कुलपति और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक वैज्ञानिक थे। प्रो पालिता ने उन विभिन्न विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। प्रो पांडा ने विश्वविद्यालय समुदाय से पूर्व कुलपति के सपने को साकार करने के लिए विश्वविद्यालय के विकास के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने का आह्वान किया। प्रोफेसर झा ने जवाब दिया कि प्रोफेसर रामब्रह्मा के विचारों को सूचीबद्ध किया जायेगा और हम इस प्रवृत्ति पर काम करेंगे। मीणा, डॉ खेमुंडू, डॉ गुप्ता, डॉ रामेंद्र कुमार पाढ़ी, डॉ काकोली बनर्जी, डॉ प्रदोष कुमार स्वैन, डॉ दिलीप पटनायक, डॉ फागुनाथ भोई और जितेंद्र पांडा ने स्वर्गीय प्रो रामब्रह्म के साथ बिताये स्मृतियों को याद किया। प्रस्ताव किया गया कि विश्वविद्यालय पूर्व कुलपति स्वर्गीय प्रोफेसर रामब्रह्म की स्मृति में हर साल 28 जुलाई को प्रो रामब्रह्म के विषय राजनीति विज्ञान में एक नया पीजी कोर्स शुरू करेगा।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**